सूर्योदय : 6:37
सूर्यास्त : 6:02
अधिकतम तापमान : 29.0
न्यूनतम : 15.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-240 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025
22 शाबान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# रेखा गुप्ता बनीं दिल्ली की नौवीं सीएम

## प्रवेश वर्मा समेत छह विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ, विभागों का भी हुआ बंटवारा

- पीएम मोदी, अमित शाह, राजनाथ समेत कई वरिष्ठ नेता रहे मौजूद

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ की पूर्व अध्यक्ष और पहली बार विधायक निर्वाचित रेखा गुप्ता गुरुवार को दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री बन गईं। राजधानी के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने हिंदी में, ईश्वर के नाम पर शपथ ली।

रेखा गुप्ता के बाद प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, रविंद्र इंद्राज और पंकज कुमार सिंह ने नयी मंत्रिपरिषद के सदस्य के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सत्ता में वापसी हो गई। हाल ही में संपन्न दिल्ली विधानसभा चुनाव में रेखा गुप्ता शालीमार बाग से विधायक निर्वाचित हुई हैं। वह मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज के बाद दिल्ली में भाजपा की चौथी मुख्यमंत्री बनी हैं। इसके साथ ही वह, वर्तमान में भाजपा शासित किसी भी राज्य में एकमात्र महिला मुख्यमंत्री भी बन गई हैं। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। इनके अलावा चंद्रबाबू नायडू, देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे, अजीत पवार और पवन कल्याण सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी इस समारोह के साक्षी बने। रामलीला मैदान में कई गणमान्य हस्तियां और बड़ी संख्या में आम लोग भी उपस्थित थे।



### रेखा गुप्ता के पास गृह और वित्त विभाग की जिम्मेवारी

दिल्ली में सरकार गठन के बाद अब विभागों का भी बंटवारा हो गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पास गृह और वित्त विभाग रहेगा। मनजिंदर सिंह सिरसा को उद्योग, पर्यावरण मंत्रालय दिया गया है। नवगठित दिल्ली मंत्रिमंडल में निम्नलिखित मंत्री और उनके विभाग शामिल हैं -मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता- वित्त, राजस्व, भूमि, योजना, सामान्य प्रशासन, महिला एवं बाल विकास व अन्य ऐसे मंत्रालय जो किसी अन्य के पास नहीं हैं।

# लोकपाल के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

- हाईकोर्ट न्यायाधीश के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के एक वर्तमान न्यायाधीश के खिलाफ शिकायतों पर विचार करने संबंधी लोकपाल के आदेश पर बृहस्पतिवार को रोक लगाते हुए इसे ''अत्यधिक परेशान करने वाला'' और न्यायपालिका की स्वतंत्रता को प्रभावित करने वाला आदेश करार दिया।

न्यायमूर्ति बी आर गवई की अगुवाई वाली विशेष पीठ ने नोटिस जारी कर केंद्र, लोकपाल रजिस्ट्रार और उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाले व्यक्ति से जवाब मांगा है। इस पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति अभय एस ओका भी शामिल हैं। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 के दायरे में कभी नहीं आते। पीठ ने शिकायतकर्ता को न्यायाधीश का नाम उजागर करने से रोक दिया है। उसने शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत गोपनीय रखने का भी निर्देश दिया। लोकपाल द्वारा 27 जनवरी को पारित आदेश पर उच्चतम न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लेकर कार्यवाही शुरू की है।

न्यायालय ने कहा, ''भारत संघ, लोकपाल के रजिस्ट्रार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी करें। रजिस्ट्रार (न्यायिक) को निर्देश दिया जाता है कि वह शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखे और उसे उस उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) के माध्यम से नोटिस भेजे, जहां शिकायतकर्ता रहता है।

योगी 2.0 सरकार

## वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने 8,08,736 करोड़ रुपये का बजट किया पेश

# चार एक्सप्रेस-वे, स्कूटी, दो फ्री सिलेण्डर का तोहफा

### 9वां बजट

- लेखपालों के लिए खुलेंगे आठ ट्रेनिंग सेंटर, लैपटॉप व स्मार्टफोन के लिए 24 करोड़ प्रस्तावित
- 50 हजार करोड़ से सुधरेगी यूपी वालों की सेहत, मेडिकल कॉलेज की सीटें भी बढ़ेंगी
- प्रदेश के इतिहास का है सबसे बड़ा बजट, 8.8 लाख करोड़ की हुईं घोषणाएं
- युवाओं को ब्याज मुक्त लोन
- सौर ऊर्जा परियोजना के लिए 150 करोड़ रुपये मंजूर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का गुरुवार को पेश किया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने आठ लाख, आठ हजार 736 करोड़ का बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए बजट में कई बड़े एलान किए हैं। यूपी सरकार ने इस बजट में युवाओं को लुभाने के लिए कई घोषणाएं की हैं।

युवाओं को नौकरियों के साथ स्टार्टअप और उद्योग के लिए ब्याजमुक्त लोन देने का प्रवाधान किया गया है। साथ ही छात्राओं को स्कूटी देने का प्रावधान किया गया है। साथ ही प्रदेश में यातायात को सुगम करने के लिए चार नए एक्सप्रेसवे का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा राजकीय एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/चिकित्सा संस्थानों/विश्वविद्यालयों स्थापित करने के लिए भी बजट में व्यवस्था की गई है। वर्ष 2017 से दिसम्बर 2024 तक आरक्षी एवं समकक्ष, उप निरीक्षक एवं समकक्ष तथा लिपिक संवर्ग आदि के विभिन्न पदों पर कुल 1,56,206 भर्तियां की गई।

वर्तमान में अराजपत्रित श्रेणी के विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती के 92.919 पदों पर भर्ती हेतु कार्यवाही प्रचलित है। लगभग 96 लाख एमएसएमई इकाईयों की संख्या तथा 1.65 करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से उत्तर प्रदेश देश के सभी राज्यों में अग्रणी है। वर्तमान में प्रदेश में राजकीय एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/चिकित्सा संस्थानों/ विश्वविद्यालयों में एमबीबीएस की 11,800 सीटें और पीजी की 3971 सीटें उपलब्ध है। केन्द्र सरकार ने वर्ष 2025-2026 में यूजी पीजी की कुल 10,000 सीटें जोड़े जाने की घोषणा की गई है, जिसमें से 1500 सीटें उत्तर प्रदेश को प्राप्त होंगी। इसके लिए लगभग 2066 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वर्ष 2017 में सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशियलिटी की कुल सीटों की संख्या 120 थी।

### 40 हजार करोड़ से बदलेगी शहरों की सूरत

बजट में सरकार ने छोटे शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने के संकल्प को दोहराया है। इसके लिए सरकार ने बजट में शहरी सुविधाओं के विकास पर 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि की व्यवस्था की है। सरकार का मानना है कि शहर ही प्रदेश के विकास के ग्रोथ इंजन हैं, इसलिए शहरों का विकास सरकार की प्राथमिकता में है। बजट में सरकार ने पहले चरण में जिला मुख्यालय वाले 50 नगर पालिका परिषद वाले शहरों को आदर्श स्मार्ट सिटी बनाने का एलान किया है। इसके लिए नगर विकास विभाग आदर्श स्मार्ट नगर निकाय के नाम से नई योजना शुरू करेगा। सरकार ने नगर विकास और आवास विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में 40009.85 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। इस राशि से सड़क, नाली, पार्क या फिर अन्य जरूरी कार्य होंगे। ये सभी काम आदर्श स्मार्ट नगर निकाय योजना के तहत कराए जाएंगे।

- श्री बांके बिहारी जी मंदिर मथुरा-वृन्दावन कॉरिडोर के निर्माण व भूमि क्रय हेतु 150 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं।
- मीरजापुर के त्रिकोणीय क्षेत्र में परिक्रमा पथ एवं जन सुविधाओं के विकास हेतु भूमि खरीद व निर्माण के लिए



### आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स

उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति 2017 के अन्तर्गत 23.203 करोड़ रुपये तथा उत्तर प्रदेश सूचना प्रौद्योगिकी नीति-20217 के अन्तर्गत 7,004 करोड़ रुपये का निवेश प्रदेश में हुआ है। प्रदेश सरकार की डाटा सेन्टर नीति के अन्तर्गत पूर्व लक्षित 03 डाटा सेन्टर पार्क्स के स्थान पर संशोधित नीति के अन्तर्गत प्रदेश में 30,000 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से 08 डाटा सेन्टर पार्क्स की स्थापना तथा 900 मेगावॉट क्षमता का लक्ष्य रखा गया है।

### युवाओं और किसानों को खुशहाली देगा बजट : योगी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को वित्त वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट सनातन संस्कृति की सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा के अनुरूप गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बृहस्पतिवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 8,08,736 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बाद में विधान भवन के तिलक हाल में संवाददाताओं से बातचीत में आदित्यनाथ ने बजट की सराहना की।

उन्होंने कहा कि 2025-26 का यह बजट सनातन संस्कृति की सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा के अनुरूप गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करते हुए 'वंचित को वरीयता इस बजट का केंद्रीय भाव है।' उन्होंने कहा कि 2025 का बहुत महत्व है, जो भारतीय संविधान के कार्यान्वयन और जनवरी, 1950 में उत्तर प्रदेश की स्थापना के अमृत महोत्सव दोनों को चिह्नित करता है। उन्होंने कहा, शानदार 75 साल की यात्रा के साथ, यह एक महत्वपूर्ण बजट है जो राज्य के भविष्य की रूपरेखा तैयार करता है और अगले 25 वर्षों की योजनाओं का आधार तैयार करता है।

### बजट ढोल की तरह अंदर से खोखलाः अखिलेश



योगी सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि ये भाजपा सरकार का नौवां बजट है। ये बजट नहीं बल्कि बहुत बड़ा ढोल है जिसमें आवाज तो बहुत है पर अंदर से खोखला है। उन्होंने कहा कि इसे देखकर किसानों की उम्मीदों का खेत सूख गया है। महिलाओं के माथे पर घर चलाने की चिंता की लकीरें उभर आई हैं। आम जनता के लिए इसमें कुछ नहीं है लोग कह रहे हैं कि सरकार का प्रवचन तो गया है अब बजट कब आएगा।

### मध्यम वर्ग का तुष्टिकरण किया : मायावती



बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूपी के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर कहा कि यूपी सरकार द्वारा विधानसभा में आज पेश 2025-26 का बजट यदि व्यापक जनहित व जनकल्याण का ज्यादा होता तो यह बेहतर होता, जबकि बजट में महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन को दूर करने व आमजन की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के प्रति पर्याप्त सरकारी नीयत-नीति का अभाव है। ऐसे सही विकास कैसे संभव है? कुल मिलाकर, यूपी भाजपा सरकार का बजट भी पेट भरे मध्यम वर्ग के तुष्टीकरण वाला है जबकि सरकारों की असली चिन्ता व संवैधानिक दायित्व करोड़ों परिवारों की दरिद्रता को दूर करके सुख-चैन पहुंचाने वाला सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय के उद्देश्य की पूर्ति का होना चाहिए।

# लूटे गए हथियारों को एक हफ्ते के भीतर लौटाएं, नहीं होगी कार्रवाई

- मणिपुर के राज्यपाल ने की जनता से अपील




**इंफाल।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने हिंसाग्रस्त राज्य के लोगों से सात दिनों के भीतर लूटे गए और अवैध रूप से रखे गए हथियारों को स्वेच्छा से सौंपने का आग्रह किया है। राज्यपाल ने आश्वासन दिया कि इस अवधि के दौरान हथियार छोड़ने वालों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि सात दिनों की अवधि समाप्त होने के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी। राज्यपाल की ओर से जारी बयान में कहा गया, शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को प्रभावित करने वाली दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के कारण बीचे बीस महीनों से घाटी और पहाड़ी दोनों में मणिपुर के लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी समुदायों को शत्रुता को समाप्त करने और समाज में शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए, ताकि लोग अपनी रोजमर्रा की गतिविधियों में लौट सकें। इसको लेकर मैं ईमानदारी से सभी समुदायों के लोगों, खासकर घाटी और पहाड़ी के युवाओं से आग्रह करता हूं कि वे स्वेच्छा से आगे आएं और लूटे गए और अवैध रूप से रखे गए हथियारों, गोला-बारूद को नजदीकी थानों/ चौकियों या सुरक्षा बलों के शिविर में आज से अगले सात दिनों के भीतर सौंप दें। राज्यपाल ने कहा कि हथियार लौटाने का यह कदम शांति कायम रखने के लिए एक प्रभावी कदम हो सकता है। उन्होंने कहा,मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि अगर ऐसे हथियार तय समय के भीतर वापस कर दिए गए, तो कोई दंडात्मक कार्रवाई शुरू नहीं की जाएगी। इसके बाद ऐसे हथियार रखने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एन. बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद पूर्वोत्तर राज्य में अनिश्चितता बनी हुई थी। इसके बाद केंद्र ने 13 फरवरी को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया था। गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, मणिपुर विधानसभा को भंग कर दिया गया है, जिसका कार्यकाल 2027 तक है।


### बेरोजगारी और महंगाई देश में बड़ा मुद्दा : राहुल गांधी

**रायबरेली।** लोकसभा में एलओपी और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आज अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दौरे पर हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश के सामने दो बड़े मुद्दे हैं।



पहला है बेरोजगारी... दूसरा मुद्दा है महंगाई। हमें ऐसा भारत नहीं चाहिए जहां किसान के बेटे को कड़ी मेहनत करने और प्राइवेट यूनिवर्सिटी में लाखों रुपये देने के बाद भी रोजगार न मिल सके। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी और जीएसटी लागू करके छोटे व्यापारियों को बर्बाद कर दिया है। यह नीति उनके और अडानी और अंबानी जैसे लोगों के बीच एक साझेदारी थी। राहुल ने कहा कि यूपी के युवाओं को रोजगार नहीं मिल सकता है, लेकिन उन्हें तेलंगाना या कर्नाटक में मिल सकता है। आप वहां जाकर मजदूरी कर सकते हैं। राहुल गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे के दौरान रायबरेली के एक मंदिर में पूजा की। उन्होंने दावा किया कि आज देश की संपत्ति जैसे एयरपोर्ट, पोर्ट, इंफ्रास्ट्रक्चर, कोल, रेलवे सब बिक रहा है।

### वासुदेव घाट पर यमुना आरती, सभी मंत्रियों के साथ मौजूद रहीं सीएम रेखा गुप्ता



**नई दिल्ली।** यमुना के वासुदेव घाट पर यमुना आरती की गई है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ आरती में शामिल हुईं। वासुदेव घाट यमुना नदी के पश्चिमी तट पर यमुना घाट और निगम बोध घाट के बीच स्थित है, जो कश्मीरी गेट में है। यह पहला घाट है जिसे दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने बनवाया है। इसका उद्घाटन मार्च 2024 में दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने किया था। इससे पहले, यह 1.5 फुट गहरे गाद जमा होने और एक खड़ी ढलान के कारण दुर्गम था जो कचरे से भरा हुआ था। शपथ लेने के बाद गुप्ता दिल्ली सचिवालय पहुंचे और दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। उनके साथ राज्य भाजपा प्रभारी बैजयंत पांडा और प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत पार्टी नेता भी मौजूद थे। कार्यभार संभालने के बाद गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा कि उनकी सरकार विकसित दिल्ली के मिशन को साकार करने में एक भी दिन बर्बाद नहीं करेगी।

## गांव के बाहर संदिग्ध हालत में युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** ।थाना खीरी क्षेत्र के एक गांव के बाहर संदिग्ध हालत में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना खीरी क्षेत्र के गांव रूखिया निवासी मोतीलाल के 23 वर्षीय बेटे रामेश्वर दयाल का देर शाम गांव के बाहर संदिग्ध हालात में शव पाया गया। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के पिता मोतीलाल ने बताया कि उनका रामेश्वर दो भाई में सबसे छोटा था। वह एसडीएम धौरहरा के आवास पर खाना बनाने का काम करता था, इसीलिए वह लखीमपुर रूकता था। ऐसे में घर भी कभी कभार ही आता था। बुधवार की देर शाम वह घर वापस आ रहा था। लेकिन वह घर नहीं पहुंचा।

घर से करीब सात सौ मीटर की दूरी पर गांव के बाहर उसका शव संदिग्ध हालात में बरामद हुआ। परिजनों ने युवक के सिर पर किसी धारदार हथियार से हमला करने की आशंका जताई है।

### मौसम में हुआ बदलाव बारिश होने की जताई गई संभावना

**लखीमपुर-खीरी।** बृहस्पतिवार को सुबह मौसम में बदलाव हो गया। आसमान में बादल छा गए। बारिश होने की संभावना जताई गई है। तापमान में भी कमी आई है। सुबह के वक्त जिले के कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी भी हुई। बूंदाबांदी होने से मौसम ठंडा हो गया। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ रहे तापमान से गर्मी का एहसास होने लगा था।

### 01 नफर वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना शारदानगर पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी अभियुक्त पुतान उर्फ पुतानी पुत्र मैकू निवासी ग्राम नौधन पटना थाना शारदानगर जनपद खीरी सम्बन्धित अ0सं0 1102/2004 धारा 326/452/323/504/506 भादवि को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### कुएं में गिरकर हुई बच्चे की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** थाना खीरी क्षेत्र के एक गांव निवासी बच्चे की कुएं में गिरकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही घरवालों का रो रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना खीरी क्षेत्र के गांव बेल्हौरा तेलियनपुरवा निवासी पतराखन का नौ वर्षीय बेटा आकाश सुबह खेलते-खेलते कुएं के पास जा पहुंचा। आकाश कुए में अचानक गिर गया। बताते हैं कुएं में पानी नहीं था, आकाश की कीचड़ में धंसने से मौत हो गई। घटना की जैसे ही ग्रामीणों को जानकारी हुई तो वह फौरन बच्चे को कुएं से निकालने का प्रयास करने लगे। हादसे में आकाश की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### धूमधाम के साथ मनाया गया लक्ष्मी नारायण मंदिर का 28 वां वार्षिकोत्सव

**लखीमपुर-खीरी।** गोला गोकर्णनाथ में चीनी मिल के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर का 28 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिर के पुजारी दयानंद पांडे ने मुख्य यजमान चीनी मिल के यूनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन और उनकी पत्नी सीमा सिंह द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कराया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पीएस चतुर्वेदी,पीसी गुप्ता, आरके मिश्रा, संदीप कटियार,अनुराग गुप्ता, धर्मेंद्र सचान, चेतराम सिंह, रितेश दुबे सहित श्रमिक यूनियन के पदाधिकारी नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। हवन पूजन एवं आरती के बाद सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया।नगर के प्रमुख मंदिरों के पुजारियों एवं ब्राह्मणों को वस्त्र व दक्षिणा देकर भोजन कराया गया।

### आगरा में सड़क हादसे में महिला की मौत व 2 घायल, तीन साल का बच्चा मां के शव के पास रोता रहा

**आगरा।** महानगर में इन दिनों आए दिन दर्दनाक हादसे देखने को मिल रहे हैं। ताजा मामले में गुरूवार को तेज रफ़्तार ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। ट्रक चालक मौके से भाग गया। महिला के साथ उसका बच्चा भी था पर उसके खरोंच तक नहीं आई है। बच्चा शव के पास बैठकर रोता रहा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। सैंया क्षेत्र में प्रकाश पेट्रोल पंप के पास तेज रफ़्तार से आ रहे ट्रक ने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। बाइक पर पति-पत्नी, साली और एक बच्चा बैठा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक से बाइक टकराने पर बेकाबू होकर नीचे जमीन पर गिर पड़ी। बाइक से गिरने के कारण चालक सुल्तान सिंह और उनकी साली घायल हो गई, जबकि पत्नी रजनी की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। रजनी की गोद तीन साल का बच्चा भी था पर उसे खरोंच तक नहीं आई है। घटना के बाद बच्चा मां के शव के पास बैठकर रोता रहा। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायलों को अस्पताल भेजा गया है।

### संत रविदास के आदर्शों को जीवन में अपनाने पर दिया जोर

**सहारनपुर।** संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती के उपलक्ष में आयोजित संत समागम समारोह में संत रविदास महाराज के आदर्शों पर चलने को प्रेरित किया गया। गांधी पार्क स्थित जनमंच सभागार में आयोजित संत समागम समारोह को संबोधित करते हुए ग्लोबल रविदासिया वेलफेयर आर्गेनाईजेशन यूरोप के अध्यक्ष डॉक्टर केशव व राम प्रकाश ने कहा कि संत रविदास महाराज ने सभी को सामाजिक समरसता का पाठ पढ़ाया है और सभी को अच्छे कार्य करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेयर डॉक्टर अजय सिंह ने कहा कि संत रविदास महाराज का जीवन हमारे लिए प्रेरणादायक है, जो हमें सदैव ही अच्छे मार्ग पर चलने को प्रेरित करता है।

## विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगीः दुर्गा शक्ति नागपाल

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने दफ्तर में राजस्व से संबंधित सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिले में चल रही योजनाओं और राजस्व कार्यों और कर-करेत्तर के तहत प्राप्तियो की विभागवार, बिंदुवार मासिक समीक्षा बैठक की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाय। बैठक का संचालन एडीएम डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि सभी अधिकारियों को अपने लक्ष्य की कार्ययोजना बनाकर मूर्त रूप देने का निर्देश दिया। निर्देश दिए कि विशेष अभियान चलाकर लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। डीएम ने संबंधित अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी



स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य में नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी डीएम ने वाणिज्य कर, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत देय, नगर विकास, मंडी, वन, सिंचाई, खनन, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर, गोला, विधिक माप विज्ञान के अफसरों से मासिक लक्ष्य की प्रगति, क्रमिक लक्ष्य की प्रगति गत वर्ष की उपलब्धि के सापेक्ष वृद्धि प्रतिशत की गहन समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए इसके बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने राजस्व विभाग से संबंधित सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिले में चल रही योजनाओं की कलेक्ट्रेट में समीक्षा की। उन्होंने विभागवार योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली।

उन्होंने उद्योग विभाग, आबकारी विभाग, खनन विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, बाटमाप, मण्डी विभाग, राजस्व विभाग आदि विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई बैठक के दौरान डीएम ने विभागीय अफसरों से सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित हो रहे कार्यों के प्रगति की रैंकिंग के संबंध में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लोग अपने-अपने विभागों की सीएम डैशबोर्ड से संबंधित कार्यो, योजनाओं की बराबर समीक्षा करते रहें, ताकि सीएम डैशबोर्ड पर विभाग की रैंकिंग खराब न होने पाए, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा कि निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समय अवधि में निस्तारण करें। कहा कि संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लें। सभी विभाग छोटी से छोटी कमी पर ध्यान देते हुए अपनी रैंकिंग में सुधार लाएं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट में राजस्व विभाग के गत माह की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण को लेकर निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों का त्वरित निस्तारण किया जाए। एसडीएम अपने अधीनस्थ न्यायालयो की स्वयं नियमित रिव्यू करे।

## भगवत गीता में श्री कृष्ण कहते है अर्जुन जो चले गये है या जो है उनके लिए शोक नहीं करना चाहिए

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** चिन्मय मिशन के तत्वाविधान से 7 दिवसीय ज्ञान यज्ञ का आयोजन बलवीर सिंह के आवास पर हो रहा। कार्यक्रम की शुरुवात राजेंद्र प्रसाद तिवारी कंटक ने भजन सुना करके प्रारम्भ किया।।कार्यक्रम के चौथे दिन मिशन साध्वी ने भगवत गीता की व्याख्या करते हुए बताया कि अर्जुन अपने सगे सम्बन्धियों को देखकर रणभूमि में शोक मोह से ग्रस्त हो गया। तब भगवान श्री कृष्ण कहते है अर्जुन अशोच्यानन्वशोचस्त्वं प्रज्ञावादांश्च भाषसे गतासूनगतासूंश्च नानुशोचन्ति पण्डिताः अर्जुन - जो चले गये है या जो है उनके लिए शोक करना नहीं चाहिए किसी भी प्राणी के लिए शोक उचित नहीं है। विद्वान को यही पहचान है। नानुशोचन्ति पण्डिताः (छांदोग्य उपनिषद) तरति शोकम आत्मवित् शोक-मोह से विद्वान पार हो जाता है। संसार में जो भी जन्मा है। उसका यह कर्तव्य होना चाहिए वह भगवत् गीता




पढ़े समसे और अपने मनुष्य देह को सफल बनाये ।सायंकालीन प्रवचन मे रामचरित मानस पर वृतांत पर कहा जग मे दो ही सुंदर नाम चाहे कृष्ण कहो या राम..उन्होंने भगवान के राम के महत्व को बताया की भगवान के नाम आजामिल के पुत्र का नाम नारायण था तो अपने पुत्र के नाम पर मोक्ष को प्राप्त किया। हरि नाम नहीं तो जीना क्या हरि का नाम के बिना इस जीवन मे कुछ नहीं।कैसे भी भगवान के नाम को जपे राम के नाम जपना चाहिए ज़ब हनुमान जी लंका गए तो विभीषण द्वारा राम के नाम का जप करते देख सोचा यहाँ भी कोई भगवान राम का भक्त है जो साधु स्वरुप है उसी के रूप मे भगवान ने उनका उद्धार हुआ। ज़ब हम. भगवान का नाम जप करते है तो भगवान हमारा अपने पुत्र के रूप मे रक्षा करते है इस अवसर पर कार्यकम आयोजक व चिन्मय मिशन के जिला अध्यक्ष बलवीर सिंह, संरक्षक नरायण सिंह,मंत्री विष्णु दत्त अवस्थी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ नरेंद्र सिंह, जिला मंत्री बृजेश सिंह,अपर मुख्य अधिकारी जागन सिंह, इंजिनियर राकेश सिंह सदस्य जिला पंचायत राम शंकर राज संतोष सिंह सेंगर, जिला पंचायत अध्यक्ष सुमन सिंह, संचालक जिला सहकारी बैंक अंजली सिंह,रामवीर सिंह, सीवेश सिंह, दयानन्द शुक्ला,रामचंदर यादव, महावीर सिंह, राधा सिंह आदि सैकड़ो भक्त उपस्थित रहे।

### पुलिस ने दबोचे दो नशा तस्कर, 6.200 किलोग्राम अवैध चरस बरामद

**सहारनपुर।** कोतवाली मण्डी पुलिस व एएनटीएफ यूनिट मेरठ की संयुक्त टीम ने दो शातिर नशा तस्करों को दबोचकर उनके कब्जे से 6.200 किलोग्राम नाजायज चरस बरामद कर ली। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मण्डी कोतवाली पुलिस व एएनटीएफ यूनिट मेरठ की टीम ने निरीक्षक मुमताज खान, उपनिरीक्षक अश्विनी कुमार व राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर पीरवाली गली के पास से दो शातिर नशा तस्करों महेन्द्र भर पुत्र अवधराम भर निवासी ग्राम लोहरोला थाना गणेशपुर जिला कपिल वस्तु नेपाल व शादाब उर्फ हक्कल पुत्र तौहीद हक्कल निवासी मौहल्ला खेल कलां पुराना बाजार कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली को दबोचकर उनके कब्जे से 06 किलो 200 ग्राम अवैध चरस बरामद कर ली।

## कासगंज, अलीगढ़ आदि स्थानों को जाने के लिए 22 से 26 तक रहेगा रूट डायवर्ट

**बदायूँ।** आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के चलते बदायूं से कासगंज,अलीगढ़ आदि स्थानों पर जाने के लिए रूट डायवर्ट किया गया है। यह रूट डायवर्जन 22 फरवरी को प्रातः 8:00 बजे से लागू हो जाएगा। डायवर्जन मध्यम एवं भारी वाहनों पर लागू होगा। बता दें कि आगामी 26 फरवरी को होने वाले महाशिवरात्रि पर्व के चलते कासगंज के एसपी ने पत्र जारी करते हुए 22 से 26 फरवरी तक रूट डायवर्ट कराए जाने का अनुरोध स्थानीय पुलिस-प्रशासन से किया गया है। जिसके चलते स्थानीय पुलिस ने आगामी 22 तारीख से रूट डायवर्ट करने का खाका तैयार कर लिया है। गौरतलब है कि महाहाशिवरात्रि पर्व के मौके पर कछला घाट,हरि की पौड़ी तथा लहरा घाट पर पर काफी अधिक संख्या में कावड़ियों का आवागमन रहता है इसी आवागमन के मद्देनजर 22 फरवरी से जनपद बदायूं से अलीगढ़, मथुरा, राजस्थान की ओर जाने वाले भारी एवं मध्यम वहां उझानी से मुजरिया चौराहा, सहसवान, जरीफ नगर, गुन्नौर, बबराला होकर अपने गंतव्य को जाएंगे। जबकि बदायूं से कासगंज,एटा,आगरा की ओर जाने वाले भारी एवं मध्यम वाहन सिविल लाइंस क्षेत्र के नौशेरा, कादरचौक, गंजडुंडवारा, सहावर होकर अपने गंतव्य को पहुंचेंगे मुजरिया चौराहे से कोई भी भारी एवं मध्यम वाहन कासगंज की ओर नहीं जाएगा। ह्यकछला रोड सहसवान से कोई भी मध्यम एवं भारी वाहन कछला होकर कासगंज की ओर नहीं जाएगा वही कावड़ वाहनों पर उक्त प्रतिबंध लागू नहीं होगा। राजकीय मेडिकल तिराहा पर यातायात तथा थाना पुलिस द्वारा रूट डाइवर्ट कराया जाएगा। थाना उझानी तथा यातायात पुलिस उझानी बाईपास चौराहा पर पुलिस बल लगाकर रूट डायवर्ट कराएगी। मुजरिया तथा सहसवान में थाना पुलिस द्वारा रूट डायवर्ट कराया जाएगा। डायवर्जन 22 फरवरी प्रातः 8:00 बजे से लेकर 26 फरवरी को रात्रि 12:00 बजे तक लागू रहेगा।

### केंद्रीय मंत्री होने के बावजूद बदायूं के लिए बजट में कुछ भी नहीं: ओमकार सिह



**बदायूँ।** उत्तर प्रदेश के बजट को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि हर बार बजट आता है तो सरकार यही कहती है कि यह बजट यूपी में अब तक का सबसे बड़ा बजट है उन्होंने कहा कि यह बजट नहीं बड़ा ढोल है जिसमें आवाज तो बहुत आती है पर अंदर से खाली है। उन्होंने कहा कि यह बजट खोखला है,और इस बजट का झोला भी खाली है। उन्होंने कहा कि जनता को लग रहा है कि बजट आया ही नहीं है,वह सोच रही है कि प्रवचन तो आ गया है बजट कब आएगा।उन्होंने कहा कि बदायूं में केंद्रीय मंत्री होने के बावजूद् बजट में बदायूं के लिए कुछ नहीं मिला है।

### बजट 2025-26 सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणाः राजीव गुप्ता



उत्तर प्रदेश विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का प्रस्तुत बजट को लेकर भारतीय जनताा पर्टी के जिला अध्यक्ष अपने विचारव्यक्त करते हुए कहा है कि बजट 2025-26 सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा पर है।

उन्होंने कहा कि इस बार का बजट युवाओं, महिलाओं एव किसानों, गरीबों के उत्थान और वंचितों के विकास को समर्पित है। उन्होंने कहा किआज यूपी की अर्थव्यवस्था देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है। उन्होंने कहा कि यह बजट उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को और अधिक सुद्धरण करने वाला है।

## टैक्स निर्धारण में किसी व्यक्ति का उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगाः राजेश

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने जीआईएस सर्वे के बाद वृद्धि के साथ लोगों के पास पहुंच रहे बिलों के सम्बंध में विस्तार से जानकारी देते हुए व्यापारियों को आश्वस्त किया कि किसी भी व्यक्ति का उत्पीड़न नहीं किया जायेगा। अपर नगरायुक्त टैक्स जनसुनवाई दिवस पर आज टैक्स के सम्बंध में विभिन्न समस्याएं लेकर आये व्यापारियों की शंका का समाधान कर रहे थे। व्यापारियों के अतिरिक्त टैक्स जनसुनवाई दिवस में आज वार्ड दो भरत विहार मल्हीपुर रोड का टैक्स संशोधन का मामला भी आया। जिसमें अपर नगरायुक्त ने जांच के बाद बिल संशोधित करने के आदेश दिए।

सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल महानगर इकाई के अध्यक्ष विवेक मनोचा व वरिष्ठ महामंत्री स. सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला के नेतृत्व में अनेक व्यापारियों ने अपर नगरायुक्त राजेश यादव से मुलाकात कर निगम द्वारा पूर्व की अपेक्षा काफी बढ़े हुए टैक्स बिल भेजे जाने से अवगत कराया। जिस पर अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने बताया कि पूर्व में राजस्व विभाग के टीसी व निरीक्षकों द्वारा जानकारी के आधार पर बिल भेजे जाते थे। लेकिन अब जो बिल भेजे जा रहे है वह शासन की एक एजेंसी द्वारा जीआईएस सर्वे के आधार पर भेजे जा रहे है।

उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में सरकार ने भवनों के सम्बंध में श्रेणियां बनायी है, जिसमें भवन के सामने सड़क की चौड़ाई, भवन का क्षेत्रफल तथा भवन कितना मंजिला है आदि, इन सबको आधार बनाकर बिल भेजे जा रहे हैं। अनेक मामलों में देखने में आया है कि बिल अभी तक केवल एक मंजिला भवन का भेजा जा रहा था, लेकिन मौके पर भवन तीन मंजिला बना है।

## डीएम आगरा की अध्यक्षता में यूपी बोर्ड परीक्षा-2025 को नकल विहीन, शुचितापूर्ण सकुशल संपन्न कराने के लिए कार्यशाला संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में गुरूवार को यूपी बोर्ड परीक्षा- 2025 को नकलविहीन, सूचितापूर्ण,सकुशल संपन्न कराने के लिए सूरसदन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक , अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक सहित परीक्षा व्यवस्था में लगे अधिकारीगण मौजूद रहे, सभी को पीपीटी प्रेजेंटेशन दिया गया तथा परीक्षा केंद्र पर अपनाई जाने वाली सभी प्रक्रियागत कार्यवाही को बताकर सभी को प्रशिक्षित किया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी जोनल, सेक्टर तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापकों से संवाद किया तथा निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर बिना आईडी के कोई भी व्यक्ति



प्रवेश नहीं करेगा सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हों या कक्ष निरीक्षक सभी के आईडी कार्ड डीआईओएस जारी करेंगे तथा सभी केंद्रों के परीक्षा कार्मिकों सूची जिलाधिकारी तथा पुलिस प्रशासन को उपलब्ध कराएंगे, बिना आईडी के केंद्र में कोई प्रवेश नहीं करेगा।कोई भी बाहरी व्यक्ति या विद्यालय प्रबंधन से जुड़ा व्यक्ति केंद्र पर पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी तथा तत्काल जेल भेजा जाएगा। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों के आसपास 500 मीटर के दायरे में सभी फोटोस्टेट मशीन की दुकानों को कड़ाई से बंद करने का अनुपालन सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए उन्होंने कहा कि केंद्र व्यवस्थापक भी इस हेतु सक्रियता दिखाएं।विगत वर्ष के पेपर आउट की घटना का संज्ञान लिया तथा वित्त विहीन परीक्षा केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने ल, मैनेजमेंट से जुड़े या उनके संबंधित किसी भी व्यक्ति का परीक्षा केंद्र पर कड़ाई से प्रवेश निषेध करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वित्तविहीन, अति संवेदनशील केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापकों तथा संबंधित जोनल, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट को ब्रीफ किया तथा परीक्षा की गरिमा बनाए रखने तथा मनोयोग से नकलविहीन सूचितापूर्ण सकुशल परीक्षा संपन्न कराने में अपना शतप्रतिशत योगदान देने के निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा कक्ष में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने, कक्ष में घड़ी लगाने, टॉयलेट की साफसफाई,पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि परीक्षा देने आए बच्चों को मूलभूत सुविधाएं देना हम सबका दायित्व है।कार्यशाला में प्रश्नोत्तर सेशन भी किया गया जिसमें केन्द्र व्यवस्थापकों के प्रश्नोत्तर कर शंकाओं का समाधान किया गया। जिलाधिकारी ने माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने और उनका कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए जिससे कि परीक्षा पारदर्शी,सुचारू और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके।

## कार्यशाला में रेसिंग एंड अक्सिलरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस की दी जानकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** यूपीएसआईसी, यूपीकॉन एवं लघु उद्योग भारती के तत्वाधान में पर्यावरण सामाजिक और शासन विषय पर आयोजित कार्यशाला



में रेसिंग एंड अक्सिलरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस की जानकारी प्रदान की गई। दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए यूपीकॉन के ट्रेनर व एक्सपर्ट पुलक मिश्रा ने कहा कि यह योजना आधुनिकीकरण को देखते हुए उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह योजना न केवल युवाओं को उनके व्यवसायिक सपनों को साकार करने में मदद कर रहा है अपितु राज्यों के छोटे व्यवसायों और उद्यमशीलता को भी बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला एमएसएमई को उनके उत्पाद और प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने, जिलास्तर से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने और सतत विकास प्राप्त करने में मदद करेगी। ट्रेनर/एक्सपर्ट पियूष संगल ने यूपी एमएसएमई पॉलिसी-2022 में मिलने वाले लाभों के प्राविधानों पर विस्तृत रुप से चर्चा करते हुए निर्यातकों एवं मैन्युफैक्चरिंग उद्यमियों को इसके संबंध में जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने एमएसएमई विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख लाभकारी योजनाओं के बारे में बताया। कार्यशाला में ईएसजी सर्टिफिकेट का भी वितरण किया गया। कार्यशाला में उपायुक्त उद्योग वीरेंद्र कौशल, बनवारी लाल, मण्डल अध्यक्ष अनुपम गुप्ता, जिलाध्यक्ष वरूण अग्रवाल ने भी संबोधित किया। इस दौरान महामन्त्री राजीव चानना, शौर्य जैन, संचित, सागर, मुकेश शर्मा, अजय शर्मा, दुष्यंत सैनी, राजीव आनंद, सुशील भरद्वाज, सुधाकर अग्रवाल, राजकमल अग्रवाल, अमित राणा, अनुराग सिंघल, अमर गुप्ता, संदीप अग्रवाल, अंकित धीमान, आशीष शर्मा, विशाल नागपाल, प्रियव्रत शर्मा, संजय गोयल, रजत ग्रोवर, राकेश गुप्ता, रजत गुप्ता, विशाल गुप्ता, सुमित रामपाल, माधव सिंघल, सुनील रसवंत आदि उपस्थित रहे।

## पार्कों की पर्यावरण संतुलन में अहम भूमिकाः महापौर



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड 21 में मिल व्यू कॉलोनी में नारियल फोड़कर व पूजा अर्चना के साथ पार्क के सौंदर्यीकरण का शुभारंभ किया।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने वार्ड 21 के लोगों द्वारा पिछले काफी समय से की जा रही पार्क सौंदर्यीकरण की मांग को पूरा करते हुए पार्क सौंदर्यीकरण का शुभारंभ किया। उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना और नारियल फोड़कर सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि महानगरों में पार्क जहां क्षेत्र और शहर का सौंदर्य बढ़ाते हैं वहीं पर्यावरण की दृष्टि से भी बहुत महत्व रखते हैं। उन्होंने कहा कि पौधे ही है जो हमें प्राण वायु उपलब्ध कराते हैं और शहर का पर्यावरण संतुलन बनाये रखने में अपनी महती भूमिका निर्वहन करते हैं। उन्होंने लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित करते हुए पार्क की देखरेख स्वयं करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि केवल सरकार या निगम के भरोसे शहर को सुंदर और संरक्षित नहीं रखा जा सकता, हमारी भी जिम्मेदारी है कि हम अपने पार्कों, सड़कों और अपने आस पास के परिवेश को साफ सुथरा रखें। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद कपिल धीमान, पार्षद राजकुमार शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता गौतम सैनी व शिवमंगल सिंह आदि शामिल रहे।

## राजकीय चिकित्सक द्वारा प्राइवेट प्रैक्टिस करने पर होगी कडी कार्यवाही

*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि कोई भी राजकीय चिकित्सक क्लीनिक में प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त पाया गया, तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी मनीष बंसल आज यहां जनपद स्तर पर राजकीय चिकित्सकों एवं चिकित्सा शिक्षकों द्वारा की जा रही प्राइवेट प्रैक्टिस की शिकायतों की जांच हेतु गठित सतर्कता समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग के संस्थान प्रमुख शासन के निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन करते हुए यह सुनिश्चित करें कि उनके नियंत्रणाधीन कोई भी राजकीय चिकित्सक किसी निजी नर्सिंग होम एवं संस्थान में अथवा निजी क्लीनिक में प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त न हो। यदि उनके नियंत्रणाधीन किसी भी राजकीय चिकित्सक द्वारा प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त होने की पुष्टि होती है, तो तत्काल उनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही की सूचना समिति को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि यदि किसी भी राजकीय चिकित्सक द्वारा प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त होने की सूचना किसी अन्य माध्यम से समिति को प्राप्त होती है तो यह समझा जाएगा कि संबंधित नियंत्रक अधिकारी द्वारा



जानबूझकर तथ्यों को छिपाया जा रहा है एवं शिथिलता बरती जा रही है। इसलिए संबंधित नियंत्रक अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि चिकित्सा शिक्षा विभाग के चिकित्सा शिक्षक एवं चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के राजकीय चिकित्सकों द्वारा शपथ पत्र लिया जाए कि उनके द्वारा कहीं पर निजी प्रैक्टिस नहीं की जा रही है। इसके बावजूद अगर कोई निजी प्रैक्टिस करता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी के साथ सभी की एक सूची तैयार कर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं एलआईयू को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर गठित सतर्कता समिति में जिलाधिकारी अध्यक्ष, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी द्वारा नामित अभिसूचना इकाई का सदस्य, प्रधानाचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक एसबीडी, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय सदस्य एवं मुख्य चिकित्साधिकारी सदस्य सचिव होंगे। बैठक में एसपी सिटी व्योम बिंदल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज डॉ.सुधीर राठी, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ.रामानन्द, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय डॉ.इंद्रा सिंह, एवं क्षेत्राधिकारी एलआईयू उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के सभी पैक्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी पैक्स के सचिवो को पैक्स पर फार्मर रजिस्ट्री कराने व आयुष्मान कार्ड बनबाने के लिये निर्देशित किया, इस दौरान सभी लोगो को फॉर्मर रजिस्ट्री व आयुष्मान कार्ड बनाने का डेमो देकर प्रशिक्षण भी दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारीव संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## ग्राम जिराहु में पीडीए की पंचायत संपन्न हुई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आज कायमगंज विधानसभा के जिरहु गांव में आयोजित समाजवादी पीडीए जन पंचायत का आयोजन राज यादव जिला सचिव युवजनसभा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कायमगंज विधानसभा से पूर्व विधायक प्रताप सिंह यादव ने कहा कि जिस प्रकार से पीडीए का एजेंडा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उठाया है इस प्रकार से किसी भी दल ने पिछड़ों, दलितो और अल्पसंख्यक के हक की बात कभी नहीं की। वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी जनता को गुमराह करके वोट लेना जानती है परंतु जब बात उनके हक और अधिकार की आती है तो वह उन्हें धर्म के नाम पर गुमराह कर देती है। इस मौके पर युवजन सभा के जिला अध्यक्ष शिवम यादव, यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष मो इजहार खान, शिवकुमार विधानसभा अध्यक्ष, सचिन कुमार ,नितिन कुमार, अनुज कुमार, आर्यन, प्रियांशु यादव, जिला उपाध्यक्ष रोहित पाल सहित युवजन सभा की जिला कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे। यह कार्यक्रम समाजवादी युवजन सभा द्वारा आयोजित कराया गया।

## लखनऊ के अमान रिजवी सहित यूपी के आठ खिलाड़ी दुबई में दिखायेंगे दम

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** दुबई में 25 अप्रैल से 2 मई तक आयोजित



इण्टरनेशनल डेफ क्रिकेट लीग में डीफ क्रिकेट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के लखनऊ के अमान रिजवी सहित प्रदेश भर से 8 खिलाड़ियों को चयन किया गया है। अखिल भारतीय क्रिकेट एसोसिएशन नयी दिल्ली में उत्तर प्रदेश के होनहार बधिर खिलाड़ियों का डेफ क्रिकेट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के माध्यम से किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में लखनऊ के अमान रिजवी, मुन्तजिर हुसैन, तन्मय तिवारी, चेतन कुमार, अनुभव गौतम, ऋषि कांत बैठा, फजल अब्बास और गौरव मिश्रा शामिल हैं जो कि दुबई में आयोजित लीग में अपना ददमदार प्रदर्शन दिखायेंगे।

## विरासत महोत्सव की तैयारियों का लिया जायज़ा

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने जनपद अंबेडकर नगर के 29वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर पर दिनांक 22 से 24 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाले अंबेडकर नगर विकास एवं विरासत महोत्सव 2025 की तैयारी का जायजा लिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा महोत्सव में सम्मिलित होने वाले अतिथिगणों, जन सामान्य तथा मीडिया बंधुओ के बैठने की समुचित एवं सुगम व्यवस्था के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# डीएम ने की महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत तैयारियों की समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**



**अलीगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में महाशिवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों और जिले के प्रमुख शिव मंदिर प्रमुखों व मेला कमेटियों के प्रभारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने मन्दिर प्रबन्धकों एवं आयोजकों को पुलिस-प्रशासनिक व्यवस्थाओं में अपेक्षित सहयोग करने के भी निर्देश दिये।

डीएम ने शिवरात्रि से पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रवार एसडीएम, एसीएम एवं सीओ को नोडल अधिकारी नामित करते हुए एडीएम सिटी, एसपी सिटी, नगर निगम, जलकल, विद्युत, पीडब्लूडी, ट्रैफिक, नगर स्वास्थ्य अधिकारी को संबंधित आयोजकों के साथ समन्वय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीओ एवं एसीएम बिजली एवं नगर निगम के सबंधित अधिकारी के साथ शोभायात्रा वाले रूट का भ्रमण करें ताकि सही वस्तुस्थिति से अवगत हो कमियों को दूर किया जा सके। उन्होंने 26 फरवरी तक आगामी महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत विभिन्न विभागों के स्तर से कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग को काबड़ यात्रा वाले मार्गों पर झाड़ियों के कटान ससमय कराने के निर्देश दिए ताकि आकस्मिक दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि खेरेश्वर, अचलेश्वर समेत जिले के सभी प्रमुख मंदिरों पर समुचित साफ-सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने श्रद्धालुओं एवं आयोजकों से आव्हान किया कि डीजे की ऊचॉई मानक के अनुरूप ही रखें और डीजे के ऊपर न बैठें। डीएम ने समय रहते सभी प्रकार के सुधारात्मक कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी मार्गों पर साइनेज अवश्य लगा दिए जाएं ताकि आवागमन में कोई परेशानी न हो। शिविरों में खान-पान व्यवस्थाओं की भी जाँच कर लिया जाए। कांवड़ परम्परागत रूट्स पर ही निकलें। रामघाट-कल्याण मार्ग समेत शहर के प्रवेश एवं मुख्य मार्गों को अतिक्रमण एवं गुड्ढा मुक्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित एसडीएम एवं डीपीआरओ को मार्गों पर साफ-सफाई के साथ प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले के एकमात्र गंगा घाट सांकरा पर प्रकाश एवं सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाएं। उन्होंने सीएमओ को एंबुलेंस एवं चिकित्सकों की टीम को एलर्ट मोड पर रखने के निर्देश देते हुए कहा कि वह निजी चिकित्सालयों से समन्वय स्थापित कर लें। उन्होंने मंदिरों के आसपास शराब व मीट की दुकानों को पूर्ण रूप से बन्द कराने के भी निर्देश दिए।

## टांडा सीएचसी पर पंजीकरण के चक्कर में धूल खा रही अल्ट्रासॉउन्ड मशीन

**दानिश मेहदी**

**अंबेडकरनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा पर करीब ढाई लाख लोगों को स्वस्थ रखने का जिम्मा है। बुनकरी के साथ बड़ी संख्या में उद्योग होने के कारण सीएचसी पर लोड अधिक रहता है। बावजूद इसके, यहां के वाशिंदों को पिछले छह माह से अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं मिल पा रही है। मशीन आने के बाद से यह धूल ही फांक रही है। इसके पीछे पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत पंजीकरण न हो पाने को मुख्य वजह बताया जा रहा है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा में प्रतिदिन 150 से 200 मरीज ओपीडी में इलाज कराने के लिए आते हैं। इनमें गर्भवतियों की संख्या भी काफी रहती है। करीब आठ माह पहले सीएचसी में लगी अल्ट्रासाउंड मशीन खराब हो गई थी। इसके बाद से यहां आने वाले मरीजों का अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा है। मरीजों की संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नई अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था। शासन ने करीब छह माह पूर्व नई अल्ट्रासाउंड मशीन सीएचसी पर भेज दी थी। इसे अल्ट्रासाउंड कक्ष में स्थापित तो कर दिया गया था, लेकिन अब तक इसे मरीजों के लिए शुरू नहीं कराया जा सका है। जांच के बजाय मशीन धूल फांक रही है। ऐसे में यहां आने वाले मरीजों को निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर जांच करानी पड़ रही है, जहां उन्हें 700 से 800 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को जिला अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।सकरावल मोहल्ले की रुखसाना का कहना है कि उन्हें पथरी की समस्या है। डॉक्टर ने चेकअप कर अल्ट्रासाउंड कराने के लिए कहा है। सीएचसी पर अल्ट्रासाउंड न होने के कारण निजी केंद्र पर जांच कराई है, जिसमें 800 रुपये खर्च हुए। खासपुर निवासी मालती देवी ने बताया कि उन्हें लंबे समय से पेट दर्द की शिकायत होने से डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड कराने के लिए लिखा है। अब या तो निजी केंद्र पर जांच कराएं या जिला मुख्यालय पर जाना पड़ेगा। डॉ. अजय कुमार गुप्ता, अधीक्षक ने कहा अल्ट्रासाउंड मशीन को शुरू कराने के लिए पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत पंजीकरण कराया जाना है। जल्द ही इसकी प्रक्रिया पूरी कर सुविधा शुरू कराई जाएगी।

## ग्रामोद्योगियों को दी गई पुरस्कार राशि

**अलीगढ़।** परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग कार्यालय में गुरूवार को उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मण्डल स्तरीय ग्रामोद्योगी पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामोद्योगियां को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सरकार हस्तशिल्पियों, माटीकला कारीगरों एवं ग्रामोद्योगियों के उत्थान के प्रति कृत संकल्पित है। उन्होंने मण्डल के सभी हस्तशिल्पियों एवं परम्परागत कारीगरों से आव्हान किया कि वह अपने-अपने जिलों में उपस्थित जिला ग्रामोद्योग कार्यालयों में संपर्क कर सरकार द्वारा प्रदत्त जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में अलीगढ़ विजयगढ़ के श्यामवीर सिंह को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 15 हजार रूपये, कासगंज की प्रिया तिवारी को द्वितीय पुरस्कार स्वरूप 12 हजार रूपये एवं हाथरस की ममता को तृतीय पुरस्कार के रूप में 10 हजार रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

## गोरखपुर में मस्जिद ध्वस्तीकरण की नोटिस के बाद चर्चा का बाजार गर्म

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** अभी कुशीनगर जनपद के हाटा में मस्जिद पर प्रशासन की कार्यवाही पर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी पर बहसबाजी का दौर चल ही रहा था की सीएम योगी के शहर में घोषकम्पनी चौक के पास वाली मस्जिद पर जीडीए के ध्वस्तीकरण की नोटिस ने माहौल को गर्म कर दिया है। मिली जानकारी अनुसार नगर निगम ने घोषकम्पनी के पास की भूमि पर अतिक्रमण हटाने के दौरान गाड़ी खाने वाली पुरानी मस्जिद को रात के अंधेरे में ध्वस्त कर दिया था जबकि मस्जिद का मामला कोर्ट में विचार अधीन था। इसके बाद हो हल्ला मचने के बाद नगर निगम ने मस्जिद के एवज में उसी आराजी के दक्षिण में जमीन उपलब्ध करा दिया।

पिछले दिनों मस्जिद निर्माण के बाद जीडीए ने मस्जिद के मोतवल्ली को नोटिस भेजकर कार्यवाही शुरू करते हुए 15 फरवरी 2025 को मस्जिद के ध्वस्तीकरण की नोटिस जारी कर दिया। इस बीच नगर निगम ने अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि के लिये एक बिल्डर से समझौता कर लिया लेकिन मामला किन शर्तों पर तय हुआ यह अभी भी रहस्य है। इस बीच मस्जिद मामले में मण्डलायुक्त कोर्ट में अपील के बाद कोर्ट ने 25 फरवरी को अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित किया है। फिलहाल मस्जिद मामले में शहर के मुस्लिम इलाकों में चर्चाओं का दौर जारी है और लोग शहर के कद्दावर मुस्लिम नेतृत्व की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं।

## डीएम की अध्यक्षता में बैठक

**बस्ती।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होने जनपद के औद्योगिक समस्याओं पर विचार-विमर्श कर योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा किया। उन्होने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर उद्यमियों की लम्बित समस्याओ को नियमानुसार तत्काल निस्तारण करायें। समीक्षा बैठक में उन्होने पाया कि बैंक आफ महाराष्ट्रा, पंजाब नेशनल बैंक, युनियन बैंक आफ इण्डिया, इण्डियन बैंक, बड़ौदा उ0प्र0 ग्रामीण बैंक, पंजाब एण्ड सिन्ध बैंक, केनरा बैंक, एक्सिस बैंक एवं भारतीय स्टेट बैंक की प्रगति बहुत ही खराब है। उन्होने देखा कि बैंक आफ महाराष्ट्रा में कुल 18 आवेदन प्राप्त है, जिसके सापेक्ष अभीतक कोई भी ऋण वितरण नहीं किया गया है। इसी प्रकार पंजाब नेशनल बैंक की कुल 22 शाखाओं में 215 आवेदन पत्र भेजे गये है

## विशुनपुरा क्षेत्र में मनरेगा कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण



मनरेगा कार्यों का निरीक्षण करते डीएम

**अवधनामा ब्यूरो**

- श्रमिकों की उपस्थिति, कार्यों का विवरण व भुगतान की ली जानकारी

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा विकास खण्ड विशुनपुरा के ग्राम दांदोपुर एवं रायगंज में हो रहे मनरेगा कार्यों सहित नव निर्माणाधीन जिला कारागार का स्थलीय निरीक्षण कर वस्तु स्थिति से अवगत होने उपरांत सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम दांदोपुर में चल रहे मनरेगा कार्यों का निरीक्षण किया गया, इस दौरान कब से कार्य शुरू किए गए कितने लेबर हैं तथा लेबर बजट, मटेरियल रेशियों आदि की जानकारी खंड विकास अधिकारी से ली गई। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर निर्देशित किया कि दो मजरों/ग्रामों को जोड़ने वाली सड़क को प्राथमिकता में रख कर मिट्टी भराई अथवा खड़ंजा कार्य कराए जाएं। जिलाधिकारी द्वारा मजदूरों से वार्ता करने पर बताया गया कि 200 मीटर लंबी चकरोड है जिस पर दस दिनों से कार्य चल रहा है, मौके पर 50 के सापेक्ष 47 मजदूर कार्यरत पाए गए। ग्राम सभा रायगंज में मनरेगा कार्यों के निरीक्षण दौरान ग्राम प्रधान से ग्राम सभा के संबंध में पुछताछ की गई, मौके पर कार्यरत श्रमिकों द्वारा बताया गया कि माह सितंबर2024 तक का भुगतान मिल गया है, उसके बाद का बकाया है, इस संबंध जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर 31 लेबर कार्यरत पाए गए। इस दौरान ग्राम सभा राय गंज के ही प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया, निरीक्षण दौरान सहायक अध्यापक द्वारा दो अध्यापकों सहित एक शिक्षा मित्र के नियुक्त होने की जानकारी दी गई। निरीक्षण के क्रम में जिला कारागार के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली गई। इसी क्रम में पायलिंग के कार्यों, जी 4, जी 6 के कार्यों सहित बाउंड्रीवाल के कार्यों का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। कार्यों में होने वाली समस्याओं के पुछताछ के क्रम में संबंधित द्वारा भराई किए जाने हेतु मिट्टी की अनुपलब्धता बताई गई, जिसके क्रम में जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी पडरौना से वार्ता कर समस्या का समाधान कराए जाने का निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जो भूमि जेल के लिए आवंटित है उसी पर कार्य होगा, बगल का नाला यथावत ही रहेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जेल के नक्शे का अवलोकन भी किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## परमात्मा को मूल रूप में जानना ही ब्रह्मज्ञान है : संत अशोक



**अवधनामा संवाददाता**

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** क्षेत्र के सुम्हाटार में 18वें वार्षिक संत समागम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश से आए केंद्रीय प्रचारक संत अशोक शास्त्री ने किया। शास्त्री ने अपने संबोधन में कहा ब्रह्मज्ञान को सरल तरीके से परिभाषित करते हुए कहा किसी भी वस्तु को उसके मूल रूप में जानना ज्ञान है। परमात्मा को मूल रूप में जानना ही ब्रह्मज्ञान है।ब्रह्म सत्यं, जगत मिथ्या अर्थात इस संसार में परमात्मा ही सत्य है।परमात्मा की प्राप्ति ही मनुष्य जीवन का उद्देश्य है। निरंकारी संत समागम के वार्षिक अधिवेशन में हजारों की संख्या में दूर दूर से संत महात्मा उपस्थित हुए थे। सबने बड़े ही सुंदर भाव में अपने अपने भजन व विचार प्रस्तुत किए। इस संत समागम का आयोजन निरंकारी महात्मा रामरूप विश्वकर्मा, रमेश कुमार, दिलीप विश्वकर्मा, रामकृपाल विश्वकर्मा, वीरेंद्र साहनी, राम सुभाष साहनी, सुनील गौड़, झिनक, शीतल यादव, कैलाश यादव, रमेश गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, गुड्डू पहलवान, रामवचन व समस्त साध-संगत द्वारा किया गया था।

# भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है आरटीओ कार्यालय

**अवधनामा संवाददाता**

- आरटीओ कार्यालय पर प्राइवेट बाबू का कब्जा
- मनमाना सुविधा शुल्क लेकर काम करने का आम जनमानस ने लगाया आरोप



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जीरो टॉलरेंस पर कार्य कर रही है लेकिन सीएम के शहर गोरखपुर में आरटीओ विभाग पर पूरी तरीके से प्राइवेट बाबूओ का कब्जा हो गया है। आरटीओ कार्यालय पर तैनात विभागीय लिपिक अपने पास दो ,चार प्राइवेट बाबू की सहारे विभाग का सारा कार्य कर रहे हैं जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है हालांकि इस वीडियो कि हम पुष्टि नहीं करते हैं कि यह वीडियो कब का है।

वीडियो में प्राइवेट बाबू मनमानी तरीके से सुविधा शुल्क लेकर आम जनमानस का शोषण कर रहे हैं जिसकी शिकायत कई बार उच्च अधिकारियों से की गई लेकिन अपनी ऊंची पकड़ और रसूख के दम पर इन लिपिक के प्राइवेट बाबूओ पर कोई कार्रवाई नहीं हुई जबकि शासन का सख्त निर्देश है कि कोई भी सरकारी कर्मचारी अपने साथ प्राइवेट व्यक्ति को नहीं रखेगा इसके बावजूद भी शासन के आदेश की आरटीओ विभाग की लिपिक धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं। हर काम के बदले मनमाना सुविधा शुल्क लिए बिना कोई काम नहीं करते हैं अगर किसी ने सवाल कर दिया तो उसकी फाइल पर ताला जरूर लग जाता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लिपिक हर्षवर्धन राज के प्राइवेट बाबू विजय मल्ल, हरि सिंह, लिपिक धर्मेंद्र सिंह के प्राइवेट बाबू विजय सिंह, सूरज विश्वकर्मा, मनोज पाल, विनोद पाल, लिपिक अनिल सिंह के प्राइवेट बाबू सुगंध, उत्तम, दिनेश यादव, लिपिक सभाजीत तिवारी के प्राइवेट बाबू विजयपाल और लिपिक चंद प्रकाश के प्राइवेट बाबू धनंजय यादव, संजय मिश्रा ,लिपिक नीलू वर्मा के प्राइवेट बाबू शेषपाल, विजय श्रीवास्तव के प्राइवेट बाबू सतीश आदि लोग इन लिपिको सारा कर करते हैं इतना ही नहीं एआरटीओ असिस्टेंट ने प्राइवेट व्यक्ति सोमनाथ को रखा है। ऐसा सूत्रों का दावा है। बहरहाल यह जांच का विषय है कि इनमें से कौन सरकारी कर्मचारी है या आउटसोर्सिंग पर रखे गए हैं यह उच्च अधिकारियों की जांच के बाद ही खुलासा हो सकेगा। लेकिन भ्रष्टाचार का अड्डा आरटीओ कार्यालय बनता जा रहा है जहां पर मनमानी तरीके से आम जनमानस का शोषण हो रहा है। इस संबंध में संवाददाता ने जब एआरटीओ अरुण कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि वायरस वीडियो के संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है वीडियो की जांच कराई जा रही की वीडियो कब का है जांच में अगर मामला सही पाया जाता है तो आगे कार्रवाई की जाएगी।

## प्रेमी युगल ने ज़हर खाकर दी जान

**अंबेडकरनगर।** जनपद के हंसवर थाना क्षेत्र में एक प्रेम कहानी का दुखद अंत हो गया। मूसेपुर कला गांव में एक नाबालिग प्रेमिका और उसके प्रेमी ने जहर खाकर जान दे दी।घटना बीती रात की है। राजन तिवारी और 17 वर्षीय पूनम ने अपने-अपने घरों में जहर खा लिया। दोनों के बीच पिछले तीन साल से प्रेम संबंध चल रहा था। शाम को फोन पर बात करने के बाद दोनों ने यह कदम उठाया।जब दोनों की तबीयत बिगड़ी, तो परिजनों को पता चला। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। राजन तिवारी की मौत जिला अस्पताल में ही हो गई। पूनम को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। सीओ शुभम कुमार ने बताया कि दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## मौलाना आज़ाद गर्ल्स कालेज में छात्राओं का विदाई समारोह सम्पन्न



**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** बृहस्पतिवार को मौलाना आजाद गर्ल्स इण्टर कॉलेज में कक्षा बारह की छात्राओं के विदाई समारोह में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विदाई के दौरान कई छात्राएं भावुक हो गई। कक्षा 11 की छात्राओं द्वारा सीनियर छात्राओं को विदाई दी गई। इस अवसर पर इंटरमीडिएट की समस्त छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए अपने अनुभव साझा किये,छात्राओं ने बताया कि वह विद्यालय में 7 वर्षो से शिक्षा ग्रहण कर रही हैं उन्होंने विद्यालय के अनुभवी शिक्षकों के द्वारा शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी प्राप्त किये हैं।विद्यालय के समस्त शिक्षकों द्वारा हाईस्कूल और इंटर मीडिएट बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने जा रही सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रबंधक मौलाना मोहम्मद खालिद कासमी ने विद्यार्थियों को उनकी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास,कठिन परिश्रम, स्व अनुशासन के माध्यम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है।उन्होंने छात्राओं को परीक्षा में धैर्य, लगन एवं मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।बोर्ड परीक्षाओं के लिए उनका मार्गदर्शन भी किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या गुलिस्तां अंजुम ने छात्राओं को तनाव मुक्त रहकर अपनी परीक्षा की तैयारी हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पूरी तैयारी से परीक्षा देकर परिवार और विद्यालय का नाम रोशन करें।

# जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया, दिए दिशा-निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**



**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आपातकालीन कक्ष, जनरल वार्ड, महिला वार्ड, दवा वितरण केंद्र और पैथोलॉजी लैब आदि वार्डो का भी दौरा किया। उन्होंने मरीजों से सीधे वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पताल एक संवेदनशील स्थान है, जहां साफ-सफाई सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मरीजों और उनके परिजनों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दवा वितरण केंद्र पर मरीजों से बातचीत करते हुए जिलाधिकारी ने दवाओं की उपलब्धता और वितरण प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि मरीजों को दवाएं बिना किसी विलंब के उपलब्ध कराई जाएं और कोई भी मरीज दवा के अभाव में परेशान न हो। पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण करते समय जिलाधिकारी ने जांच रिपोर्टों की समयबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने लैब टेक्नीशियनों को निर्देश दिए कि सभी जांच रिपोर्टें निर्धारित समय में मरीजों को उपलब्ध कराई जाएं ताकि उपचार में देरी न हो। उन्होंने कहा कि किसी भी मरीज को अनावश्यक रूप से रिपोर्ट के लिए चक्कर न लगाने पड़ें।


### सूचना

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष-2015, अनुक्रमांक - 2430367 का प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में खो गया है।

**नाम - अनुज गौड़ पुत्र - हरीलाल ग्राम व पोस्ट -देवरा बाजार, जनपद - सिद्धार्थनगर**



## कार्यालयः अधिशासी अभियंता जोन-7
### इन्दिरा नगर, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ।

प0सं0- 210/एल0जे0एस0/ईई-7 | दिनांक- 20-02-2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य कराने हेतु निविदायें दिनांक 27-02-2025 के सायंकाल 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक-27-02-2025 को 1:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके निविदा प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सांयकाल 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सांय 4:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 01 | जलकल विभाग जोन-7 इन्दिरा नगर के अन्तर्गत समरसेबिल मरम्मत कार्य हेतु समरसेबिल के अतिरिक्त स्पेयर (1) 1.5 एच0पी0 समरसेबिल मोटर 09 नग (2) पैनल 10 नग (3) 32 एमएम पी0वी0सी0 पाइप साकेट सहित 250 मीटर (4) केबल 200 मीटर (5) 32 एम0एम0 क्लैम्प 10 नग (6) गेट वाल्व 10 नग (7) वाटर टंकी 10 नग (8) कनडेन्सर 50/100 एमएफडी (9) येडापटर 20 नग (10) कनडेन्सर 24 नग (11) 25 एमएम सीपीवीसी पाइप 60 मीटर (12) 25 एमएम सीपीवीसी एलबो 100 नग की आपूर्ति का कार्य। | 500.00 | 8200.00 |

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई हैं, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियंता जोन-7 इन्दिरा नगर लखनऊ के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता जोन-7**
**जलकल विभाग**

अवधनामा



# भाजपा नेताओं ने किया बजट की सराहना

## यह बजट एक नये विजन के साथ विकास की अवधारणा को धरातल पर उतारने को सम्बल प्रदान करेगा: लल्लू सिंह

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** प्रदेश सरकार के द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि यह बजट एक नये विजन के साथ विकास की अवधारणा को धरातल पर उतारने को सम्बल प्रदान करेगा। सभी वर्गों के उत्थान के साथ गरीबों, किसानों, महिलाओं, वंचितों व युवाओं के सुन्दर भविष्य की रुपरेखा भी तय करेगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि प्रदेश के विकास व समाज के सभी वर्गों के कल्याण का ध्यान सरकार ने बजट में रखा है। ग्रामीण क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को दूर करने व युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के सभी बिन्दुओं पर बजट में फोकस किया गया है।विधायक चन्द्रभानु पासवान ने कहा कि बजट पूरी तरह से लोककल्याणकारी है। जिसमें सर्वांगीण विकास की अवधारणा समाहित है। गरीबों, किसानों, महिलाओं के विकास को प्राथमिकता दी गयी है। यह हर क्षेत्र में विकास की नई सम्भावनाएं पैदा करेगा।पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कहा प्रदेश सरकार का बजट युवाओं को नवीन अवसर प्रदान करेगा। बजट समग्र विकास की अवधारणा के साथ कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा परिवहन को लेकर नए आयाम स्थापित करेगा।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि बजट समग्र विकास को सुनिश्चित करेगा। सबका साथ सबका विकास की अवधारणा और मजबूत होगी। प्रत्येक नागरिक को हर दृष्टि से सशक्त बनाने की ओर बजट एक अहम कड़ी साबित होगा।

जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार का बजट गरीबों व मजदूरों के प्रति समर्पित है। निवेश को बढ़ावा देने के साथ रोजगार के नये अवसर बजट पैदा करेगा।पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि बजट सर्वस्पर्शी, सर्वग्राही, सर्वसमावेशी है। सरकार के विकासवाद तथा अंतिम व्यक्ति के उत्थान की परिकल्पना को साकार करने वाला बजट है। बजट से समाज के हर वर्ग को विकासवाद से जोड़ा जा सकेगा।पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, अवधेश पाण्डेय बादल, अभिषेक मिश्र, आलोक कुमार सिंह रोहित, राघवेन्द्र पाण्डेय, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, सुनील तिवारी शास्त्री, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, परमानंद मिश्र, राम मोहन भारती, राधेश्याम त्यागी, इंद्रभान सिंह, दिवाकर सिंह, राजेश सिंह ने बजट की सराहना की है।

### नगर निगम के पूर्व उपसभापति के निधन, भाजपा नेताओं ने जताया शोक

**अयोध्या।** अयोध्या नगर निगम के पूर्व उपसभापति व चौक के पार्षद सुधीर नारायण श्रीवास्तव के निधन पर भाजपा नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। उनका 69 वर्ष का निधन गुरुवार की सुबह निधन हो गया। वे किडनी के रोग से ग्रसित थे। नगर निगम में उनके निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। पूर्व सांसद लल्लू सिंह कहा कि वह पार्टी के एक समर्पित कार्यकर्ता थे। पार्टी की नीतियों के संवाहक थे। उनके निधन से पार्टी ने एक कर्मठी नेता खो दिया गया। उनका निधन पार्टी के लिए अपूर्णनीय क्षति है। नगर निगम में आयोजित शोक सभा में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि सुधीर नारायण श्रीवास्तव अयोध्या नगर निगम के पहले सदन में उपसभापति थे। नगर निगम को सर्वसमावेशी बनाने में उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा। पार्टी के एक निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में वह हमेशा स्मृतियों में रहेंगे।

# प्राइवेट प्रेक्टिस करने वालो के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने कसी कमर

## जिले के अस्पतालों में चिकित्सकों से भराया जा रहा शपथ पत्र

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** योगी सरकार की सख्ती के बाद अयोध्या मेडिकल कॉलेज व सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरो पर प्राइवेट प्रेक्टिस न करने के कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य की तरफ से लगातार बैठकें कर चिकित्सकों से शपथ पत्र लिया जा रहा है तो दूसरी तरफ सीएमओ ने भी मोर्चा संभालते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिया है।दरअसल शासन की ओर से हाल ही में एक निर्देश जारी किया गया है, जिसमें स्पष्ट है कि सरकारी अस्पतालों में तैनात चिकित्सक अगर प्राइवेट प्रेक्टिस करता पाया जाए तो उसके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए। चूंकि अयोध्या एक धार्मिक नगरी है और आये दिन यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में सरकारी सेवाओं का सभी लाभ उठा सकें और उन्हें निजी चिकित्सालयों में मोटी फीस न चुकानी पड़े इसलिए, अयोध्या में स्वास्थ्य महकमे ने सख्ती बढ़ा दी है।मेडिकल कॉलेज में कमेटी करेगी निस्तारण

राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा ने बताया कि हमारे यहां के लगभग सभी चिकित्सकों ने प्राइवेट प्रेक्टिस न करने का शपथ पत्र दिया है। संविदा चिकित्सकों से उनके निजी प्रेक्टिस के कार्यस्थल का विवरण मांगा गया है। इसके अलावा हम एक कमेटी भी बनाएंगे, जिसमें ऐसे आने वाले मामलों के खिलाफ जांच करा कार्रवाई की जाएगी।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि सभी सीएचसी-पीएचसी अधीक्षकों को निर्धारित समय सीमा में शपथ-पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। उनके अधीन 120 के करीब चिकित्सक हैं। उन्होंने बताया सभी जगह गाइड लाइन भेज दी गई है। आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कराई जाएगी।

**पुरुष व महिला अस्पताल में भी दिखी सख्ती**

जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ एके सिन्हा ने बताया कि हमारे यहां 26 के करीब चिकित्सक हैं। सभी से शपथ पत्र लिया जा रहा है। महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. विभा कुमारी ने बताया कि सभी आठ चिकित्सकों से शपथ पत्र लिया जा चुका है।

## जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई आयोजित

**अयोध्या।** अयोध्या के प्रभारी जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 द्वारा पूर्व की बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गई और खाद्य सुरक्षा के तहत किये गए कार्यों का विवरण भी दिया गया।सहायक आयुक्त (खाद्य) ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में खाद्य पदार्थों पर प्रवर्तन कार्रवाई के तहत 2939 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें 327 छापे मारे गए और 417 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए। इसके परिणामस्वरूप 152 खाद्य पदार्थ मानकों के विपरीत पाए गए और 228 मामले न्यायालय में दर्ज किए गए, जिनमें कुल 6981000 रुपये का अर्थदंड लगाया गया।साल 2024-25 में जनवरी 2025 तक 2262 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया और 354 छापों में 458 नमूने लिए गए। 253 खाद्य पदार्थ मानक के विपरीत पाए गए, और 389 मामले न्यायालय में दायर किए गए, जिनमें 7330000 रुपये का अर्थदंड निर्धारित किया गया।बैठक के दौरान, खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा आयोजित कार्यक्रमों और विभाग द्वारा जारी किए गए लाइसेंस/पंजीकरण की अद्यतन स्थिति पर भी चर्चा की गई। सहायक आयुक्त (खाद्य) ने यह भी बताया कि जिले में एक स्ट्रीट फूड हब प्रस्तावित है।जिलापूर्ति विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर आगामी 26 से 28 फरवरी 2025 तक खाद्य लाइसेंस और पंजीकरण कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, अयोध्या धाम के सभी खाद्य प्रतिष्ठानों को निर्धारित दरों की सूची चस्पा करने के निर्देश भी दिए गए ताकि श्रद्धालुओं को उचित मूल्य पर भोजन प्राप्त हो सके। अध्यक्ष ने आगामी होली त्योहार को ध्यान में रखते हुए, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करने और औषधि निरीक्षक को मेडिकल स्टोरों की जांच करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को शुद्ध दवाएं मिल सकें और नकली दवाओं की रोकथाम हो सके। इसके अलावा, केमिकल युक्त रंगों और गुलाल के प्रयोग पर भी प्रभावी कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।बैठक में उप जिलाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक की समाप्ति अध्यक्ष महोदय की अनुमति से की गई।

# पंजीया हॉस्पिटल के खिलाफ भाकियू की शिकायत पर एन एच आई ने शुरू की कार्यवाही



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पैनजिया हॉस्पिटल द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध एन एच आई ने कार्यवाही शुरू कर दी है। एन एच आई अधिकारी की उपस्थिति में लगभग 5 मीटर अवैध निर्माण चिन्हित कर तोड़ने का आदेश दिया गया जिस दौरान अवैध रूप से लगाए गए भारी भरकम होल्डिंग एवं पोल को क्रेन द्वारा तत्काल उतरवा दिया गया वहीं अस्पताल में भर्ती मरीजों की सुविधाओं का हवाला देकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा स्वयं ही अतिक्रमण हटाए जाने के लिए समय मांगा गया। बताते चलें भाकियू के युवा जिलाध्यक्ष रोहित द्विवेदी द्वारा पंजीया अस्पताल के विरुद्ध अवैध निर्माण की शिकायत पूर्व में ही जिलाधिकारी सहित एन एच आई से भी की गई थी। इस संबंध में भाकियू टिकैत के प्रदेश संगठन मंत्री आशु चौधरी से बात की गई तो उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पंजीया हस्पताल को पर्यावरण की एनओसी नहीं है न ही वेस्ट प्रबंधन की एनओसी मिली है। साथ ही फायर की एन ओ सी भी नहीं है वहीं नक्शा चार मंजिल दिखाकर पास कराया है जबकि एक अतिरिक्त मंजिल का भी अवैध रूप से निर्माण करा रखा है। नियम के विरुद्ध निर्माण है फायर की गाड़ी जाने का रास्ता भी नहीं छोड़ा है। आशू चौधरी ने यह भी आरोप लगाया कि हॉस्पिटल का वेस्ट पानी सड़क के नीचे से पाइप डालकर बगलके खुले प्लाट में डाल रहे जिससे संक्रमण का खतरा है।

### पंजीया हास्पिटल का निर्माण सुरक्षा को दरकिनार करते हुए बना

उक्त अस्पताल के संबंध में भाकियू टिकैत के प्रदेश संगठन मंत्री द्वारा अग्निशमन अधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए कहा गया है कि पंजीया हास्पिटल का निर्माण सुरक्षा को दरकिनार करते हुए बनाया गया है। कुछ बिंदुओं के माध्यम से गहनता से जाँच किया जायें जिससे भविष्य में अस्पताल परिसर में मरीज एवं आम जन मानस को भविष्य में किसी प्रकार की अप्रिय घटना का शिकार न हो सकें। जिनमें अग्नि सुरक्षा को देखते हुए परिसर में लगभग 70,000 लीटर टैंक का निर्माण होना चाहिए जबकि उक्त अस्पताल मालिकों द्वारा वाटर टैंक राष्ट्रीय राज्य मार्ग के जमीन में बना रखा है , राष्ट्रीय राज्य मार्ग के द्वारा अस्पताल को नोटिस भी दिया चुका है। आपके पास अस्पताल का नक्सा जो अनापत्ति प्रमाणपत्र लेते समय लगाया गया है वो फर्जी है आपके पास नक्शा अलग दिया गया है और निर्माण अन्य नक्से से किया गया है।

# पिकअप हादसे के बाद खुला राज

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में एक पिकअप वाहन के बस से टकराने के बाद एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। हादसे के बाद पिकअप का डाला खुला तो उसमें से हजारों की संख्या में पशुओं के कटे हुए पैर सड़क पर बिखर गए। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और हिंदू संगठनों ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। विश्व हिंदू महासंघ गोरक्षा प्रकोष्ठ की ओर से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है।

गुरुवार सुबह फतेहगंज पश्चिमी के धनेटा फाटक के पास एक पिकअप वाहन सामने से आ रही बस से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप का पिछला हिस्सा खुल गया और उसमें भरे पशुओं के पैर सड़क पर फैल गए। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद लोग स्तब्ध रह गए। देखते ही देखते मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता भी घटनास्थल पर पहुंच गए। फतेहगंज पश्चिमी थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। वाहन के नंबर के आधार पर उसके मालिक और घटना से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। इतनी बड़ी संख्या में पशुओं के पैर कहां से आए स्थानीय लोगों और हिंदू संगठनों ने आशंका जताई है कि ये अवशेष किसी बड़े स्लॉटर हाउस से लाए जा रहे थे। विश्व हिंदू महासंघ गोरक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष महिपाल गुर्जर ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि दुर्घटनाग्रस्त छोटा हाथी वाहन (UP25ET8661) में जानवरों के पैर लदे थे। उन्होंने अपने पदाधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर दावा किया कि ये पैर गोवंश और भैंस के हैं। गौरतलब है कि सर्दियों के मौसम में पाय की मांग बढ़ जाती है, जिससे इसकी कीमत भी अधिक हो जाती है। आशंका जताई जा रही है कि इन कटे हुए पैरों को मीट शॉप में सप्लाई किया जाना था, लेकिन दुर्घटना के कारण मामला उजागर हो गया। पिकअप वाहन बरेली में पंजीकृत है, लेकिन इसे कहां ले जाया जा रहा था, यह पुलिस जांच का विषय बना हुआ है।



# अर्थशास्त्रियों को पर्यावरण के लिए नीतियां बनानी होगी: प्रो0 मनोज कुमार

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग में पीएम उषा के सॉफ्ट कॉम्पोनेंट्स योजना के अन्तर्गत पर्यावरणीय अर्थशास्त्र विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन मुख्य वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो0 मनोज कुमार अग्रवाल ने 'अर्थशास्त्र में पर्यावरण के मुद्दे' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि भारत पूरी दुनिया की अर्थव्यवथा में प्रमुख स्थान रखता है। इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था को मिश्रित अर्थव्यवस्था कहा जाता है। उन्होंने पर्यावरणीय अर्थशास्त्र से संबंधित कई मुद्दों की समालोचनात्मक करते हुए कहा कि पर्यावरणीय क्षति के लिए पश्चिमी मॉडल अधिक जिम्मेदार है। इसकी संरक्षा के लिए अर्थशास्त्रियों को नीतियां बनानी होगी।

# प्रधानपति नूर ने दिव्यांग बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरण किया

**मसौली बाराबंकी।** गंभीर रूप से दिव्यांग बच्चों को घर पर ही पढ़ाई मिले जिसके लिए गुरुवार को जयति भारतम संस्था के तत्वाधान मे पंचायत भवन बड़ागांव मे दिव्यांग बच्चों को शिक्षण सामग्री ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद द्वारा वितरित की गयी। दिव्यांग बच्चो को शिक्षण सामग्री एव लोवर टी शर्ट देते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं है, यदि सोच सही हो तो अभाव भी विशेषता में तब्दील हो जाता हैं। समाज के सभी क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों को बढ़ावा देना और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक जीवन में दिव्यांग लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना समाज के सभी लोगो का दायित्व होना चाहिए इस दिशा की आवाज़ उठायी जाए तो दिव्यांगता कमज़ोरी व अभिशाप नहीं, बल्कि आत्मविश्वास व विकास का जागरण बन जाएगी। जयति भारतम संस्था के मुकेश कुमार वर्मा, शिवांक गुप्ता, सुनील अवस्थी, सुभाष यादव, ने दिव्यांग बच्चो को सामग्री उपलब्ध करायी।

## नैनामऊ पू.मा. माध्यमिक विद्यालय का मामला

# जांच में अभिभावकों के आरोप सही मिले, विभागीय कार्यवाही की संस्तुति





*अवधनामा संवाददाता*

बाराबंकी। अभिभावकों से अभद्र व्यवहार और बच्चों को धमकाने जबरन झाड़ू लगवाने शिक्षित स्तर शून्य संबंधी ग्रामीणों की शिकायत बीईओ की जांच में सही पायी गयी। जांच रिपोर्ट बीएसए को सौंप दी गयी है। मामला थाना जहांगीराबाद के नैनामऊ गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय का है। यंहा के अभिभावकों सत्यवान बाबादीन रौशनी ऊषा प्रीति राजकुमार अच्छे लाल सत्यवान संतोष जैसी राम

समेत कई लोगो ने डीएम समेत कई अधिकारियों को पत्र भेज कर बताया था कि रोज बच्चो से बलपूर्वक झाड़ू लगवाया जाता है। डंडी दौड़ाना धमकाना बच्चो से अपना व्यवहार पुलिसिया अंदाज का रखना। स्कूल आने वाले अभिभावकों से अभद्र व्यवहार करके अपमानित कर देने फर्जी मुकदमे फसाने की धमकी देने के कई गंभीर आरोप लगाकर पत्र दिया था। जिसकी जांच बीएसए ने मसौली बीईओ से जांच कराकर रिपोर्ट मंगवाई। ग्रामीणों की शिकायत सही मिलने पर मसौली बीईओ ने अपनी जांच में लिखा है कि विद्यालय के बच्चों ने बताया कि विद्यालय प्रभारी नेहा गुप्ता का व्यवहार बच्चों व अभिभावकों के प्रति अच्छा नहीं है वो अकसर झगड़ा करती रहती हैं। डण्डी लेकर दौड़ा लेती हैं। यही नही बीईओ ने लिखा कि निरीक्षण के समय विद्यालय में कई बड़ी कमियां पायी गयी।

### चना तक उठा ले जाती है टीचर

जांच रिपोर्ट में साफ लिखा गया है कि प्रभारी नेहा गुप्ता को आवंटित विज्ञान विषय मे बच्चों के सीखने का स्तर शून्य पाया गया। जांच में बच्चों ने बताया कि नेहा गुप्ता एमडीएम के वितरण में आये हुए चने को अपने घर उठा ले जाती हैं। एमडीएम पंजिका के अवलोकन से जानकारी हुआ कि एमडीएम पंजिका पर 94 बच्चे अंकित किये गये जबकि 55 बच्चे उपस्थित मिले। मेनू के अनुसार पंजिका पर सब्जी रोटी अंकित थी जबकि सब्जी चावल बना था।

### कक्षो में गंदगी से दुर्गंध देख भड़के बीईओ

जांच रिपोर्ट के मुताबिक कक्षों में गन्दगी का भरमार था है जिसमें दुर्गन्ध आ रही है। बीईओ को कक्षा 6 के छात्र राज अर्पित, अंश, नैन्शी महिमा ने बताया कि एमडीएम मे फल दूध का वितरण नही होता है। कक्षा 8 की छात्रा रजनी, सना, रूसदा ने जांच अधिकारी को बताया कि कोई अध्यापक यदि बच्चों को अलग लेकर पढ़ाता है तो हेड मेंम नेहा डाटकर हम सबको भगा देती हैं। नेहा गुप्ता का विद्यालय के स्टाफ के साथ सामंजस बिल्कुल नही है। जांच अधिकारी ने बीएसए से प्रभारी नेहा गुप्ता पर विभागीय कार्यवाही किये जाने की संस्तुति की है। इस संबंध में दूसरी जांच कर रहे बीईओ रामनगर रमेश चंद्र ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या जांच में हेड टीचर पर लगे आरोप सही पाए गए स्टाप के साथ तालमेल न होने से गुटबंदी चरम पर है। जांच रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में एक नव विवाहिता की हुई मौत, ससुराल जनो पर लगा दहेज हत्या आरोप

**रामनगर बाराबंकी।** थाना रामनगर अंतर्गत ग्राम अशोकपुर चाचूसराय में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक नव विवाहिता की मौत हो गई। मृतका के पिता द्वारा पति ससुर जेठ व जेठानी देवर सहित पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद चार लोगों को हिरासत में लेकर थाने लेआई है तथा आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद मृतका के शव को पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम नया पुरवा थाना कर्नलगंज जनपद गोंडा निवासी राजदेव पुत्र छोटेलाल द्वारा थाना रामनगर पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व मैंने अपनी पुत्री शिवानी का विवाह जनपद बाराबंकी थाना रामनगर के ग्राम अशोकपुर चाचू सराय निवासी जंग बहादुर वर्मा के पुत्र सूर्य प्रकाश के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ करके यथा सामर्थ दान दहेज भी दिया था विवाह के बाद मेरी बेटी विदा होकर अपनी ससुराल चली गई थी दहेज लोभी मेरी बेटी का पति तथा सभी ससुराली जन 5 लाख रुपए अतिरिक्त व चार पहिया वाहन की मांग करते थे उनकी मांग पूरी न करने पर सभी ससुराल के लोग मेरी बेटी को प्रताड़ित करते थे मायके आने पर मेरी बेटी प्रताड़ना की बात बताती थी। आज दिनांक 20-02-2025 दिन बृहस्पतिवार को बेटी की मौत की सूचना पाकर जब मैं उसकी ससुराल गया तो मेरी बेटी मृत पड़ी हुई थी तथा उसके शरीर पर चोट के निशान भी थे। मेरी बेटी के पति सूर्य प्रकाश ससुर जंग बहादुर जेठ सुशील वर्मा जेठानी मधु व देवर विमल ने दहेज के लिए मार डाला है। घटना की सूचना पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी सौरभ श्रीवास्तव थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी ने मौके की जांच पड़ताल कर नामजद चार आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने ले आई तथा आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ श्रीवास्तव का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# आल इण्डिया जश्न हजरत अब्बास (अ.) महफ़िल का आयोजन आज





*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पिछले कई वर्षों की तरह इस वर्ष होने वाले आल इण्डिया जशने अब्बास के 23वें वर्ष की तैय्यारिया ज़ोरो पर चल रही है। यह महफिल 21 फरवरी 2025 को रात्रि 07:30 बजे, शब में जुमा कर्बला सिविल लाइन्स में होंगी। इस कार्यक्रम की खिताबत मौलाना वसी हसन खा किब्ला अयोध्या करेगें। इसके बाद देश के मशहूर शायर मौला अब्बास की शान में नज़रानये अकीदत (कलाम) पेश करेगें। अन्जुमन गुन्चये अब्बासिया के तत्वाधान में होने वाले इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए इस महफिल के कन्वीनर कशिश सन्देलवी वा सैयद क़मर इमाम और अन्जुमन के अध्यक्ष शाहिद हुसैन रिज़वी ने बताया कि शुक्रवार 21 फरवरी 2025 को कर्बला सिविल लाइन्स में 07:30 बजे कार्यक्रम कि शुरूवात तिलावते कलामे पाक से होगी। जिसको मौलाना सैयद हिलाल अब्बास करेगें। तत्पश्चात मेहमाने खुसूसी मौलाना सैयद अशरफ अली गरवी क़ब्लि और मेहमाने एजाज़ी मेराज हैदर खा होगें। उसके बाद हाई स्कूल और इण्टर मीडियट के टॉप बच्चों वा दीनी वा अदबी ख़दिमात अंजाम देने वालों को हज़रत अब्बास अवॉर्ड दे कर सम्मानित किया जाएगा । इसके बाद महफिल की निजामत मशहूर नाज़िम इन्केलाब जनाब ज़ाहिद कानपुरी साहब करेगें। जिसमें देश के मशहूर शायर, और अंजुमन के तमाम मेंबरों ने हर मजहबो मिल्लत के लोगों से अपील की है इस कार्यक्रम में आकर सवाबे दारैन हासिल करें।

# कटहरा में जयघोष के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

## प्राचीन शिव मंदिर कटहरा पर नौ दिवसीय महामृत्युंजय यज्ञ शुरू

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** सदर क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर कटहरा में आयोजित नौ दिवसीय श्री रुद्र महामृत्युंजय महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा बृहस्पतिवार को निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू हुआ और शिवपुर, कटहरा खास, आजाद नगर, कविलासपुर, जनकपुर, बागापार, लखनपुर, पिपरा, बेलवाकाजी, विजयपुर, बरगदवा राजा, केवलापुर खुर्द होते हुए चानकी घाट पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा गया। कलश यात्रा में शामिल हजारों की संख्या में कन्याएं भगवान शिव का जयघोष करते हुए चल रही थीं। कलश यात्रा का नेतृत्व मंदिर के पुजारी महंत बहरैची दास, ग्राम प्रधान कमलेश सिंह, अध्यक्ष सोमनाथ सिंह कर रहे थे। यज्ञ समिति के संरक्षक मिथिलेश सिंह ने बताया कि नौ दिन तक चलने वाले रुद्र महायज्ञ का समापन 28 फरवरी को होगा। यज्ञ के यज्ञाचार्य पंडित अभयानंद पांडेय व प्रवचनकर्ता सतीश पांडेय हैं। दिन में प्रवचन तथा रात्रि में रामलीला का मंचन किया जाएगा। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं में बागापार कस्बे में समाजसेवी विश्वनाथ यादव द्वारा फल वितरित किया गया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता रवींद्र जैन, विद्यासागर यादव, जयसिंह, छोटई राय, ज्ञानप्रकाश, रामवृक्ष साहनी, गोविंद चौधरी, मन्नू यादव, रामहरख, अवधेश आनंद, प्रमोद चौहान, गोरख चौहान, संगम गुप्ता, कमालुद्दीन आदि उपस्थित रहे।

### बंदरों के आतंक से भय का माहौल

**मिठौरा (महराजगंज)।** मिठौरा क्षेत्र में बंदरों के आतंक से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है बंदर दौड़ाकर लोगों को काट रहे हैं। राहगीरों में काफी भय का माहौल बना हुआ हैं। डर के कारण महिलाओं के खाना बनाते समय परिजन लाठी लेकर मौजूद रहे हैं। ग्रामीण घनश्याम गुप्त उपेंद्र निगम संजय कुमार निगम धनंजय पांडेय राजू पांडेय संसार मणि पांडेय कन्हई मुनीब निषाद अनिरुद्ध वर्मा संजय कुमार गुप्ता आदि ने बताया किअगर बंदरो का ऐसे आंतक रहा तो किसी दिन अप्रिय घटना घट सकती है।

### एनएच सड़क निर्माण में पोल शिफ्टिंग कार्य में तेजी

**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी से महाराजगंज एनएच 730 एस सड़क मार्ग चौड़ीकरण का निर्माण कार्य तेजी पर है। सड़क के दोनो किनारों को खोदकर गिट्टियां डाली जा रही। सड़क चौड़ी कारण में किनारे लगे विद्युत पोल व तार अवरोध बन रहे है। दिन गुरुवार को विद्युत विभाग द्वारा फोर क्लिफ्ट की मदद से पोल शिफ्टिंग किया गया। जिससे सड़क पर रुक रुककर वाहनों को लंबी लाइन लगती रही। इस बाबत जेई विद्युत ठूठीबारी रजनीश गौंड ने बताया कि पोल शिफ्टिंगका कार्य प्रगति पर है। कुछ दिनों में पूरा कर दिया जाएगा।

# परियोजनाएं शत प्रतिशत पूर्ण कराएं: सीडीओ



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के तहत संचालित निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम से संचालित परियोजनाओं की जानकारी ली। अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि फेज-द्वद्य में जेएमसी की कुल 341 परियोजनाएं हैं, जिनके तहत 446 ग्राम पंचायतें आच्छादित हैं। इसी प्रकार फेज-द्यद्यद्य में रिथविक कोया की 205 परियोजनाएं हैं, जिनसे 345 ग्राम पंचायतें आच्छादित हैं, जबकि रिथविक-कोया की 174 परियोजनाएं हैं और उनसे 302 ग्राम पंचायतें आच्छादित हैं। श्री जैन ने तीनों कार्यदाई संस्थाओं से ट्यूब वेल, ओएचटी, पंप हाउस निर्माण सहित अन्य बिंदुओं पर हुई प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि जो परियोजनाएं 80त्न से 90त्न पूर्ण हो चुकी हैं, उनको शत-प्रतिशत पूर्ण कराएं। उन्होंने जेएमसी को पाइप लाइन के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

साथ ही समस्त परियोजनाओं में बाउंड्री वाल का शुरू करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा तीनों कार्यदाई संस्थाएं अपनी सभी परियोजनाओं को तेज करें और जल्द से जल्द पूर्ण करें। मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने कहा कि अगली बैठक में तीनों संस्थाएं परियोजनावार प्रगति के विवरण के साथ उपस्थित रहें। बैठक में एक्सईएन जल निगम आतिफ हुसैन, सहायक अभियंता जल निगम महेश चंद्र आजाद सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्रों की अपार आईडी सृजन के लिए प्रशिक्षित हुए शिक्षक

### अपार आईडी प्रत्येक छात्र का बनना हैं : अमित पाण्डेय



**अवधनामा संवाददाता**

**भनवापुर सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र में संचालित स्कूलों के छात्रों की अपार आईडी सृजन में तेजी लाने व यूडायस प्लस पोर्टल फीडिंग को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यशाला में जिला एमआईएस इंचार्ज अमित पाण्डेय ने कहा कि अपार आईडी प्रत्येक छात्र का बनना हैं। इसके लिए सभी शिक्षक पूरी जानकारी के साथ कार्य करें। निजी, मान्यता प्राप्त व परिषदीय स्कूलों के छात्रों का पूर्ण विवरण यूडायस पोर्टल पर भरा जाना है। इसके बाद अभिभावकों से अनुमति लेकर अपार आईडी बनायी जाये। कुछ स्कूल के जिम्मेदार इस कार्य में कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं। ऐसे लोग गंभीरता से कार्य पूर्ण करें अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई किया जा सकता हैं। एमआईएस इंचार्ज ने जरूरी जानकारी देते हुए कहा अभिभावक से अनुमति मिलने के बाद स्कूल प्रशासन को यूडायस प्लस पोर्टल पर नाम, जन्म तिथि और आधार संख्या सहित छात्रों का पूरा विवरण सत्यापित करना होगा। इसके बाद स्कूल यूडायस प्लस पोर्टल का यूज करके अपार आईडी जनरेट करेंगे। जो छात्रों के डिजिटलाइज्ड अकाउंट से सिक्योर रूप से जोड़ दिए जाएंगे। एक बार जब इस कार्य को पूर्ण हो जाने पर माता-पिता को एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जाएगा। कार्यशाला में ब्लॉक एमआईएस आबिद रिज़वी, ब्लॉक गुणवत्ता गौहर अब्बास, राम प्रकाश मिश्र, अरुण चतुर्वेदी, संजय, दिनेश, अवधेश सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

# सीएचसी मिठवल पर अंदर और बाहर गंदगी का अंबार

### मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव शौचालय सुविधा व पानी की किल्लत से मरीज व तीमारदारों को परेशानी

**पंकज श्रीवास्तव**




**बांसी मिठवल।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छता अभियान तिलोली स्थित सा0 स्वा0 केन्द्र मिठवल में फ्लाप है। स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाने वाला केन्द्र सीएचसी मिठवल ही गन्दगी का पर्याय बनकर रह गया है। अस्पताल के अन्दर गंदगी से भरा शौचालय किसी क काम का नहीं है।

अस्पताल के अन्दर-बाहर गंदगी व दुर्गन्ध का साम्राज्य है। शौचालय के अलावा कमरों में लगे वाश बेसिन में महीनों से पानी की किल्लत बनी हुई है। बिजली न रहने की स्थिति में डाक्टर व कर्मचारी महीनों से मोबाइल टार्च से काम करने को मजबूर हैं। शौचालय के फर्श पर पडे मानव मल के कारण दुर्गन्ध से लोगों का बुरा हाल है। सीएचसी भवन के चारों तरफ कूड़े व गंदगी का ढेर है। दबी जुबान से कर्मचारियों में व्यवस्था को लेकर जिम्मेदार के प्रति आक्रोश तो है, परन्तु खुलकर कहने के लिए साहस का नीतांत अभाव है। सूत्रों की मानें तो दिवंगत अधीक्षक डा0 रामनिवास के कार्यकाल तक व्यवस्था में इतना झोल नहीं रहा। वह स्वयं फुल टाइम ओपीडी करते रहे परन्तु वर्तमान व्यवस्था में वात परिवर्तन है। नाम न छापने की शर्त पर कई कर्मचारियों ने कहा कि सीएचसी के सामने हॉस्पिटल का कैंटीन जो मात्र एक शोपीस बना हुआ है। सूत्रों की माने तो अधीक्षक को कभी ओपीडी करते नहीं देखा।

# छत पर चढ़कर सीढ़ी के रास्ते अंदर कमरे में घुसे चोर, चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार

**अवधनामा संवाददाता**



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी वार्ड नंबर 1 अबेडकर में मुड़िला पोखरे के पास बने एक मकान में बुधवार की बीती रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिसमें लाखों रुपए नगदी व जेवरात लेकर फरार हो गये है। पीड़ित परिवार को सुबह मालूम होने पर 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी, साथ ही लिखित तहरीर ढेबरुआ थाने पर देकर कार्यवाही की मांग की है।

पीड़ित महिला कमला देवी पत्नी प्रेम-चन्द शर्मा साकिन वार्ड नंबर-1 अम्बेडकर नगर पंचायत बढ़नी ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि दिनांक 19 फरवरी 2025 दिन बुधवार की रात वह रोजाना की तरह अपने घर पर अपने बेटे अंकित व बहू मोनी शर्मा के साथ कमरे में सोने चली गई थी। उसका पति बाहर किसी काम से गये हुए थे। पीड़िता सुबह जब सोकर उठी तब उसका दरवाजा बाहर से बन्द था। जब उसने वेटे को आवाज दी तो वह उठकर दरवाजा खोला तो देखा कि जिसमे उसकी ननद सोई थी वह भी दरवाजा बाहर से बंद था। तब शंका होने पर घर का मेन दरवाजा देखा तो जिसमें मेरे परिवार का क़ीमती सामान आलमारी में रखा हुआ था। उसका भी दरवाज़ा खुला था तो देखा कि आलमारी टूटा है। और सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा है। जब चेक किया तो आलमारी में रखा एक जोड़ी पायल एक गले के सोने का चैन, दो नाक की खील, एक जोड़ी कान का झुमका, एक सेट मेरी बहू का कान की बाली, एक सेट मंगलसूत्र, ननद का एक जोड़ी पायल, मारवाड़ी नथुनी, सोने की बिंदियां व करीब लाखों रुपए नगदी सहित चोर लेकर फरार हो गये है। जिसकी सूचना डायल 112 पर देते हुए लिखित तहरीर ढेबरुआ थाने पर देकर कार्यवाही की मांग की गई है। उक्त संबंध में ढेबरुआ थाना प्रभारी गौरव कुमार सिंह का कहना है कि मामला संदिग्ध है इसमें परिवार के लोगों का भी हाथ हो सकता है। शिकायती पत्र मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

## सिकरी बाजार में बंद पड़े मकान को चोरो ने बनाया निशाना



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मोहाना थाना क्षेत्र के सिकरी बाजार में एक व्यक्ति के बंद घर को देखकर अन्दर घुस कर चोरों ने घर मे रखे समान को उठा ले गये।चोरों ने घर मे रखे सोने के गहने,नगदी व कीमती सामान उठा ले गये। मोहना थाना क्षेत्र के सिकरी बाजार निवासी अजय कुमार उपाध्याय ने अपने तहरीर मे कहा है की हमारी मां तीन फरवरी को अपने परिवार के साथ गोरखपुर में दवा कराने के लिए गये थे। घर पर कोई सदस्य मौजूद नहीं था। 20 फरवरी को जब दवा करा कर घर वापस आया तो देखा घर का दरवाजा खुला था अन्दर जाने पर देखा की समान बिखरा पड़ा हुआ है। घर के मुख्य द्वार पर लगे ताले को खोलकर अज्ञात चोर घर के अंदर घुस गये और पूरे घर में बारी बारी कमरे में घुसे है उसके अंदर रखे सोने के गहने 10-10 ग्राम के तीन चैन दो मंगल सुत्र 10 ग्राम और 7 ग्राम तीन अंगूठी 10 ग्राम 9 ग्राम 5 ग्राम चांदी का करधन चांदी हाथ पलानी पाउजेब, सोने की खील सोने का नथिया और टीका 17400 नकद व दो 5-5 लाख रूपये के एफ डी कागज उठा ले गये। घर के अंदर कमरे की अलमारी भी खुली पड़ी हुई थी उसमें रखा जेवर पैसा सब गायब है मोहना थाने पर अजय कुमार उपाध्याय पुलिस को चोरी की घटना की लिखित तहरीर दी है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष अनुप कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिला है जांच किया जा रहा है।

### माओवादी केंद्र की ऐतिहासिक बैठक में नेपाल के मौजूदा हालात पर फोकस

# 59 लाख गरीबों की सिसकियां हमें झकझोर रही हैं: मौलाना मशहूद खान नेपाली

**अवधनामा संवाददाता**



**भैरहवा, नेपाल।** भारत सीमा से सटे नेपाल के कृष्णनगर, वार्ड नंबर 5 में माओवादी केंद्र पार्टी की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उमड़ी भारी भीड़ ने राजनीतिक जागरूकता और जनचेतना की अलख जगा दी। जनता के जोश और उत्साह ने यह साबित कर दिया कि बदलाव का समय आ चुका है, और अब वंचित वर्गों के अधिकारों की बहाली के लिए हर संभव संघर्ष में सबकी सहभागिता होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ माओवादी नेता वसीम अकरम ने की और संचालन गणेश प्रसाद बंजारे ने किया। स्वागत भाषण में कमाल खान ने पार्टी के सिद्धांतों, जनसेवा के संकल्प और समस्याओं के समाधान के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता बताई। इस बैठक में विशेष अतिथि के रूप में जाने-माने सामाजिक और राजनीतिक नेता मौलाना मशहूद खान नेपाली, राजेंद्र आचार्य, जावेद आलम खान और तुफैल आलम खान उपस्थित थे, जिन्होंने उत्साहपूर्ण और दृष्टिकोण-विस्तारक भाषण दिए। बैठक में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने न केवल एक नए राजनीतिक युग की आवश्यकता को उजागर किया, बल्कि जनता के मौलिक अधिकारों की रक्षा और विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का ठोस संकल्प भी व्यक्त किया। मौलाना मशहूद खान नेपाली ने अपने भाषण में कहा कि हमें ऐसी राजनीति की जरूरत है जो केवल बातों तक सीमित न रहे, बल्कि ठोस कदमों के जरिए जनता की समस्याओं का समाधान करे। हमें एक ऐसा सिस्टम बनाना होगा जहां हर नागरिक को समानता, सम्मान और न्याय मिले। उन्होंने कहा नेपाल की 20.27 प्रतिशत आबादी आज भी गरीबी रेखा से नीचे जीवन जीने के लिए मजबूर है, जो कि नेपाल की कुल जनसंख्या में 59 लाख 11 हजार 659 लोगों की संख्या के बराबर है। यह कोई मामूली आंकड़ा नहीं है, बल्कि हर व्यक्ति की बेबसी हमारे जेहन में एक सवाल खड़ा करती है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम अपने संघर्ष को और तेज करें और ऐसा समाज बनाएं जहां कोई भूखा न सोए, कोई अपने अधिकार से वंचित न रहे, और हर व्यक्ति को समान अवसर मिले। माओवादी केंद्र कृष्णनगर वार्ड नंबर 5 की नई टीम की घोषणा की गई, जिसके अंतर्गत रोजन अली को वार्ड अध्यक्ष नियुक्त किया गया, सुनिता पासी को उपाध्यक्ष बनाया गया तथा राजू श्रीवास्तव को सचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा15 लोगों की एक मजबूत समिति का भी गठन किया गया, जो जनकल्याण के लिए ठोस कदम उठाएगी। बैठक में प्रमुख रुप से आज़ाद अहमद खान, नाजिम साहब, खुर्शीद आलम खान और अन्य समुदायिक नेतागण शामिल रहे।

# सपा ने किया पीडीए जनपंचायत चौपाल का आयोजन

### भाजपा सरकार में जन विरोधी नीतियों से आम जनमानस काफी परेशान है : चमन आरा राईनी



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** कस्बे के निषाद नगर मे बृहस्पतिवार को पीडीए जन पंचायत चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल की अध्यक्षता चमन आरा राईनी नगर पालिका अध्यक्ष बांसी व सपा के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इदरीस पटवारी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में जन विरोधी नीतियों से आम जनमानस काफी परेशान है।

यह सरकार गरीब विरोधी है। इस सरकार में गरीब और गरीब होता जा रहा है एवं अमीर और अमीर होता जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा समाज को बांटकर कर सत्ता सुख भोग रही है। इस सरकार में किसान, गरीब, मजदूर सहित समाज का हर वर्ग परेशान है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, मंहगाई के बोझ तले आम आदमी दबता चला जा रहा है। सपा जिला सचिव मोहम्मद कुतुब ने कहा कि इस सरकार में दलित, पिछड़ा और अपलसंख्यक काफी उपेक्षित है। पार्टी के कार्यकर्ता प्रदेश में सपा की सरकार बनाने के लिए अभी से लग जाए। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष कपिल देव, गणेश दत्ता, रिजवान अहमद सब्बू, शाकिर अली, अशफाक, अरुण गुप्ता, रूस्तम राईनी, राम केवल, रामकिशोर, भोला प्रसाद, मनोज, प्रहलाद के सी त्रिपाठी, अजहर खान, पवन कुमार यादव, राधेश्याम जयसवाल, सत्य प्रकाश, इरफान खान, भीम, महताब आलम आदि मौजूद रहे।

## बच्चों में नेतृत्व क्षमता में सहायक है बाल संसद




**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विद्यालयों में बाल संसद के गठन एवं सक्रियता से बच्चों में ज़िम्मेदारी एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। यह विचार बृहस्पतिवार को कंपोजिट विद्यालय नौगढ़ में बाल संसद के गठन के पश्चात खण्ड शिक्षा अधिकारी नौगढ़ धर्मेन्द्र कुमार पाल ने व्यक्त किए। बाल संसद के गठन के बाद बीईओ सदर द्वारा बाल संसद के सभी पदाधिकारी छात्र-छात्राओं को उनके पद की शपथ दिलाई गई तथा अपने पद का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ह्यूमाना पीपुल टू पीपुल इंडिया के समन्वयक राजेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा बाल संसद के पदाधिकारियों को उनके पद एवं उत्तरदायित्व के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एचपीटीपी इंडिया के जिला समन्वयक जयेन्द्र कुमार ने स्टीम एजुकेशन, कदम पुस्तक की थीम गतिविधियों एवं खेल-खेल में सीखने के गणित के अंग्रेजी भाषा के विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम में शबाना बेगम, ज्ञानमती मिश्रा, संगीता गुप्ता, नीलम वर्मा, प्रियंका, सुनीता आदि की उपस्थिति रही।

## शादी समारोह के दौरान बाइक हुई चोरी

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी वार्ड नं. 7 निवासी मोहम्मद जावेद की मोटर साइकिल बीती रात शादी समारोह के दौरान चोरी हो जाने की घटना की पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहम्मद जावेद पुत्र मोहम्मद याकूब 19 फरवरी 2025 की रात करीब 8 बजे मिल कॉलोनी मैरिज हॉल, बढ़नी में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। उन्होंने अपनी मोटर साइकिल (सुपर स्प्लेंडर, रजिस्ट्रेशन संख्या यूपी 55 जे 8031) मैरिज हॉल के बाहर खड़ी की थी। जब वह रात 9=30 बजे के करीब वापस आए, तो देखा कि उनकी मोटर साइकिल वहां से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी वाहन का कोई पता नहीं चला। मोहम्मद जावेद ने थाना देबरुआ में मोटर साइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है और पुलिस से जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# डुमरियागंज सांसद ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** सांसद जगदंबिका पाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर जिले की 2 मार्गो के नवीनीकरण व एक मार्ग के चौड़ीकरण का प्रस्ताव दिया साथ ही बढ़नी बाजार के फोरलेन बाईपास ओवर ब्रिज की मंजूरी भी मिल गई है संसद के इस प्रयास की सराहना पूरे जिले में की जा रही है। 9 किलोमीटर लंबे भड़रिया से बढ़नी चाफा मार्ग के नवनिर्माण का प्रस्ताव दिया साथ ही इस सड़क की स्थिति खराब होने से आमजन को आवागमन में हो रही असुविधा के बारे में भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इस मार्ग को कार्य योजना में सम्मिलित प्रमुख अभियंता विकास लोग निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश को बहुत पहले ही भेजा जा चुका है। इसी प्रकार भनवापुर से बेवा चौराहे तक मार्ग के जर्जर स्थिति को सांसद ने मुख्यमंत्री से बयां किया उन्होंने कहा कि 15 किमी लंबी इस मार्ग पर वाहनों का काफी दबाव रहता उक्त मार्ग का एस्टीमेट लोग निर्माण विभाग के लखनऊ कार्यालय में आ चुका है। नेपाल बॉर्डर को जोड़ने वाले डुमरियागंज से देबरुआ मार्ग चौड़ीकरण की मांग सांसद ने मुख्यमंत्री के सम्मुख रखा यह सड़क वर्तमान में 7 मीटर चौड़ी है जो नवीनीकृत होकर 10 मीटर चौड़ी होने के बाद लोगों को जाम की समस्या के साथ-साथ आवागमन की सुविधा भी सामान्य होगी। सांसद के इस अथक और सराहनीय प्रयास की सराहना पूरे जिले में की जा रही है।

## मुख्य विकास अधिकारी ने किया बागवानी का निरीक्षण



**बांसी सिध्दार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार द्वारा विकास खण्ड मिठवल ग्राम पंचायत-गोहर में उद्यान विभाग द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत सब्जी के खेती हेतु सामग्री एवं अनुदान प्राप्त क्लास्टर का निरीक्षण किया गया। उपस्थित कृषक बन्धुओं से योजनान्तर्गत प्राप्त सुविधाओं के सम्बन्ध में वार्तालाप एवं सब्जी के फसल का अवलोकन किया गया। उद्यान निरीक्षक द्वारा बताया गया कि क्लस्टर में 20 से अधिक किसान बन्धुओं को उन्नत बीज एवं अन्य सामग्री का वितरण किया गया है। किसान बन्धुओं द्वारा फूलगोभी, बन्दगोभी, भिण्ड एवं अन्य सब्जियों का उपज किया जा रहा है। उद्यान निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि योजनान्तर्गत विकास खण्डवार कैम्प आयोजित कर योजना का प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक कृषक को लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें।

## जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों की समीक्षा



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन हर घर नल से जल योजना के कार्यो में तेज़ी लाने के उद्देश्य से गुरुवार को तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी डॉ0 संजीव दीक्षित ने जल जीवन मिशन के डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर के डी यादव, जैक्सन मेघा आदि ग्रुप के अधिकारियों के साथ जल जीवन मिशन की समीक्षा की। बैठक के दौरान जल जीवन मिशन से सम्बंधित किये जा रहे कार्य और हो रही देरी के बारे में जानकारी ली और जल जीवन मिशन में आ रही समस्याओं के लिए राजस्व व कार्यदाई एजेंसियों की संयुक्त टीम बनाकर यथाशीघ्र निस्तारण कराने का निर्देश दिया।

## विरासत महोत्सव मे हेल्दी बेबी शो का होगा आयोजन

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर पर 22 से 24 फरवरी 2025 तक आयोजित हो रहे अम्बेडकरनगर विकास एवं विरासत महोत्सव 2025 में पहली बार 24 फरवरी 2025 को पूर्वाह्न 09 बजे से 12 बजे तक हेल्दी बेबी शो का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 06 माह से 02 वर्ष तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। इस आयोजन में माता-पिता और अभिभावक आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मुख्य सेविकाओं, आशा संगिनी एवं एएनएम बहनों के माध्यम से बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के तहत शामिल हो सकते हैं। इस हेल्दी बेबी शो में बच्चों के टीकाकरण, वजन, ऊँचाई, छह माह तक स्तनपान और संस्थागत प्रसव जैसी बातों का ध्यान रखा जाएगा, साथ ही बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य की जाँच कर उनके माता-पिता को सही पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी जाएगी। प्रतियोगिता में सबसे स्वस्थ बच्चे और उनके माता-पिता को पुरस्कृत किया जाएगा, जिसमें पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले बच्चों को विशेष सम्मान दिया जाएगा तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता हेतु चयनित बच्चों की उम्र 06 माह से 02 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है और वे बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के किसी अधिकारी/कर्मचारी के परिवार से नहीं होने चाहिए। पंजीकरण सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जारी है, जिसकी अंतिम तिथि 23 फरवरी 2025 दोपहर 12 बजे तक निर्धारित है।

# फाइनल मैच में बलरामपुर ने बढ़नी को 75 रनों से दी करारी शिकस्त

**अवधनामा संवाददाता**




**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** युवा क्रिकेट क्लब बढ़नी द्वारा आयोजित घरुआर मिनी स्टेडियम बढ़नी के चेयरमैन कप-2025 के क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को फाइनल मुकाबला बढ़नी व बलरामपुर के बीच खेला गया। जिसमें बलरामपुर के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बलरामपुर ने राहुल सिंह ने 30 गेंद खेलकर 43 रन बनाकर टीम को एक मजबूत आधार दिया।

वहीं बलरामपुर टीम के राज मोदनवाल ने 18 गेंद पर 22 रन बनाया और आयुष ने 13 गेंदों पर 10 रन बनाकर टीम को शतक तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाकर निर्धारित 20 ओवरों में से 19 ओवर में 140 रन बनाकर आल आउट हो गयी। वहीं बढ़नी टीम की तरफ से निर्धारित 20 ओवरों में सिर्फ 13 ओवर में ही आल आउट होकर सिर्फ 65 रन ही बना सकीं। आपको बता दें कि बलरामपुर टीम के गेंदबाजों ने शानदार लाइन-लेंथ के साथ बढ़नी के बल्लेबाजों को कभी स्थिर नहीं होने दिया। बलरामपुर टीम के स्टार गेंदबाज निखिल ने 02 महत्वपूर्ण विकेट लेकर मैच को अपने टीम के पक्ष में कर दिया। इसके अलावा सौरभ ने 3 ओवेरों में 15 रन देकर 02 महत्वपूर्ण विकेट लेकर बढ़नी की टीम की कमर तोड़ने का काम किया। बलरामपुर टीम की खतरनाक गेंदबाजी ने मैच का पासा ही पलट दिया और विपक्षी टीम को लगातार दबाव बनायें रखा। वहीं फील्डिंग में भी बलरामपुर ने कई शानदार कैच और रन आउट करके विपक्षी टीम की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। फाइनल मुकाबले में बलरामपुर क्रिकेट टीम ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए युवा क्रिकेट क्लब बढ़नी को 75 रनों से शिकस्त देकर ÷चेयरमैन कप-2025÷ टूर्नामेंट पर अपना कब्जा कर लिया। मैच के बाद बलरामपुर के कप्तान ने कहा कि ÷हमारी टीम ने आज बेहतरीन प्रदर्शन किया है। गेंदबाजी और फील्डिंग में हमने जोरदार मेहनत की और इसका नतीजा हमारे सामने है। यह जीत हमारी टीम के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।÷ युवा क्रिकेट क्लब बढ़नी ने भी मैच में कड़ा संघर्ष किया, लेकिन बलरामपुर की गेंदबाजी के आगे उनका बल्लेबाजी क्रम टिक नहीं सका। वहीं बढ़नी के कप्तान ने कहा हमने पूरी कोशिश की, लेकिन आज बलरामपुर की टीम बहुत मजबूत थी। हम भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करेंगे। वहीं टीम के प्रशंसकों ने इस जीत का जोरदार जश्न मनाया और खिलाड़ियों को बधाईयां दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नि0 ब्लाक प्रमुख/भाजपा नेता विधानसभा 302 शोहरतगढ़ श्याम जायसवाल ने चेयरमैन कप-2025 के सफल आयोजन के लिए बढ़नी नगर पंचायत के चेयरमैन सुनील अग्रहरि को बहुत-बहुत बधाई दी।

## शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने नवागत बीईओ से मुलाक़ात कर समस्याओं से कराया अवगत



**उसका बाजार अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने बृहस्पतिवार को नवागत बीईओ ओम प्रकाश मिश्रा से मिलकर शिक्षक समस्याओं से अवगत कराया। संघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष हरिशंकर सिंह की अगुवाई में शिक्षकों के सेवा पुस्तिका को अद्यतन पूर्ण करने के लिए कहा। नॉमिनी का विकल्प भी सेवा पुस्तिका में अंकित करने के लिए कहा। बता दें कि खुनियांव विकास खंड से स्थानांतरित होकर आए बीईओ ओमप्रकाश मिश्र ने मंगलवार को बीआरसी उसका पर कार्यभार ग्रहण किया है। कहा क़ि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में ब्लॉक को निपुण बनाने के लिए पूर्ण रुप से प्रयास करेंगे। ब्लॉक को निपुण बनाने में शिक्षकों से सहयोग करने की अपेक्षा की है। इस दौरान पदाधिकारियों ने बुके और डायरी भेंट कर इनका स्वागत किया। इस दौरान अभिषेक मिश्रा, अमित पांडेय, रामसेवक गुप्ता, अजीजुर्रहमान, राघवेंद्र त्रिपाठी, श्यामसुंदर यादव, अखिलेश यादव, बालजी गोस्वामी, बृहस्पति पांडेय, मनोज गौड़ आदि मौजूद रहे।

## किसानों एवं मज़दूर सम्मान यात्रा के लिये बैठक 10 को

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद में किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी आगामी 10 मार्च को किसान मजदूर सम्मान एवं न्याय यात्रा निकालेगी। उक्त बातें कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय सिंह उर्फ कप्तान सिंह ने जलालपुर में आयोजित पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक में कहीं। पार्टी के वरिष्ठ नेता राजपति सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्होंने कहा कि 10 मार्च को शिवबाबा से कलेक्ट्रेट तक निकाली जाने वाली यात्रा ऐतिहासिक होगी।

# एआई का महत्त्व

भारत के एआई क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मोदी सरकार ने 2024 में 10,300 करोड़ रुपए के आबंटन के साथ इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी। अगले पांच वर्षों में यह निर्धारित निधि इंडिया एआई मिशन के विभिन्न घटकों को गति प्रदान करने के लिए तैयार है। एक उच्च स्तरीय सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा द्वारा समर्थित, इंडिया एआई मिशन अब भारतीय भाषाओं का उपयोग करके भारतीय संदर्भ के लिए स्वदेशी एआई कार्यक्रमों को लोकप्रिय बनाने करने के करीब है। एआई मॉडल की शुरुआत लगभग 10000 जीपीयू की कंप्यूटेशन सुविधा से हो रही है। इसमें जल्द ही शेष 8693 जीपीयू जोड़े जाएंगे। इंडिया एआई मिशन के लांच होने की 10 माह की अवधि में, नोडल मंत्रालय जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त करने और लगभग 18, 693 ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट, जीपीयू की एक उच्च स्तरीय और मजबूत सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा बनाने में सक्षम रहा है। यह ओपन सोर्स मॉडल डीपसीक की तुलना में लगभग नौ गुना और चैटजीपीटी की तुलना में लगभग दो तिहाई है। मोदी सरकार ने उल्लेखनीय रूप से, भारत के जीपीयू बाजार को खोलने की शानदार पहल की है और यह भारत में जीपीयू बाजार खोलने वाली पहली सरकार है, जिससे छोटे स्टार्टअप, शोधकर्ता और छात्र उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग संसाधनों तक पहुंच प्राप्त कर सकते हैं। मोदी सरकार अगले कुछ दिनों में देश में संस्थाओं को एआई विकास के लिए 18,000 उच्च स्तरीय जीपीयू आधारित कंप्यूट सुविधाएं उपलब्ध कराएगी और उनमें से10,000 पहले से ही उपलब्ध हैं। सरकार ने 10 कंपनियों का भी चयन किया है जो 18, 693 जीपीयू की आपूर्ति करेंगी। इसके अतिरिक्त भारत अगले तीन से पांच वर्षों में अपना स्वयं का जीपीयू विकसित करेगा और अगले 10 महीनों में एक घरेलू आधारभूत एआई प्लेटफॉर्म की उम्मीद की जा सकती है। सरकार जल्द ही एक सामान्य कंप्यूट सुविधा शुरू करेगी जहां स्टार्टअप और शोधकर्ता कंप्यूटिंग शक्ति तक पहुंच सकते हैं। जबकि वैश्विक जीपीयू एक्सेस की लागत लगभग ढाई से तीन डॉलर प्रति घंटा है, मोदी सरकार इसे केवल एक डॉलर प्रति घंटा पर प्रदान करेगी। शोधकर्ता, स्टार्टअप, शिक्षाविद, कालेज, आईआईटी सभी को इस कंप्यूटिंग शक्ति तक पहुंच मिल सकती है और वे आधारभूत मॉडल शुरू कर सकते हैं। इंडिया एआई डेटासेट प्लेटफॉर्म के माध्यम से सरकार का लक्ष्य उच्च गुणवत्ता वाले, गैर व्यक्तिगत डेटासेट तक पहुंच को सुव्यवस्थित करना और एक एकीकृत डेटा प्लेटफॉर्म बनाना है। जिससे एआई संचालित नवाचार में तेजी आती है।

## कैप्टन दविन्द्र सिंह कीर्ति चक्र (मरणोपरांत)

हरी राम यादव

वीरगति दिवस पर विशेष



हमारा पड़ोसी देश उस पड़ोसी की तरह है जो अपनी उन्नति से कम खुश होता है लेकिन दूसरे पड़ोसी की परेशानी से उसको ज्यादा ख़ुशी मिलती है। हमारा पड़ोसी देश हमेशा इस तरकीब में लगा रहता है कि वह किस तरह से हमारे देश को नुकसान पहुंचाकर खुश हो । वह अपनी इसी मानसिकता के चलते आये दिन सीमा पर कुछ ना कुछ हरकत करता रहता है, लेकिन हमारे देश की सेना की सजगता के चलते वह हमेशा अपने मकसद में विफल हो जाता है । फरवरी 2010 में एक ऐसी ही घटना घटित हुई जिसमें शामिल दहशतगर्द तो ढेर कर दिए गए लेकिन इस घटना ने देश और परिवार को एक ऐसा गहरा घाव दिया, जिसे देश और उस परिवार द्वारा भुला पाना नामुमकिन है। जम्मू कश्मीर के जनपद सोपोर का गावं चिंकीपोरा, जो की श्रीनगर से लगभग 54 किलोमीटर दूर स्थित है, 22 फरवरी 2010 को सुरक्षा बलों को खुफिया सूत्रों से सूचना मिली कि वहां कुछ घरों में कई आतंकवादी मौजूद है। इन आतंकवादीयों को पकड़ने के लिए पुलिस, सी आर पी एफ और सेना का एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू करने और आतंकवादियों का सफाया करने का निर्णय लिया गया और इस कार्य को 1 पैरा विशेष बल को सौंपा गया। 1 पैरा विशेष बल द्वारा इस अभियान के नेतृत्व की जिम्मेदारी कैप्टन दविन्द्र सिंह जस्स को दी गई। कैप्टन जस्स ने तुरन्त इस अभियान की जिम्मेदारी संभाल ली और 23 फरवरी 2010 को एकदम तड़के ही आपरेशन शुरू कर दिया।

आतंकवादी संदिग्ध इलाके में एक मकान में छिपे हुए थे, उस घर को कैप्टन जस्स की टीम ने सुनियोजित तरीके से घेर लिया। चुनौती दिए जाने पर आतंकवादियों ने अभियान दल पर फायर करना शुरू कर दिया और दोनों ओर से भीषण गोलाबारी शुरू हो गई। 04:45 बजे कैप्टन जस्स के नेतृत्व में हमला करने वाली टीम ने संदिग्ध इमारत पर धावा बोलने का फैसला किया। आतंकवादियों को इस तरह के हमले की पहले से ही आशंका थी, इसलिए उन्होंने घर के अन्दर पोजीशन ले ली थी । घर के अन्दर जो आतंकवादी छुपे थे वह काफी संख्या में और भारी हथियारों से लैस थे। जब कैप्टन जस्स और उनके साथियों ने इमारत पर धावा बोल दिया और दरवाजा खोलने के लिए आगे बढ़े, तो उन पर चारों तरफ से हमला किया गया, जिसमें आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों और हैंड ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। दोनों तरफ से भीषण गोलीबारी होने लगी जिसमें कैप्टन जस्स के दल के सदस्य घायल हो गए । अपनी सुरक्षा की परवाह ना करते हुए उन्होंने घायल सैनिकों में से एक सैनिक को फायरिंग के बीच से निकाल लिया । वह फिर रेंगकर आगे बढे और अपने दूसरे घायल साथी को भी निकाल लिया , इसी बीच वह बुरी तरह घायल हो गए। घायल होने के बावजूद वह अपने उद्देश्य में लगे रहे और गुत्थम गुत्था की लड़ाई में दो आतंकवादियो को मार गिराया। इस साहसिक कार्यवाही के दौरान कैप्टन जस्स लड़ते लड़ते वीरगति को प्राप्त हो गये।

कैप्टन दविन्द्र सिंह जस्स ने इस ऑपरेशन में उत्कृष्ट साहस और कुशल नेतृत्व का परिचय दिया, उनके उत्कृष्ट साहस और कुशल नेतृत्व के लिए उन्हें 23 फरवरी 2010 को मरणोपरान्त कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया। इस मुठभेड़ में कैप्टन जस के अलावा 1 पैरा विशेष बल के दो सैनिक नायक सेल्वा कुमार और पैराट्रूपर इम्तियाज अहमद थोकर भी वीरगति को प्राप्त हुए थे। इनकी वीरता के लिए इन्हें मरणोपरांत सेना मेडल से सम्मानित किया गया । मारे गए आतंकवादियों में लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन के एक-एक, हरकत-उल-मुजाहिदीन के दो और एक स्थानीय आतंकवादी था । यह ऑपरेशन लगभग 15 घंटे चला था।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने कैप्टन दविन्द्र सिंह जस के सम्मान में इंदिरापुरम योजना में महागुन मेंशन से शिप्रा माल तक जाने वाली सड़क का नामकरण शहीद कैप्टन दविन्द्र सिंह जस्स के नाम पर किया है। नगर निगम ने इसी रोड पर स्थित एक पार्क का नाम शहीद कैप्टन दविन्द्र सिंह जस्स पार्क रखा है। इनके परिवार द्वारा कैप्टन दविन्द्र सिंह जस्स की याद में जस्स मेमोरियल ट्रस्ट बनाया गया है जिसके माध्यम से शिक्षा, चिकित्सा और खेल के क्षेत्र में बालक और बालिकाओं की प्रतिभा को निखारा जाता है। इस ट्रस्ट द्वारा गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज में बैडमिंटन और वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण कराया गया है। कैप्टन दविन्द्र सिंह जस्स का जन्म 29 सितम्बर 1983 को दिल्ली में दलबीर कौर जस्स तथा भूपेंद्र सिंह जस्स के यहां हुआ था, उन्होंने इण्टरमीडिएट की परीक्षा गुरू हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल, इण्डिया गेट, नई दिल्ली से उत्तीर्ण किया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**1952 में, तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान जो आज बांग्लादेश है, में उर्दू को राष्ट्रीय भाषा बनाए जाने का विरोध किया गया था। बंगाली भाषा को राष्ट्रीय भाषा का दर्जा दिलाने के लिए विद्यार्थियों ने संघर्ष किया, जिसमें कई छात्र शहीद हो गए। उनकी शहादत के सम्मान में यह दिवस मनाया जाता है। विश्व के अनेक देशों को उपनिवेश बनाने वाले ब्रिटेन ने उन देशों में अंग्रेजी का प्रचार, प्रसार किया। जिसका प्रभाव उन देशों में आज भी उसी रूप में बना हुआ है। अन्य उपनिवेशों की भांति भारत में भी अंग्रेजी का प्रभाव आज भी बना हुआ है।**

# लोकसंस्कृति और परंपराओं की संवाहक होती है मातृभाषा

भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं होती, बल्कि यह किसी भी समाज की सांस्कृतिक धरोहर और पहचान का प्रतीक भी होती है। हर भाषा अपने भीतर एक इतिहास, परंपरा और समाज के विचारों को संजोए रखती है। भाषाई विविधता को संरक्षित करने और मातृभाषाओं के महत्व को समझाने के उद्देश्य से हर वर्ष 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। यह दिवस विश्वभर में भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने के साथ-साथ बहुभाषिकता को समर्थन देने के लिए मनाया जाता है।



बलदेव राज भारतीय

मातृभाषा वह भाषा होती है जिसे कोई व्यक्ति जन्म से अपनी माता, परिवार, समुदाय और समाज से सीखता है और अपने परिवेश में सबसे पहले प्रयोग करता है। यह न केवल विचारों को व्यक्त करने का माध्यम होती है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, पहचान और आत्मसम्मान से भी जुड़ी होती है। हमारी परंपराएं, लोकसंस्कृति तभी तक समृद्ध रहती है जब तक हम अपनी लोकभाषा या मातृभाषा को समृद्ध बनाए रखते हैं। मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र अन्य भाषाओं में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों की तुलना में अधिक कुशलता से ज्ञान अर्जित कर सकते हैं। वह किसी भी विषय को मातृभाषा में अधिक अच्छे ढंग से समझ सकते हैं। मातृभाषा में शिक्षा से बच्चों की तार्किक शक्ति विकसित होती है और उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा मिलता है। बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास में मातृभाषा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

किसी भी समुदाय की परंपराएं, लोककथाएं, गीत, साहित्य और रीति-रिवाज मातृभाषा के माध्यम से ही संरक्षित रहते हैं। भाषा के लोप होने से उस समुदाय की सांस्कृतिक धरोहर भी समाप्त होने का खतरा बढ़ जाता है। जब कोई भाषा विलुप्त होती है, तो उसके साथ उस भाषा से जुड़े रीति-रिवाज, परंपराएं और ज्ञान भी खो जाते हैं। इसीलिए मातृभाषा को संरक्षित रखना आवश्यक है। जब व्यक्ति अपनी मातृभाषा में संवाद करता है, तो उसे आत्मविश्वास महसूस होता है। यह उसकी अभिव्यक्ति की क्षमता को सशक्त बनाता है और समाज में उसकी पहचान को मजबूती देता है। मातृभाषा के माध्यम से व्यक्ति अपनी भावनाओं और विचारों को सहजता से व्यक्त कर सकता है, जिससे वह दूसरों के साथ बेहतर संबंध स्थापित कर सकता है।

व्यवसाय और अर्थव्यवस्था में मातृभाषा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। स्थानीय स्तर पर व्यवसाय को बढ़ावा देने में मातृभाषा का विशेष योगदान होता है, जिससे आर्थिक विकास संभव हो पाता है। जब व्यवसाय अपनी स्थानीय भाषा में संचालित होते हैं, तो उपभोक्ताओं को सेवाओं और उत्पादों की बेहतर समझ होती है, जिससे व्यापार को बढ़ावा मिलता है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक,



वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा वर्ष 1999 में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की घोषणा की गई थी और इसे पहली बार 21 फरवरी 2000 को मनाया गया। इस दिवस को मनाने के पीछे बांग्लादेश की एक ऐतिहासिक घटना जुड़ी हुई है।

1952 में, तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान जो आज बांग्लादेश है, में उर्दू को राष्ट्रीय भाषा बनाए जाने का विरोध किया गया था। बंगाली भाषा को राष्ट्रीय भाषा का दर्जा दिलाने के लिए विद्यार्थियों ने संघर्ष किया, जिसमें कई छात्र शहीद हो गए। उनकी शहादत के सम्मान में यह दिवस मनाया जाता है। विश्व के अनेक देशों को उपनिवेश बनाने वाले ब्रिटेन ने उन देशों में अंग्रेजी का प्रचार, प्रसार किया। जिसका प्रभाव उन देशों में आज भी उसी रूप में बना हुआ है। अन्य उपनिवेशों की भांति भारत में भी अंग्रेजी का प्रभाव आज भी बना हुआ है। अंग्रेजी में बोलने वाले को आज भी लोग सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। शुद्ध हिंदी में वक्तव्य देने वाले को वह सम्मान कभी नहीं मिल पाता जो अंग्रेजी के टूटे फूटे दो शब्द बोलने वाले को मिल जाता है। यह अंग्रेजी आज ग्रामीण भारत में भी कॉन्वेंट कल्चर को बढ़ावा दे रही है। इसी कारण लोग अपने बच्चों से मातृभाषा की गुदड़ी छीन कर उन्हें कॉन्वेंट कल्चर में ढालने के लिए लालायित रहते हैं। जब किसी नन्हें बच्चे की कम पढ़ी लिखी दादी छत के पंखे की ओर संकेत कर बच्चे को पंखा कहना सिखाने लगती है तो उसकी मॉडर्न मम्मा उसे झट से कहती है, बेटा पंखा नहीं, दिस इज़ ए फैन। बस हमारी मातृभाषा, हमारी लोकसंस्कृति, यहीं पर मार खा जाती है। अंग्रेज़ी जिस प्रकार एक अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में उभरी है, उससे कई स्थानीय भाषाओं के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। अधिकांश डिजिटल सामग्री प्रमुख अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में उपलब्ध है, जिससे मातृभाषाओं को सीमित स्थान मिलता है। कई देशों में प्राथमिक और उच्च शिक्षा में मातृभाषा को उतनी प्राथमिकता नहीं दी जाती, जिससे नई पीढ़ी अपनी भाषा से दूर होती जा रही है।

गांवों से शहरों की ओर पलायन करती आबादी और रोजगार के कारण लोग अपनी लोक संस्कृति और मातृभाषा से दूर हो जाते हैं, जिससे उनकी भाषा धीरे-धीरे विलुप्त होने लगती है। शहरीकरण और वैश्वीकरण के प्रभाव से कई स्थानीय भाषाएं विलुप्त होने के कगार पर हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है। इस नीति में इस बात पर जोर दिया गया है कि बच्चे की प्राथमिक शिक्षा उसकी अपनी मातृभाषा में होनी चाहिए। यह गांधी जी के इस वक्तव्य की पूर्ति करता है जिसमें उन्होंने ऐसा ही कहा था। परन्तु इसके लिए सरकार को स्कूलों में मातृभाषा में शिक्षा देने की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि बच्चों को अपनी भाषा में ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिले।

सरकारों को मातृभाषाओं के संरक्षण के लिए नीतियाँ बनानी चाहिए, जिससे स्थानीय भाषाओं का संवर्धन हो सके। जिससे लोगों को अपनी मातृभाषा, अपनी परंपराओं, लोकगाथाओं, लोकसंस्कृति को संरक्षित करने का अवसर मिले। इंटरनेट और डिजिटल प्लेटफार्मों पर क्षेत्रीय भाषाओं की उपस्थिति बढ़ाई जानी चाहिए। मोबाइल एप्स, वेबसाइट, और ऑनलाइन कंटेंट को बहुभाषी बनाया जाना चाहिए। विडंबना देखिए कि कंप्यूटर द्वारा सर्वाधिक ग्राहय भाषा संस्कृत, जिसे संपूर्ण भाषा का दर्जा भी प्राप्त है, उसकी आज भी अनदेखी की जा रही है, मातृभाषा की तो बात ही दूर है। लोगों को उनकी मातृभाषा के महत्व के बारे में जागरूक करना आवश्यक है। इसके लिए संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि भाषाई विविधता और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का एक महत्वपूर्ण अवसर है तथा यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपनी मातृभाषा को न केवल बोलने और लिखने में गर्व महसूस करे, बल्कि अगली पीढ़ी को भी इसका महत्व समझाए। मातृभाषा के संरक्षण से ही हम अपनी जड़ों से जुड़े रह सकते हैं।

# मातृभाषाएं संवारती हैं संस्कार और संस्कृति को

**यूनेस्को का मानना है कि स्थायी समाज के लिए सांस्कृतिक और भाषाई विविधता बहुत जरूरी है। शांति के लिए अपने जनादेश के तहत यह संस्कृतियों और भाषाओं में अंतर को बनाए रखने के लिए काम करता है जो दूसरों के लिए सहिष्णुता और सम्मान को बढ़ावा देते हैं। बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक समाज अपनी भाषाओं के माध्यम से अस्तित्व में रहते हैं जो पारंपरिक ज्ञान और संस्कृतियों को स्थायी तरीके से प्रसारित और संरक्षित करते हैं। भाषाई विविधता लगातार खतरे में पड़ती जा रही है क्योंकि अधिकाधिक भाषाएं लुप्त होती जा रही हैं।**

मातृभाषा केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपराओं, जीवनमूल्यों और इतिहास को संजोने का एक सशक्त साधन है। यह समाज, संस्कृति एवं राष्ट्र के लिए पहचान का महत्वपूर्ण साधन होती है। शोध बताते हैं कि बच्चे अपनी मातृभाषा में पढ़कर अधिक अच्छी तरह से समझ विकसित करते हैं, वहीं आमजन के लिये संवाद एवं व्यवहार का प्रभावी माध्यम भी यही है। इससे उनकी बौद्धिक क्षमता और रचनात्मकता में वृद्धि होती है। यूनेस्को ने मातृभाषा के महत्व को समझते हुए मातृभाषा के संरक्षण और बहुभाषी शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हर साल 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने की घोषणा 1999 में की और 2000 से इसकी शुरुआत की। इस वर्ष 25वीं वर्षगांठ मनाते हुए इसकी थीम भाषा का महत्व : अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का रजत जयंती समारोह है, जो 2030 तक अधिक समावेशी और टिकाऊ विश्व के निर्माण के लिए भाषाई विविधता पर प्रगति में तेजी लाने की आवश्यकता को रेखांकित करेगा। भाषाई विविधता को बढ़ावा देने, लुप्तप्राय भाषाओं की रक्षा करने और बहुभाषी शिक्षा को प्रोत्साहित करने के प्रयासों को प्रदर्शित करने पर जोर दे रहा है। तकनीकी विकास और इंटरनेट के सुरक्षित विस्तार के साथ, यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि स्थानीय और मातृभाषाओं को डिजिटल माध्यमों में कैसे संरक्षित किया जाए। यह दिवस हमें भाषाओं को डिजिटल रूप में संरक्षित करने और अगली पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए प्रेरित करता है। यूनेस्को का मानना है कि स्थायी समाज के लिए सांस्कृतिक और भाषाई विविधता बहुत जरूरी है। शांति के लिए अपने जनादेश के तहत यह संस्कृतियों और भाषाओं में अंतर को बनाए रखने के लिए काम करता है जो दूसरों के लिए सहिष्णुता और सम्मान को बढ़ावा देते हैं। बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक समाज अपनी भाषाओं के माध्यम से अस्तित्व में रहते हैं जो पारंपरिक ज्ञान और संस्कृतियों को स्थायी तरीके से प्रसारित और संरक्षित करते हैं। भाषाई विविधता लगातार खतरे में पड़ती जा रही है क्योंकि अधिकाधिक भाषाएं लुप्त होती जा रही हैं। वैश्विक स्तर पर 40 प्रतिशत आबादी को उस भाषा में शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा नहीं है जिसे वे बोलते या समझते हैं। फिर भी, बहुभाषी शिक्षा में प्रगति हो रही है, इसके महत्व की समझ बढ़ रही है, खासकर प्रारंभिक स्कूली शिक्षा में, और सार्वजनिक जीवन में इसके विकास के लिए अधिक प्रतिबद्धता है।



ललित गर्ग

मातृभाषा जीवन का आधार है, यह एक ऐसी भाषा होती है जिसे सीखने के लिए उसे किसी कक्षा की जरूरत नहीं पड़ती। जन्म लेने के बाद मानव जो प्रथम भाषा सीखता है उसे उसकी मातृभाषा कहते हैं, वही व्यक्ति की सामाजिक एवं भाषाई पहचान होती है। लेकिन मानव समाज में कई दफा हमें मानवाधिकारों के हनन के साथ-साथ मातृभाषा के उपयोग को गलत भी बताया

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस




जाता रहा है। ऐसी ही स्थिति पैदा हुई थी 21 फरवरी 1952 को बांग्लादेश में जब 1947 में भारत के विभाजन के बाद पाकिस्तान ने पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में उर्दू को राष्ट्रीय भाषा घोषित कर दिया था। लेकिन इस क्षेत्र में बांग्ला और बंगाली बोलने वालों की अधिकता ज्यादा थी और 1952 में जब अन्य भाषाओं को पूर्वी पाकिस्तान में अमान्य घोषित किया गया तो ढ़ाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने आंदोलन छेड़ दिया। आंदोलन को रोकने के लिए पुलिस ने छात्रों और प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलानी शुरु कर दी जिसमें कई छात्रों की मौत हो गई। अपनी मातृभाषा के हक में लड़ते हुए मारे गए शहीदों की ही याद में मातृभाषा दिवस मनाया जाता है।

विश्व में विगत 40 वर्षों में लगभग डेढ़ सौ से अधिक अध्ययनों के निष्कर्ष हैं कि मातृभाषा में ही शिक्षा होनी चाहिए, क्योंकि बालक को माता के गर्भ से ही मातृभाषा के संस्कार प्राप्त होते हैं। भारतीय वैज्ञानिक सी.वी.श्रीनाथ शास्त्री के अनुभव के अनुसार अंग्रेजी माध्यम से इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त करने वाले की तुलना में भारतीय भाषाओं के माध्यम से पढ़े छात्र, अधिक वैज्ञानिक अनुसंधान करते हैं। भारत में मातृभाषाओं को प्रोत्साहन देने के लिये नरेन्द्र मोदी सरकार प्रयासरत है। उन्होंने उच्च शिक्षा के स्तर पर भी बहुभाषिकता को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्वीकार किया है। हमारे देश में मातृभाषाओं के प्रति अनेक प्रकार के भ्रम फैले हैं, जिनमें एक भ्रम है कि अंग्रेजी विकास और ज्ञान की भाषा है। जबकि इस बात से यूनेस्को सहित अनेक संस्थानों के अनुसंधान यह सिद्ध कर चुके हैं कि अपनी भाषा में शिक्षा से ही बच्चे का सही एवं सर्वांगीण मायने में विकास हो पाता है। इस दृष्टि से मातृभाषा में शिक्षा पूर्ण रूप से वैज्ञानिक है। इसी मत को भारत के राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र तथा शिक्षा संबंधित सभी आयोगों आदि ने भी माना है।

मातृभाषा को प्रोत्साहन देकर ही भारत सुपर पावर बनने के अपने सपने को साकार कर सकता है। इस महान उद्देश्य को पाने की दिशा में विज्ञान, तकनीक और अकादमिक क्षेत्रों में नवाचार और अनुसंधान करने के अभियान को तीव्रता प्रदान करने के साथ मातृभाषा में शिक्षण को प्राथमिकता देना होगा। मातृभाषा सम्पूर्ण देश में सांस्कृतिक और भावात्मक एकता स्थापित करने का प्रमुख साधन है। भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में भी हिन्दी ने देश को एकजुट करने में सशक्त भूमिका का निर्वहन किया। भारत का परिपक्व लोकतंत्र, प्राचीन सभ्यता, समृद्ध संस्कृति तथा अनूठा संविधान विश्व भर में एक उच्च स्थान रखता है, उसी तरह भारत की गरिमा एवं गौरव की प्रतीक मातृ भाषाओं को हर कीमत पर विकसित करना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए। 85 संस्थाओं और विश्वविद्यालयों के तीन हजार विशेषज्ञों के पीपुल्स लिंग्युस्टिक सर्वे आफ इंडिया (पीएलएसआई) के अध्ययन के अनुसार पिछले 50 वर्षों के दौरान 780 विभिन्न बोलियों वाले देश की 250 भाषाएँ लुप्त हो चुकी हैं। इनमें से 22 अधिसूचित भाषाएं हैं।

जनसंख्या के आंकड़ों के अनुसार 10 हजार से अधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली 122 भाषाएं हैं। बाकी 10 हजार से कम लोगों द्वारा बोली जाती है। आयरिश भाषाई विद्वान जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन के बाद पहली बार 1898-1928 के बीच भाषाई सर्वे किया गया है। आजाद भारत में पहली बार किए गए इस पहले सर्वे में चार वर्ष लगे। इस रिपोर्ट के अनुसार भाषाई विविधता की दृष्टि से भारत में अरुणाचल प्रदेश सबसे समृद्ध राज्य है, वहाँ 90 से अधिक भाषाएँ बोली जाती है। इसके बाद महाराष्ट्र और गुजरात का स्थान है, जहाँ 50 से अधिक भाषाएँ बोली जाती है। 47 भाषाओं के साथ ओडिशा चौथे स्थान पर है। इसके विपरीत गोवा में सिर्फ तीन भाषाएं बोली जाती हैं तो दादर और नगर हवेली में एक भाषा 'गोरपा' है, जिसका अब तक कोई रिकार्ड नहीं है।

# मुफ्त की रेवड़ियों पर 'सुप्रीम' नाराजगी से बदलेगी तस्वीर!

**देशभर में मुफ्त बिजली व महिलाओं को मुफ्त सफर और मासिक आर्थिक सहायता सबसे लोकप्रिय फ्रीबीज योजनाएं हैं। मन से या बेमन से... हर राजनीतिक दलों ने इन्हें स्वीकारना शुरू कर दिया है। सियासी दल चुनाव में लैपटॉप, साइकिल, स्मार्टफोन, आर्थिक सहायता, बेरोजगारी भत्ता और मुफ्त पानी देने का वादा करते हैं। कर्जमाफी भी मुफ्त की रेवड़ी का बड़ा उदाहरण है।**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान मुफ्त की रेवड़ियों का मुद्दा जोर-शोर से उछला था। भाजपा ने आम आदमी पार्टी की फ्रीबीज योजनाओं पर सवाल खड़े किए तो केजरीवाल ने रेवड़ी नाम से ही अपनी योजनाओं का प्रचार तक कर डाला। मुफ्त की रेवड़ियों का मामला सिर्फ दिल्ली तक ही सीमित नहीं है, बल्कि चुनाव जीतने के लिए कई राजनीतिक दल लोगों को फ्री सुविधाएं देने का वादा करने लगे हैं। बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्तखोरी और रेवड़ियों पर चिंता के साथ-साथ नाराजगी भी जताई है। मुफ्त सुविधाओं के चलते लोग काम नहीं करना चाहते। खेतों में मजदूर नहीं मिल पा रहे हैं। लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। बिना काम किए नकदी पैसे मिल रहे हैं। मुफ्त पेंशन बांटी जा रही हैं। कई मुफ्त योजनाओं की घोषणाएं कर सुविधाएं दी जा रही हैं।



रोहित माहेश्वरी

सुप्रीम कोर्ट शहरी क्षेत्रों में बेघर व्यक्तियों के आश्रय के अधिकार से संबंधित मामले की सुनवाई कर रहा था। अदालत ने कहा कि लोगों को बिना काम किए मुफ्त राशन और पैसा मिल रहा है। हम उनके प्रति आपकी चिंता की सराहना करते हैं, लेकिन क्या यह बेहतर नहीं होगा कि उन्हें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाए और राष्ट्र के विकास में योगदान करने का मौका दिया जाए? याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि देश में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा जो काम न करना चाहे, यदि उसके पास काम हो। इस पर जस्टिस गवई ने कहा कि आपको केवल एकतरफा जानकारी है। मैं एक कृषक परिवार से आता हूं। महाराष्ट्र में चुनाव से पहले घोषित मुफ्त सुविधाओं के कारण किसानों को मजदूर नहीं मिल रहे हैं। हालांकि, अदालत ने कहा कि वह इस मुद्दे पर बहस नहीं करना चाहती। न्यायालय ने कहा कि अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी समेत सभी लोग इस बात पर एकमत हैं कि बेघर लोगों को आश्रय प्रदान करने पर उचित ध्यान दिया जाना चाहिए। लेकिन, साथ ही क्या इसे संतुलित नहीं किया जाना चाहिए?

फ्रीबीज की कोई तय परिभाषा नहीं है। मगर बेहद कम समय में लक्षित आबादी को ध्यान में रखकर लोगों को मुफ्त में वस्तुएं एवं सेवाओं को देने को ही फ्रीबीज कहा जाता है। 2022 की अपनी रिपोर्ट में आरबीआई ने फ्रीबीज को एक लोक कल्याणकारी उपाय के तौर पर परिभाषित किया है, इन्हें मुफ्त में प्रदान किया जाता है। फ्रीबीज का इस्तेमाल राजनीतिक दल अधिकतर चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने में करते हैं। सभी राजनीतिक दलों के बीच मुफ्त बिजली देने का वादा सबसे लोकप्रिय फ्रीबीज है। माना जाता है कि फ्रीबीज की शुरूआत दक्षिण भारत




के राज्यों से ही हुई। यहां लोगों को मिक्सर और टीवी देने की जैसी योजनाएं राजनीतिक दलों के जुबान पर होती हैं। मगर अब हर चुनाव में मुफ्त की योजनाएं व्यापक हो रही हैं। पिछले तीन-चार सालों में इनका चलन और भी तेज हुआ है। पहले फ्रीबीज के नाम पर मुफ्त साड़ी, कंबल, टीवी, लैपटॉप, साइकिल, पानी, गेहूं, बिजली और चावल का वादा किया जाता था। मगर अब सीधे खातों पर पैसे भेजने की बात होती है। कुछ राज्यों में आर्थिक मदद भेजी भी जा रही है। बिहार में लंबे समय से लड़कियों को मुफ्त में साइकिलें देने का चलन है।

देशभर में मुफ्त बिजली व महिलाओं को मुफ्त सफर और मासिक आर्थिक सहायता सबसे लोकप्रिय फ्रीबीज योजनाएं हैं। मन से या बेमन से... हर राजनीतिक दलों ने इन्हें स्वीकारना शुरू कर दिया है। सियासी दल चुनाव में लैपटॉप, साइकिल, स्मार्टफोन, आर्थिक सहायता, बेरोजगारी भत्ता और मुफ्त पानी देने का वादा करते हैं। कर्जमाफी भी मुफ्त की रेवड़ी का बड़ा उदाहरण है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि राष्ट्रीय विकास के लिए लोगों को मुख्यधारा में लाने के बजाय हम उन्हें नकारा बना रहे हैं। मुफ्तखोरी और रेवडियों का देश के खजाने पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। देश और राज्यों पर कर्ज के बोझ असहनीय होते जा रहे हैं। बजट में कटौतियां कर सरकारें रेवडियां परोसने को विवश हैं, क्योंकि अब यही राजनीति हो गई है। सवाल यह भी है कि इन लोगों को विकास में योगदान देने के अवसर क्यों न दिए जाएं?

यह कर्ज का बोझ है अथवा मुफ्तखोरी बांटने का असर है कि 2025-26 के राष्ट्रीय बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, कृषि, समाज कल्याण, प्रधानमंत्री आवास योजना, फसल बीमा योजना, जल-जीवन मिशन, प्रधानमंत्री मुफ्त अनाज योजना आदि के बजट में कटौतियां करनी पड़ी हैं। देश पर 200 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का मोटा हिस्सा कर्ज और उसका ब्याज चुकाने में खर्च करना पड़ रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक भी इस मुद्दे पर चिंता और सरोकार जताते हुए कह चुका है कि जीडीपी के 20 फीसदी से ज्यादा कर्ज लेना ठीक नहीं है। हाल ही में महाराष्ट्र और दिल्ली में विधानसभा चुनाव हुए हैं। दोनों चुनावों में मुफ्तखोरी और रेवडियों की जमकर बोलियां लगाई गईं। दिल्ली में एक लंबे अंतराल के बाद भाजपा सत्ता में लौटी है। अभी सरकार का गठन होना है, लेकिन अनुमान सामने आ रहे हैं कि मुफ्तखोरी की योजनाओं को लागू करने के लिए कमोबेश 25,000 करोड़ रुपए की जरूरत पड़ेगी। दिल्ली का कुल बजट 76,000 करोड़ रुपए का है।

उसमें से करीब 62-64 हजार करोड़ रुपए वेतन, भत्तों, पेंशन आदि पर खर्च हो जाते हैं। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए करीब 6000 करोड़ रुपए ही शेष बचते हैं। तो नए खर्चों के लिए 25,000 करोड़ रुपए कहां से आएंगे? महाराष्ट्र में 1 लाख करोड़ रुपए की बजट में कटौती का खतरा आसन्न है। मुफ्त योजनाओं को मिला कर 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक का घाटा हो सकता है। राज्य पर कर्ज 7.11 लाख करोड़ रुपए का है। शिव भोजन थाली, तीर्थ यात्रा, आनंद सिद्धा आदि योजनाएं या तो बंद करनी पड़ी हैं अथवा बंद होने के कगार पर हैं। जिस 'लाडकी बहिन' योजना के बल पर भाजपा-महायुती की सरकार बरकरार रही है, उस योजना के वर्गीकरण पर पुनर्विचार किया जा रहा है, क्योंकि इस योजना पर 46,000 करोड़ रुपये अनुमानित खर्च है। जाहिर है कि कई महिलाओं की नकदी पर गाज गिरना तय है। ठेकेदार अपने काम के भुगतान मांगने को कपड़े फाड़ रहे हैं, लेकिन लगातार घाटों के कारण सरकार की सांसें फूली हैं। ऐसे फलितार्थ लगभग सभी राज्यों में सामने आ रहे हैं।

# मां जानकी के मायके में महाकुम्भ का उल्लास



## नेपाल के 50 लाख लोगों ने किया पवित्र स्नान

- बड़े हनुमान जी के लिए विशेष रूप से भगवान राम की ससुराल से आया पवित्र अक्षत व अन्य सामान
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भव्य आयोजन
- नेपाल से आए खास उपहार

**अवधनामा ब्यूरो**

**महाकुम्भनगर/लखनऊ।** मां जानकी के मायके नेपाल में महाकुम्भ को लेकर जबरदस्त उल्लास देखा जा रहा है। महाकुम्भनगर में आयोजित दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम में अब तक नेपाल से आए 50 लाख से अधिक लोगों ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुम्भ का आयोजन अद्वितीय भव्यता के साथ किया जा रहा है। जिससे नेपाल समेत दुनियाभर के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। यहां बड़े हनुमान जी के लिए विशेष रूप से भगवान राम की ससुराल से पवित्र अक्षत व अन्य सामान लेकर लोग आ रहे हैं और यहां से गंगा जल और संगम की माटी अपने साथ नेपाल भी ले जा रहे हैं। वहां के श्रद्धालुओं में बड़े हनुमान मंदिर और अक्षय वट के प्रति अद्भुत आस्था देखने को मिल रही है। नेपाल के लोगों में प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में स्नान के साथ साथ अयोध्या में श्री राम और काशी में बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने का भी क्रेज बहुत तेजी से बढ़ गया है।

### संगम की रेत और गंगा जल ले जाकर नेपाल के धार्मिक अनुष्ठानों में उपयोग कर रहे लोग

नेपाल एसोसिएशन ऑफ टूर एंड ट्रेवेल्स एजेंट्स बांके चैप्टर के अध्यक्ष श्री राम सिग्देल ने बताया कि नेपाल से विशेष रूप से भगवान श्रीराम की ससुराल जनकपुर से पवित्र अक्षत महाकुम्भ में लाया गया है। जिसे संगम तट पर स्थित बड़े हनुमान जी को अर्पित किया गया है। वहीं, नेपाल के श्रद्धालुओं ने संगम की रेत और गंगा जल को सबसे अमूल्य धरोहर मानते हुए माथे पर लगाया और इसे अपने साथ घर ले गए। ये श्रद्धालु इन पवित्र वस्तुओं को ले जाकर अपने धार्मिक अनुष्ठानों में उपयोग भी कर रहे हैं।योगी आदित्यनाथ सरकार की ओर से महाकुम्भ में किए गए भव्य इंतजामों की हर कोई सराहना कर रहा है। नेपाल एसोसिएशन ऑफ टूर एंड ट्रेवेल्स एजेंट्स, बांके चैप्टर के अध्यक्ष श्री राम सिग्देल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से की गई व्यवस्थाएं अतुलनीय हैं। जिससे नेपाल के श्रद्धालुओं को भारत में आने पर किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने पा रही। नेपाल से मां जानकी के मायके से नए वस्त्र, आभूषण, फल, मेवा, पकवान, धोती-कुर्ता, गमछा आदि भेंट स्वरूप लाए गए। यह उपहार महाकुम्भ की धार्मिक समृद्धि को और बढ़ा रहे हैं।

### नेपाल में अयोध्या और काशी के प्रति बढ़ा आकर्षण

अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण और काशी में विश्वनाथ धाम कॉरिडोर को लेकर नेपाल के श्रद्धालुओं में इन धार्मिक स्थलों के प्रति विशेष आकर्षण बढ़ा है। हर दिन लाखों की संख्या में नेपाल से श्रद्धालु संगम स्नान के लिए प्रयागराज पहुंच रहे हैं। उनकी आस्था और श्रद्धा महाकुम्भ की दिव्यता को और अधिक बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयास से महाकुम्भ विश्व भर के श्रद्धालुओं के लिए एक ऐतिहासिक और अविस्मरणीय आयोजन बन चुका है।

## आधी आबादी की सहभागिता से प्रयागराज महाकुम्भ रच रहा है नया इतिहास



- शिक्षा और सुरक्षा से मिली ताकत, सनातन को समझने की जगी ललक
- नारी शक्ति की सहभागिता ने रचा इतिहास

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज महाकुम्भ सनातन के विस्तार की बुलंदी की नई इबारत लिख रहा है। देश की 50 फीसदी के आगमन की तरफ आगे बढ़ रहे प्रयागराज महाकुम्भ ने समाज के सभी वर्गों की भागीदारी हुई है। नारी शक्ति की महाकुम्भ में अब तक सबसे अधिक संख्या में मौजूदगी के कई सामाजिक निहितार्थ भी सामने आए हैं।

प्रयागराज महाकुम्भ में पहुंचने वालों की संख्या 55 करोड़ को भी पार कर गई है। देश की लगभग आधी आबादी का यहां पहुंचना समाज विज्ञानियों के लिए भी एक विश्लेषण और शोध के लिए प्रेरित करता है। देश में सामाजिक व्यवस्था पर हो रहे परिवर्तन पर अध्ययन करने वाले शीर्षस्थ मंच गोविन्द बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान के शोधार्थियों ने अपने शोध में नारी सहभागिता को लेकर जो प्रारम्भिक निष्कर्ष सामने आए हैं वह मौजूदा समाज की सोच का खाका खींच रही है। संस्थान के निदेशक प्रो बद्री नारायण और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अर्चना सिंह के नेतृत्व में यह शोध चल रहा है। डॉ अर्चना सिंह का कहना है कि महाकुम्भ के विभिन्न एंट्री पॉइंट्स और स्नान घाटों पर उनके अध्ययन दल के सदस्य मौजूद हैं जो अभी भी महा कुम्भ आने वाली आबादी के विभिन्न पहलुओं पर उनसे बातचीत कर उनके बिहेवियर और उनकी सोच को समझने का प्रयत्न कर रही है। डॉ अर्चना का कहना है कि महाकुम्भ आ रही आबादी में आधी आबादी की संख्या 40 फीसदी से अधिक है। इसके पूर्ववर्ती कुम्भ के आयोजनों से यह संख्या अधिक है। इसमें नगरीय क्षेत्र से आने वाली महिलाओं की संख्या भी बढ़ी है खासकर 18 से 35 आयु वर्ग से ,जो कई तरह के संकेत दे रही है।

### शिक्षा , सुरक्षा से मिली ताकत जगी सनातन की ललक

प्रयागराज महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं में नारी शक्ति की संख्या में इस बार अधिक बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। लेकिन सहभागिता के साथ इसके पीछे के कारक अधिक महत्वपूर्ण हैं। शोध दल की समन्वयक डॉ अर्चना सिंह का कहना है कि इस बार महाकुम्भ में विमेन ओनली ग्रुप की महिलाओं की संख्या अधिक थी जो किसी पुरुष के साथ नहीं बल्कि अकेले आई थी। इसकी वजह एक तरफ अगर उनके शिक्षा की बेहतर स्थिति है तो वहीं दूसरी तरफ खुद को अब वह अधिक सुरक्षित समझ रही है। प्रदेश में सुरक्षित वातावरण से वह घर से भी निकली है और अपने को व्यक्त भी कर रही है। अभी तक जो घर में पूजा अर्चना तक खुद को सीमित रखती थी अब वो सनातन को भी समझने के लिए आगे आई हैं।

### धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं ने दी स्वीकृति

महाकुम्भ अध्ययन दल की इस 17 सदस्यीय टीम के निष्कर्ष में यह भी बात सामने आई है कि अब धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं का दृष्टिकोण भी बदला है। शोध दल की सीनियर फेलो डॉ नेहा राय का कहना है कि महाकुम्भ में अखाड़ों और उनके धर्माचार्यों का दृष्टिकोण भी इस बार नारी शक्ति के प्रति अधिक उदारवादी रहा है। अखाड़ों में महिला श्रद्धालुओं को सम्मान और स्वीकृति भी बढ़ी है। इससे सनातन को समझने में उनकी ललक बढ़ी है। इसी दल की शोध सदस्या डॉ प्रीति यादव का कहना है कि बहुत सी महिलाओं ने अखाड़ों के साधु संतों और धर्माचार्यों के सामने अपनी जिज्ञासा और अपने विमर्श भी दिए, जिससे साधु संतों को भी सनातन के विस्तार के लिए रास्ता बनाने में आसानी होगी ।



## स्वेता मोहन के भजनों से पण्डाल में बढ़ी रौनक

- पद्मश्री चित्रा विश्वेश्वरन् ने भरतनाट्यम नृत्य में किया शिव का अभिनंदन

गंगा पण्डाल में नित्य पद्मश्री, पद्मभूषण, संगीत नाटक अकादमी, राष्ट्रीय एवं राज्य पुरस्कार से सम्मानित कलाकारों का जमावड़ा हुआ है। गुरुवार को कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय पार्श्र्वगायिका तथा 5 बार फिल्मफेयर पुरस्कार दक्षिण, केरल राज्य फ़िल्म पुरस्कार, तमिलनाडु राज्य फ़िल्म पुरस्कार से सम्मानित श्वेता मोहन ने अपनी सुरीली आवाज से पण्डाल को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्वेता मोहन दक्षिण भारत के सभी भाषाओं में गीत प्रस्तुत कर चुकी हैं तथा 700 से भी अधिक गाने गाये हैं। ए आर रहमान के लिए उनके द्वारा बॉम्बे फ़िल्म के लिये गाया गीत कुची कुछ रक्कामा बेहद पसंद किया जाता है। इन्होंने इलैयाराजा, विद्यासागर, एम एम कोरवानी, हैरिस जयराज, युवान शंकर जैसे संगीत निर्देशकों के साथ काम किया है। बड़े अच्छे लगते है धारावाहिक के तमिल वर्ज़न में टाइटल गीत से लेकर बोल बेबी बोल, सुपर सिंगर के कई भाग तथा ज़ी तमिल के सा रे गा मा पा लिटिल चैम्प में जज का भी काम किया है। आज के कार्यक्रम में सबसे पहले भगवान गणपति की स्तुति वनापि गनपतिम करके भगवान का आवाहन किया। उसके बाद भगवान शिव शम्भू को समर्पित भजन भो शम्भू प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अगली प्रस्तुति के रूप में नीरजा डाला नयना प्रस्तुत किया जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। भगवान कृष्ण को समर्पित बाजे रे मुरलिया से दर्शकों को रिझाया। कार्यक्रम के अंतिम गीत में भक्त जना वत्सले प्रस्तुत किया। उसके बाद दूसरी प्रस्तुति के रूप में पद्मश्री एवं संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित तथा मां व गुरु रुक्मणि पद्मनाभन से दीक्षित चित्रा जी को कालिमामणि की उपाधि तमिलनाडु सरकार द्वारा दी गई। साथ ही इन्हें महिला शिरोमणि एवं श्री रत्ना की भी उपाधि दी गई है। आज के कार्यक्रम में अन्तकान्तका किया जिसमें भगवान शिव को समर्पित तीन ताल में एक रागमाला का भावनृत्य प्रस्तुत किया। इसमें दर्शाया गया कि कैसे आप अपने आप को, शरीर और आत्मा को समर्पित करते हैं। उसके बाद गंगे गंगे पुरिया धनश्री ताल में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत मे भरतनाट्यम में थिलाना प्रस्तुत किया जो आनंदमय आनंद का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत मे उन्होंने पंचाक्षर स्त्रोतम प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के समापन पर संस्कृति विभाग के कार्यक्रम अधिशासी कमलेश कुमार पाठक एवं संस्कृति मंत्रालय की वरिष्ठ सलाहकार सुश्री गौरी बसु ने सभी कलाकारों को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# महाकुंभ मेला के अंतिम सप्ताह में यात्री यातायात में वृद्धि को संभालने के लिए भारतीय रेलवे तैयार

- प्रमुख स्टेशनों पर कुल 8,54,207 वर्गफुट क्षेत्र को होल्डिंग क्षेत्र के रूप में परिवर्तित किया गया

**अवधनामा ब्यूरो**



**नई दिल्ली/लखनऊ।** महाकुंभ के अंतिम सप्ताह के दौरान यात्री यातायात में होने वाली वृद्धि को संभालने के लिए भारतीय रेलवे तैयार है। उत्तर रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे और पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाये गए हैं। ये होल्डिंग एरिया प्लेटफॉर्म के बाहर स्थित हैं, ताकि यात्रियों के प्रवाह को नियंत्रित करने और भीड़भाड़ को रोकने में मदद मिल सके। यात्रियों को उनकी ट्रेनों के निर्धारित प्रस्थान समय के आधार पर प्लेटफॉर्म में प्रवेश करने की अनुमति दी जाती है। इस पहल का उद्देश्य भीड़ प्रबंधन में सुधार करना और यात्रियों की सुरक्षा को बढ़ाना है, खासकर व्यस्त समय और त्योहारों के मौसम में। उत्तर रेलवे ने गाजियाबाद में 4200 वर्ग फीट, आनंद विहार में 3800 वर्ग फीट, नई दिल्ली में 12710 वर्ग फीट, अयोध्या धाम में 3024 वर्ग मीटर और बनारस में 1280 वर्ग मीटर और 875 वर्ग मीटर के विशाल होल्डिंग एरिया बनाए हैं। उत्तर रेलवे ने कुल 25889 वर्ग फीट क्षेत्र में होल्डिंग एरिया बनाए हैं। पूर्वोत्तर रेलवे ने बनारस में 2200 वर्ग फुट, सिवान में 5250 वर्ग फुट, बलिया में 8000 वर्ग फुट, देवरिया में 3600 वर्ग फुट, छपरा में 10000 वर्ग फुट, गोरखपुर में 2500 वर्ग फुट का होल्डिंग एरिया बनाया है। पूर्वोत्तर रेलवे ने कुल 34050 वर्ग फुट क्षेत्र में होल्डिंग एरिया बनाया है। पूर्व मध्य रेलवे ने राजेंद्र नगर टर्मिनल पर दो होल्डिंग एरिया बनाए हैं: 2700 वर्ग फीट और 800 वर्ग फीट, पटना जंक्शन 2700 वर्ग फीट और 2700 वर्ग फीट, दानापुर 2700 वर्ग फीट और 2400 वर्ग फीट। इसके अलावा, आरा 3375 वर्ग फीट, बक्सर: 900 वर्ग फीट, मुजफ्फरपुर: 2400 वर्ग फीट, हाजीपुर: 2400 वर्ग फीट, बरौनी: 2400 वर्ग फीट, समस्तीपुर 2400 वर्ग फीट, जयनगर: 2000 वर्ग फीट, मधुबनी: 2000 वर्ग फीट, रक्सौल: 2000 वर्ग फीट, सकरी: 2000 वर्ग फीट, दरभंगा: 2400 वर्ग फीट, सहरसा: 2400 वर्ग फीट, प. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन: 2400 वर्ग फीट, सासाराम: 2000 वर्ग फीट, गया: 2000 वर्ग फीट। पूर्व मध्य रेलवे ने कुल 47,075 वर्ग फीट क्षेत्र में होल्डिंग एरिया बनाया है।

## मौसम के बदलते मिजाज से किसानों की चिंताएं बढ़ी

**मथुरा।** एक ओर जनपद के कोल्ड स्टोरेज में आलू का भंडारण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। ऐसे में बीती रात आंधी और वर्षा से किसान आलू की खुदाई स्थगित हो गई। मौसम के अचानक मिजाज बदलने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ गई हैं। कहीं पिछले साल की तरह आलू खुदाई के दौरान हुई वारिस के कारण इस बार भी नुकसान ना हो जाए। पिछले साल का कड़वा अनुभव अभी तक जनपद के किसान आज भी भूले नहीं हैं। किसानों का कहना है कि बूंदाबादी बढ़ती हैं तो आलू की खुदाई लेट हो सकती है, बूंदाबांदी से खेतों में आलू हरा हो जाएगा जो खाने लायक नहीं रहता। खुदाई लेट हुई तो आगे चलकर तापमान बढ़ेगा और आलू की क्वालिटी खराब होने के चांस बढ़ जाएंगे। आलू दागी हो जाएगा। इस बूंदाबादी से किसानों की गेहूं की फसल गिर रही हैं। जिससे गेहूं की फसल में नुकसान बढ़ सकता है। सरसों की कटाई शुरू हो गई है, बूंदाबादी बढ़ी तो कटाई के बाद खेतों में पड़ी सरसों की फसल को तो नुकसान होगा ही खड़ी फसल की भी नुकसान पहुंचेगा।

# उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा हो नकल विहीन

## एबीवीपी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**सुलतानपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुशभवनपुर जिला संयोजक तेजस्व पांडेय के नेतृत्व में छः सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल द्वारा जिले में संपन्न होने जा रही उत्तर प्रदेश परीक्षा 2025 को सूचितापूर्ण एवं पारदर्शी कराने के संदर्भ में जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्यवाही करने की मांग की गई।

जिला संयोजक तेजस्व पाण्डेय ने कहा कि सुलतानपुर शिक्षा का एक उत्कृष्ट केंद्र रहा है। सुलतानपुर जिले के विद्यार्थी देश भर में अपना परचम लहरा रहे हैं ऐसे में उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा 2025 नकल विहीन, पारदर्शी, एवं सूचितापूर्ण हो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है। परीक्षा में यदि किसी प्रकार की त्रुटि अथवा गड़बड़ी पाई जाती है तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुशभगवनपुर आंदोलन के लिए बाध्य होगा। नगर मंत्री आदर्श शुक्ला ने जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर से ज्ञापन के मुख्य बिंदुओं को बताते हुए आश्वाशन दिया कि उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा 2025 की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए परिषद के सम्पूर्ण कार्यकर्ता जिला विद्यालय निरीक्षक के सहयोग में रहेंगे। उक्त अवसर पर विभाग संयोजक शिवम, प्रांत कार्यकारणी सदस्य सत्यम एवं अमन, नगर मंत्री आदर्श एवं शिखर उपस्थित रहे।

### सरकारी भूमि कब्जा करने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**सुल्तानपुर।** पूर्व सहायक कोषाधिकारी की पत्नी दयावंती के खिलाफ लेखपाल वाहिद अहमद के तहरीर पर कुड़वार थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। भंडरा परशुरामपुर के नवीन परती भूमि पर कब्जा करके कृषि कार्य किए जाने के अपराध में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। आत्माराम मिश्रा पर भी सरकारी भूमि पर कब्जा करने के कई मामले में मुकदमा दर्ज है।

# इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में पहला इंडस्ट्री-अकादमिक मीट और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

- दुनियाभर के विशेषज्ञ हुए शामिल

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के बायोइंजीनियरिंग विभाग, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी, और इंटीग्रल स्टार्टअप फाउंडेशन ने AFSTI लखनऊ चैप्टर और इंडियन नेशनल यंग एकेडमी ऑफ साइंसेज, नई दिल्ली के सहयोग से पहला इंडस्ट्री-अकादमिक मीट और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ट्रेंड्स एंड इनोवेशंस इन साइंस एंड इंजीनियरिंग: ब्रिजिंग द इंडस्ट्री-अकादमिक इंटरफेस का भव्य उद्घाटन किया। तीन दिवसीय सम्मेलन 20 से 22 फरवरी तक चलेगा। ये सम्मेलन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी, मध्य प्रदेश के साथ-साथ कई प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संस्थानों जैसे ताशकंद इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी (उज्बेकिस्तान), इंस्टीट्यूट ऑफ माइक्रोबायोलॉजी (उज्बेकिस्तान), किंग मोंगकुट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी लड्ड्काबैंग (थाईलैंड), अल-फराबी कज़ाख नेशनल यूनिवर्सिटी (कज़ाकिस्तान) और हमाद मेडिकल कॉरपोरेशन (क़तर) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ मिलकर आयोजित किया गया है। इस सम्मलेन का उद्देश्य विज्ञान और इंजीनियरिंग को समाज के साथ जोड़ते हुए नवाचार (इनोवेशन) और सहयोग को प्रोत्साहित करना है। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के संस्थापक एवं कुलाधिपति प्रोफेसर सैयद वसीम अख्तर ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी की समाज में अहम भूमिका पर प्रकाश डालते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े नैतिक मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने छात्रों से केवल तकनीकी दक्षता ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों और ईमानदारी के साथ अपने क्षेत्र में नेतृत्व करने का आह्वान किया। इस आयोजन में विकसित भारत @2047 के लिए कुशल कार्यबल का निर्माण विषय पर एक महत्वपूर्ण पैनल चर्चा हुई। इसमें उर्जा, चिकित्सा और पर्यावरण के क्षेत्र में नवीन खोजों को बढ़ावा देने और वैश्विक सहयोग के माध्यम से इंडस्ट्री की चुनौतियों का समाधान निकालने पर विचार किया गया।प्रो-चांसलर डॉ. सैयद नदीम अख्तर ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अनुसंधान के लिए अनुदान और सहायता से जुड़ी चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए इस क्षेत्र में अधिक समर्थन की आवश्यकता को रेखांकित किया। वहीं, कुलपति प्रो. जावेद मुसर्रत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उभरते रुझानों पर चर्चा की और बताया कि नवाचार भविष्य के कार्यबल को तैयार करने और प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख शिक्षाविद, उद्योग जगत के अग्रणी और नीति निर्माता शामिल थे। पद्मश्री प्रोफेसर जी.डी. यादव (पूर्व कुलपति, ICT मुंबई) ने मुख्य अतिथि के तौर पर सम्मेलन में शिरकत की। इनके अलावा प्रो. आनंद कुमार सिंह (कुलपति, चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर), प्रो. सुनील के. खरे (कुलपति, NSCBIHL सेंट्रल डीम्ड यूनिवर्सिटी, अंडमान और निकोबार एवं निदेशक, IISER कोलकाता), डॉ. अमजद हुसैन (प्रोफेसर, कैंसर रिसर्च इंस्टीट्यूट, देहरादून), प्रोफेसर फुरकान क़मर (मुख्य सलाहकार, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी), डॉ. ज़ेबो बाबाखानोवा (ताशकंद इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी, उज्बेकिस्तान) और सीए ऋषभ कुमार सावनसुका (सीईओ, फरुज इंडिया प्रा. लि.) प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भाषा विवि में विभिन्न परीक्षाओं का परिणाम जारी

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में हाल ही में सम्पन्न हुई विभिन्न विषम परीक्षाओं का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। बताते चले कि सत्र 2024-25 की विषम परीक्षाओं के परिणाम में परास्नातक के एम कॉम, शिक्षा शास्त्र विषयों की प्रथम छमाही तथा पीजी डिप्लोमा (सीएमआई), पीजी डिप्लोमा उर्दू, यूजी डिप्लोमा (अरबी और जीएसटी) और सर्टिफिकेट इन प्रोफिशिएंसी ऑफ फ्रेंच के प्रथम छमाही के परीक्षा परिणाम भाषा विश्वविद्यालय की समर्थ वेबसाइट www.samarth kmclu.ac.in/पर जाकर देख सकते हैं। परिणाम से सम्बन्धित और अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### ए ई (बिजली) पवन कुमार गुप्ता के खिलाफ जारी हुआ गैर जमानती वारंट

**सुल्तानपुर।** अधिशासी अभियंता बिजली पवन कुमार गुप्ता के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ है। यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के एक्सईएन सिटी को 11 अप्रैल को आयोग में पेश करने के लिए एसपी को पत्र लिखा गया। सुल्तानपुर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर गोलाघाट का संशोधित बिल आयोग के आदेश के बावजूद जारी नहीं करने पर उक्त कार्यवाही की गई है। बिजली विभाग के मनमाने कार्य के चलते विभाग की काफी किरकिरी हो रही है। अधिशासी अभियंता शहरी क्षेत्र पवन कुमार गुप्ता से जुड़ा मामला बताया जाता है।

### किसान सहकारी चीनीमिल के प्रबंधन ने मिल बंद करने की नोटिस कर दी चस्पा

**सुल्तानपुर।** नोटिस चस्पा होने के बाद गन्ना किसान सुल्तानपुर विधायक विनोद सिंह से मिले। बताया कि अभी भी चीनीमिल परिसर में किसानों की गन्ना लदी कई ट्राली खड़ी हैं। जानकारी लगते ही विधायक विनोद सिंह ने जिलाधिकारी और किसान सहकारी मिल के प्रधान सहायक को पत्र लिखकर चीनी मिल अभी बंद न करने की बात कही।विधायक जी ने किसानों के हित को देखते हुए 15 दिनों तक और चीनीमिल चलाने के लिए पत्र लिखा।जिलाधिकारी महोदय ने सुल्तानपुर विधायक विनोद सिंह को आश्वस्त किया।उन्होंने दो हफ्तों तक और चीनी मिल चलवाने की बात कही।चीनीमिल चलाए जाने की जानकारी लगते ही किसानों ने विधायक विनोद सिंह का आभार व्यक्त किया है।

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**सुल्तानपुर।** दोस्त पुर थाना क्षेत्र के सहीनवा गांव के संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से युवक का शव लटका हुआ मिला।मृतक की पहचान सरवन कुमार पांडेय उम्र 28 वर्ष के रूप में हुई है।सूचना पाकर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्यवाही कर रही है। घटना देर रात की बताई जा रही है।दोस्तपुर थाना क्षेत्र के सहिनवा गांव का मामला बताया जा रहा है।

### सीओ रिफायनरी का तुगलकी फरमान

**फरह (मथुरा)।** होली पर क़स्बा के चौराहे या सार्वजनिक जगहों पर डीजे नहीं बज सकेंगे। ना ही डीजे संचालक होली पर डीजे या अन्य तेज साउन्ड सिस्टमों को किराये पर देंगे अगर संचालक ऐसा करते हैं तो पुलिस डीजे संचालक के खिलाफ कार्यवाही करेगी। आगामी पर्व महाशिवरात्रि ओर होली को लेकर थाना फरह में आयोजित बैठक में सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा ने यह दिशा निर्देश दिये। बैठक में मौजूद एसडीएस सदर वैभव गुप्ता ने भी सभी ग्राम प्रधानों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक करते हुये पूर्व के वाद विवादों की जानकारी ली। साथ ही सभी से आगामी त्यौहारों को शान्ति एवं सौहार्दोपूर्वक मनाने की अपील की। बैठक के बाद एसडीम सदर और सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा, थानाध्यक्ष संजय पाण्डेय ने अन्य पुलिस बल के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च भी किया।

# गोला फेंक में प्रिंस व भाला में पुष्पेंद्र रहे अव्वल

**साईं कॉलेज ऑफ एजुकेशन की तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ**



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** साईं कालेज ऑफ एजुकेशन महोबा में गुरुवार से तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प और दीप प्रज्जवलित कर किया। वार्षिक प्रतियोगिताओं के शुभारंभ मौके पर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया गया। प्रथम दिन भाला और गोला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने अपने दमखम के साथ बेहतर खेल का प्रदर्शन किया और भाला फेंक में पुष्पेंद्र तथा गोला फेंक में प्रिंस अव्वल रहे।

साई कालेज के तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ मौके के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य शिवकुमार गोस्वामी ने छात्र छात्राओं को प्रतियोगिता में खेल का महत्व बताते करते हुए कहा कि खेल स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ साथ भाईचारे और सौहार्द की भावना के विकास में सहायक होती है। कहा कि खेल मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने, सामरिकता का अभ्यास करने और टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है। खेल हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है और हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने, और जीतने की क्षमता प्रदान करता है। कालेज के प्राचार्य डा0 एलसी अनुरागी ने कहा कि खेलकूद में हार जीत का कोई महत्व नहीं है बल्कि प्रतिभाग करना जरूरी होता है। खेलकूद से चारित्रिक मानसिक व सच्ची राष्ट्र सेवा का विकास होता है।

क्रीड़ा प्रतियोगिता आरम्भ होने से पूर्व मुख्य अतिथि के अलावा विशिष्ट अतिथि वीरभूमि महाविद्यालय प्रवक्ता डा0 प्रदीप सिंह, डा0 एसएस राजपूत, डा0 देवेंद्र खरे, सैय्यद आसिफ अली, उपक्रीड़ा अधिकारी रामचंद्र, वालीबाल कोच सौरभ वर्मा, ऐयलेटिम्स कोच खेलो इंडिया रवि पटेल प्रबंधक संजय कुमार साहू, प्रशासनिक अधिकारी बीके साहू राकेश तिवारी व प्राचार्य ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित करने के बाद ध्वजा रोहण किया गया साथ छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रथम दिन हुई बालक वर्ग की भाला फेंक प्रतियोगिता में बीएलएड के छात्र पुष्पेंद्र ने प्रथम, बीए के छात्र नीतेश ने द्वितीय व बीएलएड के मृदुल ने तीसरा स्थान हासिल किया। जबकि गोला फेंक में बीए के छात्र प्रिंस ने 34 फिट दूर गोला फेंककर पहला स्थान हासिल किया तथा पूरन दूसरे व नितेश राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर डा0 रविंद्र कुमार, मोहम्मद मैराज खान, प्रदीप सिंह, आदर्श सोनकिया, आशीष चौरसिया, लोकेश चौरसिया, शशिकांत अग्रवाल, राजेश कुमार, चंद्रेश साहू, मारुतिनंदन तिवारी, भावना, पूनम, शुभांशी, रोमाना, नीता सहित तमाम विद्यालय के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का पंचालय प्रवीण वाजपेयी ने किया।

## जल संकट से निपटने का हर संभव प्रयास किया जाएगा

**ललितपुर।** ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा हेतु गुरुवार को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जल संस्थान, जल निगम, सिंचाई विभाग, नगर पालिका के अधिकारियों व पार्षदगणों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में आवश्यक बैठक की। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि पेयजल संकट से निपटने के लिए अभी से सभी सम्बधित विभाग पूर्व से ही कार्ययोजना तैयार कर लें ताकि ग्रीष्मकाल में पेयजल प्रबंधन में कोई समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने एडीएम नमामि गंगे को नोडल नामित करते हुए प्रतिदिन पेयजल की आपूर्ति, प्रभावित क्षेत्र, हैण्डपम्पों की स्थिति, टैंकरों से आपूर्ति की स्थिति व पेयजल समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से टीमें बढ़ाकर हैण्डपम्पों की मरम्मत एवं मरम्मत हेतु आवश्यक सामग्री पर्याप्त मात्रा में अभी से उपलब्ध रखें। शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में पेयजल आपूर्ति के लिए टैंकरों को तैयार रखें।

# ताला सैय्यद क्लब ने घाटमपुर की टीम को हराकर ट्रॉफी जीती ट्रॉफी

**विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित**




**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** स्वर्गीय विपिन राय मेमोरियल महोबा क्रिकेट प्रीमियर लीग में 11 फरवरी से आठ टीमों के बीच चल रहे मुकाबले में छह टीमों को बाहर का रास्ता दिखाने के बाद ताला सैय्यद क्लब व घाटमपुर इलेवन टीम ने फाइनल में जगह पक्की कर ली और इन दोनो टीमो का फाइनल मुकाबला होने के बाद टूर्नामेंट का समापन भी हो गया। फाइनल मुकाबले में ताला सैय्यद क्लब ने घाटमपुर टीम को 23 रनों से हराकर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। मुख्य अतिथि अनीस जॉन द्वारा विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

महोबा प्रीमियर लीक ;एमपीएलद्ध का फाइनल मुकाबला महोबा स्टेडियम में ताला सैय्यद क्लब व घाटमपुर इलेवन के मध्य खेला गया। ताला सैय्यद क्लब के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में सभी विकेट खोकर 116 रनों का लक्ष्य विरोधी टीम के समक्ष रखा। बल्लेबाज साहिल वर्मा ने 36ए सक्षम ने 19 रन अपनी टीम के खाते में जोड़, वहीं घाटमपुर टीम के गेंदबाज अभिजीत, सुमित, रिशु वर्मा और रितिक सोनकर ने दो दो विकेट हासिल किए। दूसरी पारी का आगाज करते हुए घाटमपुर की टीम 16.3 ओवर में 93 बनाकर आल आउट हो गई और ताला सैय्यद क्लब ने 23 रनों में फाइनल मुकाबला जीतकर ट्राफी अपने नाम कर ली। फाइनल मैच देखने के लिए स्टेडियम में दर्शकों की भारी भीड़ ग्राउंड के चारो तरफ मैच के अंत तक जुटी रही और खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए खेल का आनंद लिया। टूर्नामेंट समापन अवसर पर अतिथि के रुप में हाजी हनीफ खान, सतीश चौरसिया मौजूद रहे।

# सरायतरीन में चलाया गया जागरूकता अभियान




**अवधनामा संवाददाता**

**जस्ट राइटस फॉर चिल्ड्रंन और पुलिस प्रयत्न संस्था ने चलाया संयुक्त अभियान**

**संभल।** एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी की संयुक्त टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार के निर्देशन में थाना हयातनगर प्रभारी चमन सिंह के नेतृत्व में बाल श्रम ,बाल विवाह एवं बाल तस्करी के खिलाफ विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया और हयातनगर सरायतरीन के आस पास कारखानों होटलों दुकानों पर बाल श्रम मुक्ति अभियान चलाया गया जहां पर बाल मजदूरी में संलिप्त नाबालिक बच्चों को स्कूल भेजनें के बिषय में उनके परिजनों को समझाया गया तथा साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी इस अभियान के तहत दी गई आम जनमानस को टोल फ्री नंबर 1098, 112, के महत्व के बारे में बताया गया। गौरीशंकर चौधरी ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है, जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा है। उनके सपनों को साकार होने से रोकता है। इसलिए समाज में किसी भी बालिका का बाल विवाह न हो। इस अभियान में प्रयत्न संस्था के फील्ड कॉर्डिनेटर फ़र्ज़न्द अली वारसी, एवं सिराज अहमद मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणो को रोकने के उपाय के संबंध में अधिकारियों के साथ चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटना बाहुल स्थानों को चिन्हित करते हुए हाईवे से जोड़ने वाली अन्य सड़कों पर हाईवे से पहले स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं ताकि आने वाले वाहन की गति धीमी हो सके। सड़क दुर्घटना में संभावित ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए साइनीज बोर्ड लगवाए जाए।

जिलाधिकारी मृदुल चैधरी गुरूवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बोल रहे थे उन्होने डीआईओएस को निर्देश दिए कि स्कूलों में ट्रैफिक नियमों की जन.जागरुकता गोष्ठी आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा साथ में 5 मिनट का बच्चों को यातायात नियमों के बारे में वीडियो दिखाया जाए। जिससे बच्चे यातायात नियमों के प्रति जागरूक हो सके, और बच्चों के अभिभावको को सूचित करें कि 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे यदि गाड़ी चलाते पाये जाते हैं, तो उनके अभिभावक पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एआरटीओ को निर्देश दिए कि स्कूली वाहनों की गहन चेकिंग की जाए तथा सभी स्कूली वाहनों की शत.प्रतिशत फिटनेस, बीमा, कागज आदि को चेक किया जाए, तथा क्षमता से अधिक बच्चों को वाहन में बैठानें से रोका जाये, और बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों तथा पुराने स्पीड ब्रेकरों की मरम्मत कराएं और रिफ्लेक्टर एवं संकेतक लगाने आदि की कार्रवाई समय से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यातायात प्रभारी को निर्देश दिए कि सघन चेकिंग अभियान चलाकर प्रतिदिन चेकिंग की जाए तथा हेलमेंट और सीट बेल्ट के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए । जिलाधिकारी नें डीएसओ को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पेट्रोल पंपों पर यह सुनिश्चित किया जाए कि बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिया जाए। यदि पेट्रोल पंप संचालक बिना हेलमेट के पेट्रोल देते हुए पाये जाते है तो ऐसे पेट्रोल पंप मालिकों पर सख्त कार्रवाई की जाए जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देश दिए कि प्राइवेट बसेंध्डबल डेकर की बसों की चेकिंग की जाए और बिना परमिट चल रही बसों एवं यात्रियों की ओवर लोडिंग पाए जाने पर बस संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## प्रदेश सरकार के 9वें बजट में जनपद को मिली सौगात

**ललितपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पेश किए गए प्रदेश के सबसे बड़े बजट में ललितपुर स्थित हवाई पट्टी को एयरपोर्ट के रूप में विकसित किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही वाराणसी, अलीगढ़ तथा श्रावस्ती एयरपोर्ट का विस्तार, गोरखपुर एयरपोर्ट पर नये टर्मिनल भवन का विकास, आगरा एयरपोर्ट पर नये सिविल एवं तत्संबंधी सुविधाओं का विकास भी इसमें शामिल है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने उत्तर प्रदेश के वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक बजट आज गुरुवार को विधानसभा में प्रस्तुत किया, बजट प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। बजट का आकार 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 06 लाख रुपये है जो वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2017 के पूर्व प्रदेश में केवल 4 एयरपोर्ट क्रियाशील थे जबकि वर्तमान में प्रदेश में 16 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। प्रदेश में 4 अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। जेवर एयरपोर्ट के शीघ्र ही संचालित होने के साथ प्रदेश में 5 अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट हो जायेंगे।

# धोखाधड़ी कर बेटे ने पिता के कार्ड से 1.45 लाख रुपये निकाले

**पिता के किसान क्रेडिट कार्ड की पहले बेटे ने बढवाई लिमिट फिर निकाले पैसे**



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** थाना श्रीनगर के ग्राम ज्योरैया निवासी एक युवक ने अपने पिता की किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढवाकर पिता के खाते से 1.45 लाख रुपये निकाल लिए। जानकारी होने पर पीड़ित पिता परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा, और पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बड़े बेटे पर किसान क्रेडिट कार्ड के रुपये हड़पने का आरोप लगाया। ग्राम ज्योरैया निवासी किशोरी लाल ने अपने बड़े बेटे मूलचंद्र को उसके हिस्से की साढे तीन बीघा जमीन दान पत्र में दे दी। जबकि अन्य तीन बेटों को साढे आठ बीघा जमीन का बैनामा दान पत्र के जरिए कर दिया था। मूलचंद्र ने आठ बीघा जमीन पर पिता के नाम बने किसान केडिट कार्ड की लिमिट बढवाकर 1.45 लाख रुपये निकाल लिए। जानकारी होने पर पिता ने बेटे से इस बावत पूछताछ की। बड़े बेटे ने कहा कि वह इस पैसे को जमा कर देगा। लकिन पिता के दो दिन बाद भी चेक करने पर कोई पैसा न आने से नाराज होकर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। केडिट कार्ड के जरिए पैसा निकाल लेने स`अब अन्य तीन बेटों के नाम बैनामा करने के बाद भी जमीन बंधक होने से बेटों के नाम भूमि का दाखिल खारिज नही हो पा रहा है। किशोरी लाल के तीनों बेटों ने आरोप लगाया कि बड़े भाई ने जानबूझ कर इस तरह की हरकत की है। जिससे अन्य भाईयों के नाम जमीन न चढ सके। पिता ने धोखाधड़ी कर पैसा निकालने वाले बड़े पुत्र के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर जिला प्रशासन ने जाहिर की चिंता

**सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने अधिकारियों को दिये निर्देश**



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** वर्ष 2025 की जिला सड़क सुरक्षा समिति की द्वितीय बैठक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में डीएम ने 04 जनवरी 2025 को आहूत बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या के संबंध में समीक्षा की गयी। विगत वर्षो के सापेक्ष माह जनवरी 2025 तक घटित दुर्घटनाओं की समीक्षा की गयी। जिसमें एन.एच. 44 के सापेक्ष जनपद के पी.डब्लू.डी. द्वारा निर्मित एम.डी.आर./ओ.डी.आर. मार्गो पर दुर्घटनाओं में बृद्वि पायी गयी, जो गम्भीर चिन्ता का विषय है, दुर्घटना होने वाले स्थानों का चयन कर उन स्थानों पर दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु सुरक्षात्मक कार्य तत्काल कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अध्यक्ष ने एन.एच. 44 पर मसौरा में निर्मित फ्लाई ओवर के सर्विस रोड पर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग एवं पी.डब्लू.डी. के अधिकारियों सहित यातायात निरीक्षक एवं एआरटीओ को तत्काल मौके पर निरीक्षण कर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाली टैक्सियों के स्टेण्ड को तत्काल सुचारू किये जाने तथा नगर क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र की टैक्सियों के संचालन व्ययस्थित कराये जाने एवं नगर क्षेत्र में मार्ग के किनारे खडे अवैध पार्किग वाले वाहनों के विरूद्व कार्यवाही किये जाने हेतु यातायात निरीक्षक, को निर्देश दिये, जनपद में नो हेल्मेट, नो फ्यूल का कड़ाई से पालन करने हेतु जनपद के समस्त पेट्रोल पम्प संचालकों को निर्देशित किया गया। दुपहिया वाहनों से घटित दुर्घटनाओं में अधिकांश दुर्घटनाये चालकों द्वारा हेल्मेट का प्रयोग न किया जाना पाया गया। जिसपर जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्षों को कार्यालय आदेश जारी करते हुये कार्यालय में आने वाले समस्त अधिकारियों /कर्मचारियों को हेल्मेट का प्रयोग किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जो कर्मचारी हेल्मेट पहनकर कार्यालय नही आते है उनके विरूद्व कार्यवाही सुनिश्चित करते हुये कार्यालय में प्रवेश न दिये जाने हेतु आदेशित किया गया। डीएम ने नोडल अधिकारी रोड सेफ्टी क्लब तथा एआरटीओ को निर्देशित किया गया कि जनपद के विद्यालयों में संचालित स्कूली वाहनों का सत्त निरीक्षण करते हुये 26 वां संशोधन में दिये गये मानक के अनुरूप वाहनों का ही संचालन कराया जाना सुनिश्चित करें। मानक के अनुरूप वाहन न पाये जाने पर चालानी कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में उप मुख्य चिकित्साधिकारी, अधिशासी अभियन्ता पी.डब्लू.डी. ईओ, प्रबंधक एन.एच.ए.आई. झांसी/सागर, नोडल अधिकारी रोड सेफ्टी क्लब, डीआईओएस प्रतिनिधि, एआरटीओ (प्रशासन) मो.कय्यूम, नरेन्द्र आई. राइड, बस यूनियन अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, अनिल वर्मा ओरिएन्टल इन्शोरेन्स कम्पनी झांसी, टैक्सी यूनियन अध्यक्ष, मंत्री आदि उपस्थित रहे।

# डिस्पोजल का व्यापार कराने के नाम पर लाखों रुपये हड़पे

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम रोडा निवासी अनुराग पुत्र रघुवीर ने सीजेएम न्यायालय में वाद दायर किया है। बताया कि उसकी रिश्तेदारी मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी अन्तर्गत थाना देहात क्षेत्र के राठौर मंदिर के पास पुरानी शिवपुरी निवासी कपिल राठौर पुत्र चम्पालाल राठौर के यहां है। बताया कि कपिल राठौर उसके पास आया और बेरोजगार होने की बात कहते हुये कहा कि वह डिस्पोजल गिलास, थाली, पन्नी आदि की कम्पनी से बनवाकर थोक विक्रय करता है। यह कारोबार वह भी करे। पीड़ित ने उसकी बातों में आकर फुटकर बिक्री के लिए व्यापार करने के लिए कपिल ने उससे बैंक खाता में प्रणव ऑनलाइन सोल्युसन प्रा.लि.कम्पनी में एक लाख तीस हजार रुपये डालने की बात कही। जिस पर पीड़ित ने 29 जुलाई 2024 को पंजाब नेशनल बैंक से उक्त खाते में रुपये डाल दिये। इसके उपरान्त दूसरे एकाउण्ट नम्बर स्पाइस मनी लि. के खाते में 50 हजार रुपये डालने को कहा, जिस पर पीड़ित ने 6 अगस्त 2024 को उक्त कम्पनी के खाते में रुपये डाले व उसी दिन 25 हजार रुपये केशव सुभाष के खाते में डाले। पीड़ित ने बताया कि अब माल भेजने की बात पूछी तो कपिल ने कहा कि कम्पनी को चार लाख रुपये नहीं भेजोगे, तब तक माल नहीं आयेगा। जिस पर पीड़ित ने 27 अगस्त 2024 को कपिल द्वारा मांगे जाने पर पीड़ित ने 30 हजार रुपये कपिल के खाते में डाल दिये, जिस पर कपिल ने कहा कि जल्द ही और रुपये डालो तो माल भेजा जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी ने दिव्यांग शिवकली को सौंपे योजनाओं के स्वीकृति पत्र



**हरदोई।** कुछ दिन पूर्व जो आँखों से दिव्यांग शिवकली जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह से मिली थीं आज उनको जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने समाज कल्याण अधिकारी के वाहन से कलेक्ट्रेट बुलवाया। जिलाधिकारी ने उनको अपने हाथों से आयुष्मान कार्ड व अंत्योदय राशन कार्ड सौंपा। इसके साथ ही उन्होंने शिवकली को प्रधानमंत्री आवास योजना, शिवकली की दिव्यांग पेंशन व उनके माता पिता की पेंशन, व्यक्तिगत शौचालय का स्वीकृति पत्र दिव्यांग शिवकली को सौंपा। इस अवसर पर सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### आर जी एम कम्प्यूटर एजुकेशन के तहत सभी छात्र छात्राओं की प्रयोगिक परीक्षा ली गई



**संभल।** कम्पयूटर एजुकेशन के तहत सभी छात्र-छात्राओं की की कम्पयूटर की सैद्धान्तिक और प्रायोगिक परीक्षा ली गई। परीक्षा केंद्र M.N.I.H.S. हातिम सराय, संभल रहा।परीक्षा सुबह 10 बजे से प्रारम्भ हुई और दोपहर 1 बजे सम्पन हुई। परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा में सभी छात्र उपस्थित रहे, कोई भी छात्र अनुपस्थित नहीं रहा । परीक्षा के समय स्टाफ ने काफी सख्त चेकिंग की गई, जिसकी वजह से कोई भी स्टूडेंट नकल करते नही पाया गया तथा एक भी छात्र निष्कासित नहीं हुआ । इसलिए परीक्षा बहुत शांतिपूर्ण ढंग से सम्पूर्ण हुई। परीक्षा में विभिन्न कोर्स एडीसीए और एसएम, एडीसीपी और जी, सीसीए, डीसीए, सीएफए, सीसीआईटी- , के स्टूडेंट्स ने अपनी परीक्षा दी। परीक्षा दो पालियों में कराई गई जिसका एक माह के बाद परीक्षाफल घोषित कर सफल परीक्षार्थी को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। परीक्षा को सफल बनाने में M.N.I.H.S. के स्टाफ का सम्पूर्ण योगदान रहा। परीक्षा का केंद्र M.N.I.H.S. हातिम सराय, संभल रहा। परीक्षा में वहां के टीचर्स ने अपना पूर्ण योगदान दिया। जिसमे मुख्य रूप से ब्रांच डायरेक्टर सय्यद गुलज़ार अहमद तथा एग्जामिनर सय्यद अनवार अहमद और प्रिन्सिपल मौ0 तसनीम आदि भी शामिल रहे।

### विकास मॉडल संकुल स्तरीय संघ के वार्षिक कार्ययोजना निर्माण का प्रशिक्षण सम्पन्न

**ललितपुर।** उ.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित 24 संकुल स्तरीय संघों में से 05 संकुल स्तरीय संघों का चयन राज्य मुख्यालय लखनऊ से मॉडल संकुल स्तरीय संघ के रूप में किया गया। जिसके अन्तर्गत चयनित विकास मॉडल संकुल स्तरीय संघ, ग्रामीण विकास खण्ड जखौरा के पदाधिकारी एवं सदस्यों का विजन एक, दो एवं तीन का प्रशिक्षण किया जा चुका है। मिशन निदेशक लखनऊ के निर्देशानुसार विकास प्रेरणा मॉडल संकुल समिति, जखौरा के वार्षिक कार्ययोजना निर्माण हेतु तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन 17 से 19 फरवरी 2025 तक ग्राम्य विकास संस्थान रोडा किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में प्रतिभाग कर रहे बलबीर सिंह, डी.आर.पी. के द्वारा प्रशिक्षण के उदेश्य, कलस्टर के अन्तर्गत गांव के विकास के संसाधनों की पहचान, कलस्टर से जुडे स्वयं सहायता समूह के सदस्यों सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने से संबंधित ग्राम संगठन स्तरीय वार्षिक कार्ययोजना निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को दी गई।

# प्रागैतिहासिक नवागढ़ में 46 दिवसीय मंगल अनुष्ठान

**वार्षिक महामस्तकाभिषेक पर होंगे अनेक आयोजन, सम्मेलन**



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** अतिशय क्षेत्र नवागढ़ में आयोजित 46 दिवसीय विशेष जप अनुष्ठान एवं विधान का आयोजन निरन्तर चल रहा है। विशेष अनुष्ठान ब्रह्मचारी जयकुमार एवं ब्रह्मचारिणी मानी दीदी के निर्देशन में संपन्न किया गया। संगीत की स्वर लहरी पर आज आठ परिवारों ने भगवान अरनाथ स्वामी के चरणों में शताधिक श्रावक, श्राविकाओं,अष्टकुमारियों ने विधान संपन्न करके अतिशय पुण्य संचय किया। इस मौके पर निर्देशक ब्र.जयकुमार ने बताया कि प्रागैतिहासिक क्षेत्र नवागढ़ जहां भगवान अरनाथ स्वामी के सातवीं सदी के जिनालय के लिए विख्यात है। वही जंगल में स्थित साधना शैलाश्रयों, रॉक पेंटिंग, रॉक आर्ट के साथ हजारों वर्ष प्राचीन जैन संस्कृति को भी संरक्षित किए हुए हैं। कमेटी के प्रचारमंत्री डा.सुनील संचय ने बताया कि इस अनुष्ठान का समापन भगवान अरनाथ स्वामी के गर्भ कल्याणक के पावन अवसर पर 2 मार्च 25 रविवार को विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्षेत्रीय पदाधिकारी के सम्मेलन एवं अखिल भारतीय महिला सम्मेलन के साथ संपन्न किया जाएगा। आयोजन की भव्यता को लेकर कमेटी द्वारा भव्य तैयारियां की जा रही हैं। पुरावेत्ताओं के निर्देशन अनुसार मूलनायक मनोकामना पूर्ण अतिशयकारी अरनाथ तीर्थंकर के बिम्ब का प्रतिदिन अभिषेक नहीं किया जाता है। इसका महामस्तकाभिषेक फाल्गुन शुक्ल तृतीया गर्भ कल्याणक के दिन ही संपन्न किया जाता है। अतएव मूलनायक अरनाथ भगवान का वार्षिक महामस्तकाभिषेक 1 व 2 मार्च को होगा।

## जीआरपी पुलिस ने दबोचा मोबाइल चोर

**ललितपुर।** ट्रेनों में यात्रियों के चुराये हुये फोन्स को बरामद करने के लिए जीआरपी पुलिस लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में जीआरपी ललितपुर ने बुधवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे रेलवे स्टेशन से एक शातिर बदमाश को हिरासत में लिया है। बदमाश के पास से जीआरपी पुलिस ने चोरी किया हुआ करीब पन्द्रह हजार रुपये कीमत का एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। बताया गया है कि एडीजी रेलवे, डीआईजी प्रयागराज के निर्देश, एसपी रेलवे झांसी के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सीओ रेलवे के निकट पर्यवेक्षण में ललितपुर जीआरपी पुलिस ने गश्त के दौरान रात करीब 11.30 बजे रेलवे स्टेशन से मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत मामोन नये बस स्टेण्ड के पास रहने वाले संजय यादव पुत्र सुदामा यादव को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के पास से बरामद मोबाइल फोन मु.अ.सं. 94/23 की धारा 380 व 411 से सम्बन्धित है। शातिर चोर को पकडने वाली जीआरपी पुलिस टीम में उ.नि. राजेश सिंह, हे.का.कैलाश नारायण, कां.प्रभात कुमार, का.पंकज कुमार आदि शामिल रहे।

# महिलायें किसी भी मामले में पुरुषों से कम नहीं हैं : जिला जज

**महर्रा के महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन**




**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार पाराशर की अध्यक्षता में ग्राम महर्रा स्थित एक महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला जज/अध्यक्ष आलोक कुमार पाराशर ने बताया कि महिलाएं किसी भी मामले में पुरुषों से कम नहीं हैं। घर हो या कार्यस्थल महिलाएं आज पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाएं खड़ी हैं। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहां महिलाएं अपना योगदान न दे रही हों। घर हो या बाहर महिलाएं अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रही हैं।

महिलाओं के अधिकारों की धारणाओं के साथ सामान्य रूप से जुड़े मुद्दों में शारीरिक अखंडता और स्वायत्तता का अधिकार, यौन हिंसा से मुक्ति, वोट देने का अधिकार, सार्वजनिक पद धारण करने का अधिकार, कानूनी अनुबंध करने का अधिकार, पारिवारिक कानून में समान अधिकार, काम करने का अधिकार, उचित मजदूरी या समान वेतन, प्रजनन अधिकार, स्वामित्व का अधिकार आदि शामिल हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा हमेशा महिलाओं को विधिक सेवा प्रदान करने के लिए खुले हुए हैं, महिलाएं विधिक जानकारी हेल्पलाइन नंबर 15100 पर कॉल करके विधिक जानकारी ले सकती हैं। छात्राओं को निशुल्क विधिक सहायता के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं को सम्पत्ति में बराबर का अधिकार, दहेज प्रथा, बाल-विवाह, अनिवार्य शिक्षा योजना, भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा के साथ हेल्पलाइन नंबर 1076, 1090, 181, 112, 102, 108, 1098, 101, 1930 आदि नंबरों के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। इस दौरान एडीजे/सचिव यशवन्त कुमार सरोज, पैनल अधिवक्ता पुष्पेंद्र सिंह चौहान, प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल, महाविद्यालय प्रबंधक प्रदीप जैन, वन स्टॉप सेंटर से पूनम, शिक्षिका डा.विनीता जैन, शिक्षक रामसेवक, राकेश कटरा, भावना सेन, भावना साहू, अनुज हुण्डैत, अजय सिंह, अमित जैन, न्यायालय से रोहित राठौर, अभिजीत, विकास कुशवाहा, पंकज गनर उपस्थित रहे। संचालन शिक्षिका प्रीति जैन ने व आभार प्राचार्य डा.सुनील जैन ने जताया।

# अतीत कभी शांत नहीं रहता

## धांसू अंदाज में मोहनलाल ने दृश्यम 3 का किया एलान



मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल जल्द ही दृश्यम फ्रेंचाइजी के अगले भाग में नजर आने वाले हैं। इस बात की जानकारी उन्होंने खुद ही सोशल मीडिया के जरिए दी है। गुरुवार (20 फरवरी) को इस बात यह पुष्टि की कि वह फिल्मकार जीतू जोसेफ के साथ दृश्यम 3 में काम करने जा रहे हैं। मोहनलाल ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से लिखा, ÷अतीत कभी शांत नहीं रहता। दृश्यम 3 कंफर्म।÷ इस एलान के बाद फैंस का उत्साह काफी ज्यादा बढ़ गया है। लोग सोशल मीडिया पर कमेंट के जरिए अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, ÷क्लासिक क्रिमिनल वापस आ रहा है।÷ एक और यूजर ने लिखा, ÷इस फिल्म के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकती।÷ इसके अलावा और भी यूजर्स कमेंट के जरिए अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं। दृश्यम% फिल्म जॉर्जकुट्टी (मोहनलाल) और उनके परिवार की संघर्षपूर्ण कहानी को बयां करती है। फिल्म में वह उस समय संदेह के घेरे में आ जाते हैं जब पुलिस इंस्पेक्टर जनरल के बेटे की हत्या हो जाती है। इस फिल्म को एंटनी पेरुंबवूर ने आशीर्वाद सिनेमा के बैनर तले प्रोड्यूस किया था। यह साल 2013 में बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ी हिट साबित हुई थी। फिल्म के सफलता को देखते हुए %दृश्यम% का सीक्वल %दृश्यम 2% 2022 में रिलीज किया गया था। यह फिल्म भी दर्शकों को काफी ज्यादा पसंद आई थी। %दृश्यम% की अपार सफलता और सराहना के बाद अब तक इस फिल्म को कई भाषाओं में रीमेक किया जा चुका है। इनमें हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, चाइनीज और सिंहली भाषा शामिल हैं। हिंदी में बनी दृश्यम फ्रेंचाइजी की फिल्मों में अजय देवगन नजर आए थे। बॉक्स ऑफिस पर हिंदी संस्करण ने जमकर कमाई की थी। अभिषेक पाठक के निर्देशन में बनी फिल्म के दूसरे भाग ने टिकट खिड़की पर 239.67 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। एक और यूजर ने लिखा, ÷इस फिल्म के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकती।÷ इसके अलावा और भी यूजर्स कमेंट के जरिए अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं। दृश्यम% फिल्म जॉर्जकुट्टी (मोहनलाल) और उनके परिवार की संघर्षपूर्ण कहानी को बयां करती है। फिल्म में वह उस समय संदेह के घेरे में आ जाते हैं जब पुलिस इंस्पेक्टर जनरल के बेटे की हत्या हो जाती है। इस फिल्म को एंटनी पेरुंबवूर ने आशीर्वाद सिनेमा के बैनर तले प्रोड्यूस किया था। यह साल 2013 में बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ी हिट साबित हुई थी।



पीले सूट और चोटी किए हुए बालों में दिखीं आलिया भट्ट

## जूनियर एनटीआर-प्रशांत नील की फिल्म की शूटिंग शुरू, पहली तस्वीर देख फैंस का बढ़ा उत्साह

निर्देशक प्रशांत नील और जूनियर एनटीआर की आगामी फिल्म का फैंस को लंबे समय से इंतजार है। इस फिल्म की शूटिंग आज (20 फरवरी) हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में शानदार तरीके से शुरू हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस शेड्यूल में बड़े पैमाने पर एक एक्शन सीन फिल्माया जाएगा, जिसमें 2,000 से अधिक जूनियर कलाकार हिस्सा लेंगे। कहा जा रहा है कि फिल्म का प्रोडक्शन इतना भव्य होगा कि यह दर्शकों को दंग कर देगा। वहीं, रिपोर्ट्स के मुताबिक एनटीआर जूनियर अगले शेड्यूल में शूटिंग में शामिल होंगे। उनके किरदार को लेकर फैंस की उत्सुकता हर दिन के साथ अब आसमान छूती जा रही है। सेट से फिल्म के पहले दिन की शूटिंग की तस्वीर सामने आई है। फोटो में देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा कि सीन किसी विरोध प्रदर्शन का है। यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।



इसके जरिए मेकर्स अगले साल संक्रांति के मौके पर दर्शकों को एक शानदार तोहफा देने की तैयारी में हैं। इस फिल्म में प्रशांत नील के पहले की टीम के सदस्य जुड़े रहेंगे। प्रशांत नील अपनी पिछली फिल्मों के लिए लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। उन्होंने %केजीएफ%, %केजीएफ चैप्टर 2% और %सलार% जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से लोगों का दिल जीता है।अपनी आगामी फिल्म में वह एनटीआर को एक नए अवतार में दर्शकों के सामने पेश करेंगे।

फिल्म का निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स और एनटीआर आर्ट्स के बैनर तले नवीन येरनेनी, रविशंकर यालामंचिली, कल्याण राम नंदमुरी और हरि कृष्ण कोसाराजू द्वारा किया जा रहा है। फिल्म के सिनेमैटोग्राफी की कमान भुवन गौड़ा के हाथों में है।

## समय रैना की बढ़ी मुश्किलें, महाराष्ट्र साइबर सेल ने कॉमेडियन को भेजा दूसरा समन



महाराष्ट्र साइबर सेल ने यूट्यूबर समय रैन ने इंडियाज गॉट लैटेंट पर की गई टिप्पणी के संबंध में दूसरा समन जारी किया है, जिससे विवाद पैदा हो गया है। इससे पहले समय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बयान दर्ज करवाने की मांग कर चुके हैं।

समय रैना को इससे पहले 18 फरवरी को बयान दर्ज करने के लिए उपस्थित न होने के बाद मुद्दा उठा है। महाराष्ट्र साइबर सेल ने बयान जारी किया है कि रैना को आज एक और समन भेजा गया, ताकि उनके बयान की रिकॉर्डिंग के लिए उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके। कॉमेडियन समय रैना ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बयान दर्ज करने की अनुमति मांगी थी। वे फिलहाल अमेरिका में हैं, 17 मार्च से पहले समय भारत नहीं लौट पाएंगे। इस मामले में विभाग ने उनके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। विभाग ने कहा कि ये बयान व्यक्तिगत रूप से दर्ज किया जाना चाहिए। कॉमेडियन समय रैना और यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया %इंडियाज गॉट लैटेंट% शो में विवादित टिप्पणी के मामले में विवादों से घिरे हैं। रणवीर अल्लाहबादिया के खिलाफ पुलिस केस हो गया है। ऐसे में उन्होंने लोगों से माफी मांगी है। समय रैना ने ऐलान किया है कि उन्होंने %इंडियाज गॉट लैटेंट% के सभी शो हटा दिए हैं। समय रैना ने कहा है कि वह किसी भी जांच में पूरा सहयोग करेंगे। जानकारी महाराष्ट्र साइबर सेल के इंस्पेक्टर जनरल यशस्वी यादव ने कहा, 'अब तक शो के सभी एपिसोड में शामिल हुए तमाम मेंबर्स पर एफआईआर दर्ज की गई है। अधिकारियों ने जांच के दायरे में आने वाले सभी वीडियो को हटाने का आदेश दिया था और जांच पूरी होने तक शो का अकाउंट भी निष्क्रिय करने का आदेश दिया था। साइबर अधिकारियों ने पहले विवादित वीडियो हटाया और फिर कॉमेडियन समय रैना को मामले से जुड़ी सभी सामग्री हटाने का निर्देश दिया। अब तक कलाकारों, निर्माताओं और इन्फ्लुएंसर्स समेत कुल 42 लोगों को तलब किया गया है। मुख्य आरोपियों में समय रैना, अपूर्व मुखीजा और रणवीर इलाहाबादिया शामिल हैं। देवेश दीक्षित, रघु राम और एक अन्य व्यक्ति के बयान पहले ही दर्ज किए जा चुके हैं।'

## लोगों को जबरदस्ती सोचने पर मजबूर किया जा रहा

समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट में विवाद होने के बाद कई सेलेब्रेटी भारत में बदलते कॉमेडी के दौर पर अपनी राय रख रहे हैं। इस मामले पर अभिनेता जावेद जाफरी ने अपनी बात रखी है। उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा है कि असल मुद्दा ये नहीं है कि लोग किस तरह की कॉमेडी सुन रहे हैं, असल मुद्दा यह है कि इस तरह के मामलों का कैसे राजनीतिकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई लोग बहुत संवेदनशील होते हैं, लेकिन हर किसी के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता है। ह्यूमंस ऑफ बांम्बे के साथ बातचीत में कहा कि %ये लोगों के बारे में नहीं है, यह राजनीति का मामला है।% उन्होंने कहा %इस तरह के मामलों पर लोग ज्यादा नहीं सोचते, बल्कि लोगों को जबरदस्ती सोचने पर मजबूर किया जाता है। समाज में ऐसी चीजें होती हैं, जो कि अच्छी नहीं है। मैं इससे सहमत नहीं हूं। जावेद जाफरी ने कहा कि बहुत सारी चीजें हैं जिन पर ध्यान दिया जाना बहुत जरूरी है, लेकिन गैर जरूरी चीजों पर ध्यान दिया जा रहा है। कई मामले ऐसे हैं जो नाम बदलने से ज्यादा जरूरी हैं, चीजों नाम नहीं उनकी स्थिति बदलनी चाहिए। नाम में कुछ नहीं रखा है, काम में रखा है।

## दिल्लीवासियों को मिला कैलाश खेर का तोहफा

दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत के बाद गुरुवार को कैलाश खेर ने दिल्लीवासियों के लिए एक गाना रिलीज किया है। इसकी जानकारी उन्होंने अपनी एक इंस्टा पोस्ट के जरिए दी। गायक कैलाश खेर ने अपने नये गाने को लेकर एएनआई से बातचीत करते हुए कहा था कि यह गीत दिल्ली की जनता को सही सरकार चुनने के लिए आभार व्यक्त करने का गीत है। 'ये शंखनाद है' दिल्ली वासियों के लिए एक धन्यवाद गीत है। कैलाश खेर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर गाने का वीडियो लगाते हुए पोस्ट किया है। साथ ही कैप्शन में लिखा कि %ये शंखनाद है% गीत उनके यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है, जिसे आप जाकर सुन सकते हैं। इस गाने खुद कैलाश खेर ने लिखा है, कंपोज किया है और गाया है। गाने के रिलीज से पहले कैलाश खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी नई गीत की रचना की घोषणा करते हुए एक पोस्ट शेयर किया था। इस पोस्ट में उन्होंने अपने नए गीत के बोल लगाते हुए, कैप्शन में लिखा था, 'शपथ ग्रहण के साथ साथ इस ऐतिहासिक तथा साहसिक विजय की बधाई स्वरूप, दिल्ली के परमात्मा स्वरूपी हर दिल्ली वासी को यह संगीतमय उपहार।'

## ओटीटी पर भद्दे कंटेट को लेकर सरकार सख्त

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में इस बात की वकालत की है कि यूट्यूब पर पेश किए जाने वाले बेहूदा कंटेट पर लगाम लगनी चाहिए। इसके बाद सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय ने क्यूरेटर कंटेट पब्लिशर (ओटीटी) और ओटीटी प्लेटफॉर्म के स्वनियामक निकायों को एक एडवाइजरी जारी की है। इंफॉर्मेशन और ब्रॉडकास्टिंग मंत्रालय के एडवाइजर कंचन गुप्ता ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- %सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने ऑनलाइन कंटेट साझा करने वालों और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को एक एडवाइजरी जारी की है। इसके मुताबिक उन्हें सूचना प्रौद्योगिकी के तहत भारत के कानून और आचार संहिता का पालन करने को कहा गया है।%



जारी किए गए नोटिफिकेशन में कहा गया है कि मंत्रालय को ऑनलाइन क्यूरेटेड कंटेंट (ओटीटी प्लेटफॉर्म), सोशल मीडिया के कुछ पब्लिशर्स और सांसदों व संगठनों की तरफ से इस बारे में शिकायतें मिली हैं। ये शिकायतें अश्लील सामग्री के कथित प्रसार को लेकर हैं। एडवाइजरी में कहा गया है कि %आचार संहिता के तहत ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को कानून की तरफ से मना किए गए किसी भी कंटेट का प्रसारण नहीं करना चाहिए। नियमों की सूची में दिए गए सामान्य निर्देश के आधार पर उम्र से संबंधित वर्गीकरण करें। ए% रेटेड कंटेट तक बच्चों की पहुंच रोकने के लिए एक्सेस कंट्रोल मैकेनिज्म को लागू करना चाहिए। इसके साथ उन्हें उचित सतर्कता और विवेक का पालन करना चाहिए। नोटिफिकेशन में यह भी कहा गया है कि इन नियमों को सिर्फ ओटीटी प्लेटफार्म्स ही नहीं बल्कि इन ओटीटी प्लेटफार्म्स की सेल्फ रेगुलेटरी बॉडीज को भी फॉलो करना पड़ेगा। एडवाइजरी में %महिलाओं का अशिष्ट चित्रण (निषेध) अधिनियम, 1986%, %लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम% और %सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000% के प्रावधानों की तरफ भी ध्यान दिलाया गया जिनमें अश्लील/अश्लील सामग्री पेश करना दंडनीय अपराध है। नोटिफिकेशन में आगे कहा गया है कि यह सलाह दी जाती है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म्स अपने प्लेटफॉर्म पर सामग्री प्रकाशित करते समय लागू कानूनों के विभिन्न प्रावधानों और आईटी नियम, 2021 के तहत निर्धारित आचार संहिता का पालन करें। इसमें आचार संहिता के तहत निर्धारित सामग्री के आयु आधारित वर्गीकरण का कड़ाई से पालन करना शामिल है। इसके अलावा, ओटीटी प्लेटफार्मों के स्व-नियामक निकायों से अनुरोध है कि वे प्लेटफार्म्स की तरफ से आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जरूरी कार्रवाई करें।

## जैकी ने रकुल को दिया एनिवर्सरी गिफ्ट, नई फिल्म पर पहले दिन से ही वन प्लस वन फ्री का एलान

रकुल प्रीत सिंह, भूमि पेडनेकर और अर्जुन कपूर की आगामी फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' 21 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस दिन रकुल प्रीत और जैकी भगनानी की शादी की सालगिरह भी है। जैकी ने इस खास मौके पर अपनी पत्नी और अभिनेत्री को एनिवर्सरी गिफ्ट के तौर पर पहले शुक्रवार को एक टिकट पर एक फ्री देने का एलान किया है। इसकी एडवांस बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। यह ऑफर केवल चुनिंदा सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स में मान्य होगा। निर्माताओं ने गुरुवार को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट की। उन्होंने पोस्ट में फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, एक टिकट पर दो एंट्री केवल शुक्रवार को। हर चीज का मजा डबल से ही आता है, बिल्कुल हमारे अंकुर चड्ढा की तरह। रकुल, भूमि और अर्जुन की यह फिल्म लव ट्रायंगल पर आधारित है। यह एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है। इन दिनों फिल्म के प्रमोशन में पूरी स्टार कास्ट लगी हुई है। इस फिल्म को मुदस्सर अजीज ने डायरेक्ट किया है। फिल्म के ट्रेलर में रकुल और भूमि अर्जुन के लिए एक दूसरे के आमने-सामने नजर आईं। निर्माताओं ने ट्रेलर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा था, ÷इस सीजन के सबसे बड़े सियाप्पा के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि ये लव ट्रायंगल नहीं, फुल सर्कल है! फिल्म में अर्जुन कपूर, रकुल प्रीत सिंह, भूमि पेडनेकर के



साथ स्टैंड-अप कॉमेडियन हर्ष गुजराल, आदित्य सील, शक्ति कपूर भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। निर्देशक मुदस्सर अजीज ने इससे पहले 'पति पत्नी और वो', 'खेल खेल में' जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है। हर चीज का मजा डबल से ही आता है, बिल्कुल हमारे अंकुर चड्ढा की तरह। रकुल, भूमि और अर्जुन की यह फिल्म लव ट्रायंगल पर आधारित है। यह एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है। इन दिनों फिल्म के प्रमोशन में पूरी स्टार कास्ट लगी हुई है। ८

## नेशनल इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ ऑस्ट्रेलिया में श्याम बेनेगल को सम्मान

नेशनल इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ ऑस्ट्रेलिया में भारतीय सिनेमा की फिल्मों को प्रदर्शित किया जा रहा है। इस महोत्सव में निर्देशक श्याम बेनेगल की फिल्मों को दिखाकर उनके काम को याद करके उन्हें सम्मान दिया जाएगा। आइए आपको बताते हैं कि इस फिल्म फेस्टिवल में उनकी किन फिल्मों को दिखाया जाने वाला है। श्याम बेनेगल की फिल्मों को इस नेशनल इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ ऑस्ट्रेलिया में दिखाया जाएगा। इसमें ये फिल्में शामिल हैं- - फरीदा जलाल, सुरेखा सीकरी, अमित फाल्के और रजित कपूर अभिनीत 'मम्मो' - पल्लवी जोशी, रजित कपूर और रघुबीर यादव अभिनीत 'सूरज का सातवां घोड़ा' - रजित कपूर अभिनीत 'द मेकिंग ऑफ महात्मा' - शेख मुजीबुर रहमान के जीवन पर आधारित उनकी आखिरी निर्देशित फिल्म 'मुजीब~ मेकिंग ऑफ ए नेशन' यह फिल्म 13 फरवरी शुरू हुआ है जो 2 मार्च 2025 तक चलेगा। महोत्सव में कई सारे फिल्म निर्माता और उनके काम को करीब से जानने का मौका सिनेमाप्रेमियों को मिलने वाला है। यह ऑस्ट्रेलिया का एकमात्र वार्षिक राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव है, जो बॉलीवुड से परे भारतीय सिनेमा की विविधता को दर्शाता है। इस महोत्सव में 35 से ज्यादा विश्व और ऑस्ट्रेलियाई भारतीय फिल्मों का प्रीमियर होगा। यह फिल्म महोत्सव सिडनी, मेलबर्न, ब्रिसबेन, गोल्ड कोस्ट, पर्थ, एडिलेड और कैनबरा में आयोजित किया जा रहा है।



13 राष्ट्रीय पुरस्कार, पद्मश्री और पद्म भूषण से सम्मानित

- श्याम बेनेगल के नाम सबसे ज्यादा राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने का रिकॉर्ड है। उन्होंने अलग-अलग कैटेगरी में 13 राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम किए।

- अपने करियर में 24 फिल्में, 45 डॉक्यूमेंट्री और 15 एड फिल्में बनाने वाले श्याम बेनेगल को फिल्म जगत को दिए योगदान के लिए 1976 में पद्मश्री और 1991 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

- बेनेगल को 2005 में भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड भी दिया गया।

## भाई को छील कर रख दिया...

अभिनेता विक्की कौशल की फिल्म %छावा% बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। ये फिल्म 2025 की सबसे बड़ी ब्लकबस्टर बनने वाली है। रिलीज के पहले हफ्ते में ही फिल्म ने 200 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। फिल्म के कई सीन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इसी तरह से फिल्म का एक सीन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें विक्की कौशल और विनीत कुमार को यातना दी जाती है। फिल्म में विक्की कौशल ने छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार अदा किया है। विनीत ने कवि कैलाश का किरदार अदा किया है। फिल्म के आखिर में फिलमाए गए भावुक सीन के बारे में विनीत ने बताया कि वह मेरे लिए बहुत अजीब था। इसमें विक्की के कैरेक्टर को औरंगजेब के लोगों ने यातनाएं दी हैं। उन्होंने बताया कि फिल्म में असल एहसास इसलिए आए क्योंकि उनका विक्की के साथ बहुत अच्छा बॉण्ड है। विनीत ने डिजिटल कमेंट्री को बताया है कि %हम उस सीन का बहुत देर से इंतजार कर रहे थे। लेकिन इसे बाद में शूट किया गया। जब हम शूट कर रहे तब इससे हमें काफी उम्मीदें थीं। विक्की को लेकर मेरे अंदर सॉफ्ट कॉर्नर है क्योंकि हमने गैंग्स ऑफ वासेपुर में साथ में काम किया है। अपने कैरेक्टर में गहरे उतरने के बारे में विनीत ने बताया कि %सीन के शुरू होने से पहले मैंने विक्की की तरफ देखा और ये महसूस किया कि जिसके लिए मैं अपना सब कुछ कुर्बान कर सकता था, उस भाई को



उन लोगों ने छील डाला है। मेरे अंदर ये एहसास थे कि उन्होंने मेरे भाई को यातना दी लेकिन हम लोग उनके सामने नहीं झुकेंगे, क्योंकि संभाजी महाराज को ये फख्र है कि औरंगजेब उनके साथ चाहे जो कुछ करे लेकिन वह उनकी आत्मा को नहीं तोड़ सकता। इस सोच के 5 सेकेंडे के बाद मैं कैरेक्टर में गया। वह सीन रातभर शूट होता रहा। फिल्म %छावा% का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है। इसके निर्माता दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स है। फिल्म में रश्मिका मंदाना, आशुतोष राणआ और अक्षय खन्ना ने अदाकारी की है। फिल्म 14 फरवरी को सिनेमा घरों में रिलीज हुई थी।

## अल्लाहबादिया मामले में राठी की एंट्री

इंडियाज गॉट लैटेंट में विवादित टिप्पणी का मामला लगातार सुर्खियों में है। इस मामले में यूट्यूबर समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया पर पुलिस केस भी हो चुका है। इस मामले पर अब यूट्यूबर ध्रुव राठी ने एक लेटेस्ट वीडियो बनाई है। ये वीडियो बुधवार रात यूट्यूब पर शेयर की गई। वीडियो में ध्रुव राठी ने इस बात पर सहमति जताई कि ऑनलाइन कंटेंट पर पाबंदी लगाने का सरकार को कोई अधिकार नहीं है। हालांकि, उन्होंने उन कमेडियन पर कटाक्ष किया जो बेहूदा बातें कहने से नहीं कतराते हैं। ध्रुव ने शो में रणवीर अल्लाहबादिया के जोक को भद्दा बताया लेकिन उन लोगों पर भी निशाना साधा जो लोग असल जिंदगी में मां बहन की गाली देते हैं। उन्होंने कहा कि वेब सीरीज, फिल्में, चुटकुले किसी की निजी जिंदगी को प्राभावित नहीं करते बल्कि हम उससे सीखते हैं जो हम अपने आस-पास देखते हैं। उनके मुताबिक किसी की नैतिकता और मानसिकता उसके जीन में अंतर्निहित होती है।

# कांग्रेस अब बीजेपी की जीत का भी जश्न मनाती है

## केरल के सीएम पिनराई विजयन ने कसा तंज........................................

**कंट्रोल**

- एसएफआई की मीटिंग में कांग्रेस पर जमकर बरसे विजयन
- गठबंधन को लेकर कांग्रेस एक्टिव नहीं दिख रही'

एजेंसी



**तिरुवनंतपुरम।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार को लेकर केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। विजयन ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अब भारतीय जनता पार्टी की जीत का भी जश्न मनाती है। कांग्रेस पर अन्य पार्टियों के साथ मिलकर बीजेपी का मुकाबला करने की अपनी प्रतिबद्धता से पीछे हटने का आरोप लगाते हुए विजयन ने कहा कि राहुल ने खुद दिल्ली में आप के खिलाफ प्रचार अभियान का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि इस तरह जहां कांग्रेस के जीतने की कोई संभावना नहीं थी, उन्होंने बीजेपी को सत्ता में आने में मदद की।

विजयन ने स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया यानी कि स्स्नद्ब के 35वें प्रदेश सम्मेलन के तहत आयोजित एक मीटिंग के दौरान इसके कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, दिल्ली की 70 विधानसभा सीट में से 65 पर कांग्रेस प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई, लेकिन आम आदमी पार्टी के बीजेपी से चुनाव हारने पर उन्होंने जश्न मनाया। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी हो गई है जो अब बीजेपी की जीत का भी जश्न मनाती है।' उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के गलत राजनीतिक दृष्टिकोण ने बीजेपी को हरियाणा और महाराष्ट्र में जीत दिलाने में मदद की।

इंडिया गठबंधन का जिक्र करते हुए विजयन ने कहा कि जिस गठजोड़ ने 2024 के लोकसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत हासिल करने की बीजेपी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, उसे लेकर कांग्रेस अब एक्टिव नहीं दिख रही है। केरल के सीएम ने दावा किया, %यह कांग्रेस ही थी जिसने दिल्ली में ्रक्क सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, जिसके कारण केंद्रीय एजेंसियों ने हस्तक्षेप किया और दिल्ली के तत्कालीन डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया। कांग्रेस ने केजरीवाल की गिरफ्तारी की भी मांग की। कांग्रेस ने दिल्ली में हमेशा बीजेपी का साथ दिया।'

संघ परिवार के देश का भगवाकरण करने के प्रयासों' के प्रति स्स्नद्ब सदस्यों को आगाह करते हुए विजयन ने कहा कि ङ्खत्रष्ट का नया ड्राफ्ट नोटिफिकेशन कुछ और नहीं बल्कि देश की यूनिवर्सिटियों को कंट्रोल करने के उसके एजेंडे का हिस्सा है। विजयन ने कहा कि अपनी विविधता के बावजूद पूरा देश आजादी की लड़ाई में एक साथ खड़ा था। उन्होंने दावा किया, लेकिन केवल एक गुट ने इसमें भाग नहीं लिया और उसके नेताओं ने तत्कालीन ब्रिटिश वायसराय से मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिलाया था कि उनका अंग्रेजों के साथ हितों का कोई टकराव नहीं है।'

## पार्टी ने मेरे लिए स्पीकर का पद तय किया है: विजेंद्र गुप्ता

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में शपथ ग्रहण समारोह से पहले भारतीय जनता पार्टी नेता विजेंद्र गुप्ता ने आईएएनएस से कहा कि पार्टी ने उन्हें स्पीकर पद के लिए चुना है और वो कोशिश करेंगे की सदन में अपने कर्तव्यों का ठीक से पालन कर सकें।

उन्होंने कहा, आज का दिन बेहद खुशी का है। सत्ताईस साल बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार दिल्ली में सत्ता में आ रही है, और आज शपथ ग्रहण समारोह होने जा रहा है। हम सभी उस समारोह में शामिल होने के लिए वहां जा रहे हैं। मैं अपनी नई मुख्यमंत्री रेखा जी को ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। शपथ ग्रहण के इस खास मौके पर पूरे मंत्रिमंडल को भी मेरी ओर से बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

उन्होंने आगे कहा, पार्टी ने फैसला किया है कि मुझे स्पीकर के पद पर नियुक्त किया जाए और मैं दिल्ली विधानसभा को नियमों व कानून के दायरे में चलाऊंगा। यह लोकतंत्र का मंदिर है और इसी भावना के साथ हमें काम करना है।

हालांकि पार्टी ने स्पीकर किसे बनाया जाएगा इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

उन्होंने कहा, हमने यमुना की सफाई को एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया है और बहुत कम समय में इसे पूरा करके दिखाएंगे।

इसके बाद उन्होंने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए कहा, इसके अलावा मेरा मानना है कि जो चीज महल कहलाती है, वह दिल्ली की राजनीतिक परिस्थितियों में एक बदनुमा दाग है। यह किसी भी सरकार के भ्रष्टाचार का ज्वलंत उदाहरण है। मैं इसे भ्रष्टाचार का साम्राज्य कहूंगा। भारतीय जनता पार्टी इसे छूना भी नहीं चाहेगी। यह पूरी तरह जांच के दायरे में है।

उन्होंने कहा, जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और उस स्थान का जनहित में उचित उपयोग होना चाहिए। जो बदलाव और संशोधन वहां किए गए थे, उसे वापस उसी मूल रूप में लाया जाना चाहिए, ताकि 50 हजार गज का परिसर अपने मूल 10 हजार गज के क्षेत्र में वापस आ सके।

उन्होंने कहा, हमारे दिमाग में एक्शन प्लान बिल्कुल साफ है। सदन में स्वस्थ चर्चा हो, सरकार जनता के बीच अपने कार्यक्रमों को पेश करे और विपक्ष अपनी भूमिका विधिवत रूप से निभाए। यही हमारी अपेक्षा है। मैं यह घोषणा करता हूं कि दिल्ली विधानसभा के स्पीकर का पद संभालते ही मेरा पहला काम होगा कि सदन के पटल पर सीएजी की रिपोर्ट रखूं। यह स्पीकर का दायित्व है, और इसे मैं पूरे उत्साह के साथ निभाऊंगा।

**क्विक न्यूज**

### मुंबई पुलिस ने सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया, दो गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने अंधेरी इलाके में चल रहे एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को रेस्क्यू किया है, जिसका शोषण किया जा रहा था। पुलिस ने दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सहार पुलिस को अंधेरी इलाके के मरोल में एक गेस्ट हाउस में वेश्यावृत्ति गतिविधियों के बारे में एक गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने गेस्ट हाउस में छापेमारी की। रेस्क्यू की गई नाबालिग लड़की को पैसों का लालच दिया गया था। जांच में पता चला कि आरोपी नाबालिग लड़कियों को विदेशी पुरुषों के साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करते थे। मुंबई पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार दो लोगों की पहचान सलमान और जबरूल के रूप में हुई है।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में मतदान में दिखा ग्रामीण मतदाताओं का उत्साह

**रायपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण के मतदान में ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होने के बाद से ही मतदाताओं ने अपने अधिकार का उपयोग करना शुरू कर दिया है। सुबह नौ बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में औसतन 7.48 प्रतिशत मतदान हो चुका है। इसमें पुरुष मतदाताओं की भागीदारी 7.82 प्रतिशत रही, जबकि महिला मतदाताओं ने 7.14 प्रतिशत मतदान किया। विभिन्न जिलों में मतदान का प्रतिशत अलग-अलग देखा गया है। बिलासपुर जिले में सुबह 9 बजे तक 12.77 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जबकि कांकेर जिले में मतदान का प्रतिशत और अधिक था। कांकेर जिले में औसतन 16.29 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें भानुप्रतापपुर जनपद में 16.70 प्रतिशत और दुर्गुकोंडल जनपद में 15.71 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रखी गई है और सभी मतदाता शांतिपूर्ण ढंग से अपने मतदान का अधिकार निभा रहे हैं।

## सोशल मीडिया पर बेचे जा रहें महाकुंभ में नहाते और कपड़े बदलती महिलाओं के वीडियो

**नई दिल्ली।** महाकुंभ में 55 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके है। इस बीच कुछ लोग ऐसे है जो घिनौनी हरकतों को अंजाम दे रहे है। महिलाओं के संगम स्नान के वीडियो को सोशम मीडिया पर बेचा जा रहा है। साइबर पेट्रोलिंग के दौरान पता चला कि महाकुंभ में आईं कुछ महिलाओं के स्नान करने और कपड़े बदलते समय का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर अपलोड किया जा रहा है। पुलिस ने एक ऐसे ही इंस्टाग्राम अकाउंट @neha1224872024 के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया। इस अकाउंट के माध्यम से महिला स्नानार्थियों के अशोभनीय वीडियो पोस्ट किया गया था। प्रयागराज पुलिस ने महिला स्नानार्थियों की अमर्यादित वीडियो को पोस्ट करने और बेचने वाले सोशल मीडिया अकाउंट्स के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## रामनवमी मेले के दौरान श्रद्धालुओं को पानी की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाई जाएगी: चंपत राय

एजेंसी

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की दो दिवसीय बैठक के दौरान आगामी रामनवमी मेले के लिए श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा की गई। बैठक के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से यहां की व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। खासकर पानी की आपूर्ति को लेकर विशेष चर्चा की गई। इसके लिए जन्मभूमि पथ पर पाइपलाइन बिछाने का निर्णय लिया गया। ट्रस्ट और इंजीनियरों संग इसका मुआयना भी किया गया है।

चंपत राय ने पत्रकारों से बताया कि रामनवमी के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को लगभग एक सप्ताह तक रोकने का निर्णय लिया गया है। 6 अप्रैल को रामनवमी है और 3 अप्रैल से श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि शुरू हो जाएगी। यह माना जा रहा है कि 7 अप्रैल तक अयोध्या में भीड़ कम हो जाएगी, जिससे निर्माण कार्य फिर से शुरू किया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष गर्मियों में जन्मभूमि पथ से राम मंदिर तक श्रद्धालुओं के पैरों में जलन की समस्या आई थी। इसे ध्यान में रखते हुए स्थायी जर्मन हैंगर लगाने का कार्य प्रारंभ किया गया था। इस काम को पुणे की एक कंपनी और राजकीय निर्माण निगम द्वारा किया जा रहा था। लेकिन, भीड़ के कारण यह काम रुक गया था। अब इस कार्य को पूरा करने के लिए नई तैयारी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि राम मंदिर को रोजाना 2 घंटे लाइटों से जगमग करने की योजना बनाई जा रही है, जैसे राष्ट्रपति भवन शाम को रोशन होता है। मंदिर को ठंड में शाम 6 बजे से 10 बजे तक और गर्मियों में 7 बजे से 10 बजे तक रोशन किया जाएगा। इस योजना पर भी मंथन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बार अयोध्या में जो श्रद्धालु आ रहे हैं, वह पहले के मुकाबले ज्यादा हैं।

## मोहन भागवत ने स्वयंसेवकों पर जताया भरोसा, दी बड़ी जिम्मेदारी

# हम इन्हीं आंखों से भारत को विश्व गुरु बनते देखेंगे

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने झंडेवालान में पुनर्निर्मित केशव कुंज' के प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में कहा कि देश में संघ कार्य गति पकड़ रहा है, व्यापक हो रहा है। आज जिस पुनर्निर्मित भवन का यह प्रवेशोत्सव है, उसकी भव्यता के अनुरूप ही हमें संघ कार्य का स्वरूप भव्य बनाना है और हमारे कार्य से उसकी अनुभूति होनी चाहिए। यह कार्य पूरे विश्व तक जाएगा और भारत को विश्वगुरु के पद पर आसीन करेगा, ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है। और हम अपनी इसी देह, इन्हीं आंखों से बनते देखेंगे, यह विश्वास है। लेकिन संघ के स्वयंसेवकों को इसके लिए पुरुषार्थ करना होगा। हमें इसके लिए कार्य को सतत विस्तार देना होगा।'

उन्होंने कहा कि आज संघ के विभिन्न आयामों के माध्यम से संघ कार्य का विस्तार हो रहा है। इसलिए अपेक्षा है कि संघ के स्वयंसेवक के व्यवहार में सामर्थ्य, शुचिता बनी रहे। आज संघ की दशा बदली है, लेकिन दिशा नहीं बदलनी चाहिए। समृद्धि की आवश्यकता है, जितना आवश्यक है उतना वैभव होना भी चाहिए, लेकिन ऐसा मर्यादा में रहकर होना चाहिए। केशव स्मारक समिति का यह पुनर्निर्मित भवन भव्य है, इसकी भव्यता के अनुरूप ही कार्य खड़ा करना होगा।

महाल की शुरुआत का जिक्र

सरसंघचालक ने इस अवसर पर संघ की शुरुआत से ही आद्य सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार जी द्वारा झेली अनेक कठिनाइयों का उल्लेख किया और नागपुर में पहले कार्यालय महाल' की शुरुआत के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि क्योंकि दिल्ली देश की राजधानी है और सूत्रों का संचालन यहां से होता है, इसलिए यहां एक कार्यालय की आवश्यकता महसूस हुई और उस आवश्यकता के अनुसार यहां कार्यालय बनाया गया है। आज यह भव्य भवन बन जाने भर से स्वयंसेवक का काम पूरा नहीं होता। हमें ध्यान रखना होगा कि उपेक्षा और विरोध हमें सावधान रखता है, लेकिन अब अनुकूलता का वातावरण है, हमें अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कार्यालय हमें कार्य की प्रेरणा देता है, लेकिन उसके वातावरण की चिंता करना प्रत्येक स्वयंसेवक का कर्तव्य है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष गोविंददेव गिरी महाराज ने आशीर्वचन में कहा कि आज श्री गुरुजी की जयंती है, इसलिए पावन दिन है। आज शिवा जी महाराज की भी जयंती है। शिवाजी महाराज संघ की विचार शक्ति हैं।

कांची कामकोटि पीठ के तत्कालीन शंकराचार्य परमाचार्य जी ने एक बार एक वरिष्ठ प्रचारक से कहा था कि संघ प्रार्थना से बढ़कर कोई मंत्र नहीं है।

## पंजाब के पास अन्य राज्यों को देने के लिए एक बूंद पानी भी अतिरिक्त नहीं: मान

एजेंसी

**चंडीगढ़।** रावी-ब्यास जल ट्रिब्यूनल के समक्ष राज्य के आधिकारिक पक्ष की पुरजोर वकालत करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को स्पष्ट रूप से कहा कि पंजाब के पास अन्य राज्यों को देने के लिए पानी की एक भी बूंद अतिरिक्त नहीं है।

चेयरमैन जस्टिस विनीत सरन के नेतृत्व वाली ट्रिब्यूनल, सदस्य जस्टिस पी. नवीन राव, जस्टिस सुमन श्याम तथा रजिस्ट्रार रीटा चोपड़ा के साथ बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने दोहराया कि पंजाब के पास किसी अन्य राज्य के साथ साझा करने के लिए कोई अतिरिक्त पानी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि पानी साझा करने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता और अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार पानी की उपलब्धता का पुनर्मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। श्री मान ने रावी जल प्रणाली के अध्यन के लिए राज्य के दौरे पर आए ट्रिब्यूनल से अपील की कि वह पंजाब के लोगों को न्याय दिलाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के 76.5 प्रतिशत ब्लॉक (153 में से 117) की स्थिति अत्यंत गंभीर है, क्योंकि यहां भूजल निकासी की दर 100 प्रतिशत से भी अधिक है, जबकि हरियाणा में यह केवल 61.5 प्रतिशत ब्लॉक (143 में से 88) में ही अत्यधिक दोहन की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि राज्य के अधिकांश नदी स्रोत सूख चुके हैं, इसलिए पंजाब को अपनी सिंचाई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अधिक पानी की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थिति इतनी गंभीर है कि पंजाब में पानी की भारी कमी होने के बावजूद यह अन्य राज्यों के लिए अन्न का उत्पादन कर रहा है ताकि देश को खाद्यान्न संकट का सामना न करना पड़े।

# पुणे में जीबीएस से दहशत, 11 ने तोड़ा दम

एजेंसी



**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। अब तक 183 मरीजों में जीबीएस का उपचार किया गया है, जबकि 28 मामले संदिग्ध जीबीएस के हैं।

इस बीमारी के कारण कुल 11 मौतें हो चुकी हैं, जिनमें से 4 मौतों की वजह जीबीएस को बताया जा रहा है, जबकि 7 मौतें संदिग्ध हैं।

इन मरीजों में से 42 मरीज पुणे नगर निगम, 94 मरीज पुणे नगर निगम क्षेत्र के, 32 मरीज पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम, 33 मरीज पुणे ग्रामीण क्षेत्र और 10 अन्य जिलों से हैं। अब तक 144 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है, जबकि 36 मरीज आईसीयू में भर्ती हैं और 16 मरीज वेंटिलेटर पर हैं।

इससे पहले 12 फरवरी को महाराष्ट्र में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के बढ़ते मामलों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने आईएएनएस से बातचीत की थी। प्रकाश आबिटकर ने बताया था, जीबीएस के कारण जब पुणे में मरीज बढ़े थे, तब लोग बहुत परेशान हुए थे। जीबीएस के मरीज काफी पहले से ही महाराष्ट्र में हैं। मरीजों की संख्या में जो लगातार इजाफा हो रहा था, उसे कंट्रोल करने में हम सक्षम हैं। इस बीमारी से डरने की जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि इसकी कोरोना से तुलना करने की जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा था कि गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से जितने भी मरीज पीड़ित हुए हैं, वे जल्द ही ठीक हुए हैं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया है। जीबीएस को लेकर जिस तरह के दावे किए जा रहे थे कि यह कोरोना की तरह फैलेगा, ऐसा बिल्कुल भी नहीं हुआ है। जीबीएस के प्रकोप के बीच 29 जनवरी को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रशासन से मरीजों के इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में विशेष व्यवस्था करने को कहा था।

वहीं, राज्य स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दी कि सामान्य सावधानियां बरतकर जीबीएस को कुछ हद तक रोका जा सकता है, जैसे उबला हुआ या बोतल बंद पानी पीना, खाने से पहले फलों और सब्जियों को अच्छी तरह से धोना, चिकन और मांस को ठीक से पकाना, कच्चे या अधपके भोजन, विशेष रूप से सलाद, अंडे, कबाब या समुद्री भोजन से परहेज करना।

## बॉयफ्रेंड को गमछे से बांध नाबालिग से गैंगरेप कर रहे थे 4 आरोपी, तभी पहुंची पुलिस, चारों गिरफ्तार

एजेंसी

**भागलपुर।** भागलपुर में चार दरिंदों ने प्रेमी के सामने ही उसकी नाबालिग प्रेमिका के साथ गैंगरेप किया। वारदात के दौरान दरिंदों ने प्रेमी के साथ मारपीट करने के बाद उसे गमछे से बांध दिया था। किसी तरह प्रेमी ने गमछा खोल लिया और पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर दिया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एक बदमाश को तो लड़की के साथ रेप करते हुए अरेस्ट कर लिया। वहीं, तीन बदमाश पुलिस को देखकर फरार हो गए। इन बदमाशों को भी पुलिस ने महज तीन घंटे के अंदर अरेस्ट कर लिया। यह वारदात मंगलवार की देर शाम भागलपुर जिला के कहलगांव थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास हुई।

कहलगांव एसडीपीओ शिवानंद के मुताबिक पीड़िता की उम्र 17 साल है और वह इंटर की पढ़ाई कर रही है। वह यहां कहलगांव में ही किराए का घर लेकर अपनी सहेली के साथ रहती है। वहीं, उसका प्रेमी दरभंगा का रहने वाला है। कुछ समय पहले दोनों की बातचीत इंस्टाग्राम के जरिए हुई और फिर दोनों में प्यार हो गया। घटना के दिन छात्रा का प्रेमी भागलपुर आया था और वहीं उसने मिलने के लिए छात्रा को भी बुलाया था। भागलपुर में मिलने के बाद दिन भर दोनों साथ घूमते रहे और शाम होने पर छात्रा को छोड़ने के लिए उसका प्रेमी ट्रेन से कहलगांव रेलवे स्टेशन तक आया। यहां ट्रेन से उतर कर दोनों प्लेटफार्म नंबर दो पर टहल रहे थे। इसी दौरान अंधेरे का फायदा उठाते हुए चार बदमाशों ने इन्हें घेर लिया और मारपीट करते हुए पास की झाड़ियों में ले गए। जहां दरिंदों ने युवक के हाथ पांव गमछे से बांध कर एक तरफ डाल दिया और वहीं उसके सामने ही छात्रा के साथ गैंगरेप करने लगे।

इसी दौरान युवक ने किसी तरह गमछे से अपना हाथ मुक्त कर लिया और पुलिस कंट्रोल डायल 112 नंबर पर कंट्रोल रूम में चुपके से फोन कर दिया।

## ब्राजील के हीटवेव से टूटे गर्मी के रिकॉर्ड, रियो में पारा 44 डिग्री के पार, राहत पाने को समुद्र की ओर उमड़ रहे लोग

एजेंसी



**रियो डी जेनेरियो।** एक ओर जहां हम ठंड का सामना कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ब्राजील हीटवेव का सामना कर रहा है। वहां के लोग 44 डिग्री सेल्सियस की भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। इसके चलते एक दशक का रिकॉर्ड भी टूट गया है।

ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में स्थित रियो डी जेनेरियो में बीते सोमवार को सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया।

ब्राजील के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान संस्थान (इंस्टीट्यूटो नैशनल डी मेटेरोलोजिया, की मानें तो वहां गर्मियों में पारा और अधिक बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने चेतावनी देते हुए कहा कि आने वाले समय में गर्मी का प्रकोप और बढ़ेगा।

रियो डी जेनेरियो में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी ब्राजील के कई क्षेत्रों को प्रभावित कर रही है। रियो डी जेनेरियो ही नहीं दूसरे क्षेत्रों में भी पारा लगातार बढ़ रहा है। साओ पाउलो में तापमान 37.7 डिग्री सेल्सियस, पोर्टो एलेग्रे में 36 डिग्री सेल्सियस तो वहीं बेलो होरिजोंटे में 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

एपी की रिपोर्ट के अनुसार, रियो डी जेनेरियो में फरवरी में आमतौर पर औसत तापमान लगभग 27 डिग्री सेल्सियस है, जो आमतौर पर 23 डिग्री सेल्सियस से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच होता है। वर्तमान में जो पारा है वो औसत से 10 डिग्री सेल्सियस से भी ज्यादा है।

रियो में फरवरी में आमतौर पर 128-150 मिमी के बीच औसत वर्षा होती है। हालांकि, शुष्क मौसम जारी रहने के चलते जिससे गर्मी और बढ़ गई।

रियो डी जेनेरियो में बढ़ते तापमान के चलते लोगों को हीटवेव प्रोटोकॉल जारी कर दिया गया है। शहर ने छायादार क्षेत्रों और हाइड्रेशन प्वाइंट के साथ 58 कूलिंग स्टेशन खोले हैं, जो शहर के केंद्र में सिनेलैंडिया और प्राका XV जैसे स्थानों पर लगे हैं।

# मासूमों और उनकी मां के लौटाए शव.................

## हमास ने पूरी की अपनी शर्त तो इजरायल में छाया मातम

एजेंसी



**खान यूनिस।** हमास ने गुरुवार को चार इजरायली बंधकों के शव लौटाए, जिसके बाद इजरायल में मातम छा गया। इनमें एक मां और उसके दो बच्चे शामिल हैं, जिनके बारे में लंबे समय से आशंका जताई जा रही थी कि वे मर चुके हैं और 7 अक्टूबर 2023 को हुए हमले के बाद पूरे देश के लिए एक पीड़ादायक याद बन गए थे।

जानकारी के अनुसार, ये शव शिरी बिबास और उसके दो बच्चों, एरियल और केफिर के हैं। इसके साथ ही इन शवों में ओडेड लिफशिट्ज की भी बॉडी है, जो अपहरण के समय 83 वर्ष के थे। केफिर, जो 9 महीने का था, सबसे कम उम्र का बंदी था।

हमास ने कहा है कि इजरायली हवाई हमलों में ये चारों और उनके गार्ड मारे गए। हमास के लड़ाकों ने गाजा पट्टी में चार काले ताबूतों में ये शव सौंपे।

इसके बाद लड़ाके ताबूतों को रेड क्रॉस के वाहनों में ले गए, जहां लाल जैकेट पहने कर्मचारियों ने उन्हें अंदर रखने से पहले सफेद चादरों से ढक दिया। रेड क्रॉस का काफिला वापस इजरायल चला गया, जहां अधिकारी डीएनए का उपयोग करके अवशेषों की औपचारिक पहचान करेंगे, जिसमें दो दिन तक का समय लगने की उम्मीद है।उसके बाद ही परिवारों को अंतिम सूचना दी जाएगी।

उधर, इजरायली सेना ने पुष्टि की है कि उन्हें ताबूत मिल गए हैं। हमास और अन्य गुटों के बड़ी संख्या में नकाबपोश और सशस्त्र लड़ाकों सहित हजारों लोग दक्षिणी गाजा शहर खान यूनिस के बाहरी इलाके में हैंडओवर साइट पर एकत्र हुए थे।

## लैंडिंग के समय पलटा था प्लेन, अब डेल्टा एयरलाइंस ने किया मुआवजे का एलान

**नई दिल्ली।** टोरंटो के पियर्सन एयरपोर्ट पर क्रैश-लैंडिंग के बाद डेल्टा एयर लाइन्स का एक जेट विमान अचानक रुक गया। इस दुर्घटना में चार क्रू मेंबर समेत विदेश में मौजूद सभी 80 लोग बच गए। क्रैश लैंडिंग के बाद, डेल्टा ने बताया कि 21 यात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जबकि अधिकतर को छुट्टी दे दी गई है, एक यात्री अभी भी मेडिकल देखभाल में है। वहीं इस घटना के बाद डेल्टा एयरलाइंस ने यात्री को मुआवजा देने का ऑफर किया है। मुआवजे के तौर पर, डेल्टा प्रत्येक जीवित बचे व्यक्ति को ‚30,000 (लगभग 26 लाख) का ऑफर कर रहा है। जिनमें से कई पलटे हुए विमान के अंदर 'चमगादड़ की तरह लटके' रह गए थे। डेल्टा के सीईओ एड बैस्टियन ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता सभी ग्राहकों और एंडेवर क्रू सदस्यों की देखभाल करना है, जो इसमें शामिल थे।'

उन्होंने कहा, 'हम आने वाले दिनों में उन्हें और उनके परिवारों को सहायता देने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, और मुझे पता है कि पूरे डेल्टा समुदाय के दिल, विचार और प्रार्थनाएं उनके साथ हैं। हम उन सभी प्रथम उत्तरदाताओं और चिकित्सा टीमों के आभारी हैं जो उनकी देखभाल कर रहे हैं।' डेल्टा फ्लाइट 4819, जिसमें 76 यात्री और चार चालक दल के सदस्य थे, सोमवार को 12.45 बजे IST पर बर्फीले मौसम के बीच टोरंटो उतरते समय पलट गई।

# श्रद्धालुओं से भरी टाटा सूमो और बस के बीच टक्कर, 9 की मौत, 29 घायल



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (बदलापुर)** स्थानीय थाना क्षेत्र के सरोखनपुर में दर्दनाक सड़क हादसे में 9 श्रद्धालुओ की मौत हो गई। इस हादसे में 29 से अधिक लोग घायल है ,घायलों को शहीद उमानाथ सिंह जिला चिकीत्सालय में भर्ती कराया गया। आधा दर्जन गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर के लिए भेज दिया गया जहा इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताविक वाराणसी -लखनऊ नेशनल हाइवे पर जौनपुर जिले के बदलापुर थाना क्षेत्र के सरोखन पुर गांव के पास गुरुवार की भोर में किसी अज्ञात वाहन ने JH02AX1652 सफ़ेद रंग की टाटा सूमो में टक्कर मार दी जिसमे 5 लोगो की मौके पर मौ हो गई ,वही दूसरी तरफ इस घटना स्थल से कुछ चंद कदम की दुरी पर श्रद्धालुओ से भरी बस ट्रक से टकरा गई इसमें भी चालक समेत 4 लोगो की मौत हो गई ,इस भीषण सड़क दुर्घटना की जैसे ही जानकारी पुलिस को हुई मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से सभी को जिला चिकित्सालय पहुंचाया जिला अस्पताल पहुंचे लोगो को डाक्टरों ने तुरंत इलाज शुरू कर दिया इलाज के कुछ समय बाद वहाँ के डॉक्टरो ने 9 लोगो की मौत की पुष्टि कर दी। गौरतलब हो कि सुबह जौनपुर के पुलिस अधीक्षक ने 8 लोगों की मौत की सूचना दी थी मगर सुबह 9 बजे एक और गंभीर रूप से घायल की मृत्यु हो गई. शहीद उमानाथ सिंह जिला चिकित्सालय के फिजिशियन डॉक्टर कृष्ण कुमार ने बताया की हमारे अस्पताल में नौ लोगों को रात्रि में मृत अवस्था में लाया गया था ,जिसमे पांच महिला तीन पुरुष और एक सात साल का बच्चा शामिल था , 29 लोग घायल अवस्था में आए थे जिसमे 6 लोग गंभीर रूप से घायल थे उनको बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया अन्य चार बगैर बताये अस्पताल से चले गए घायलों का इलाज हमारे डॉक्टर्स गंभीरता पूर्वक कर रहे है

### सड़क एक्सीडेंट में मृतकों के नाम

जनपद में दो अलग-अलग सड़क हादसों में 9 लोगो की मौत 29 घायल हुए जिसमें 6 लोगो की स्थिति गंभीर बनी हुई है घायलों को बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर भेजा गया पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में कराया भर्ती सभी मृत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे डीएम एसपी ने घायलों का हाल जाना आपको बताते चले कि इस भीषण सड़क हादसे में जिन लोगो की मृत्यु हुई उनके नाम भगवान सिंह पुत्र स्वर्गीय राम जी मादीपुर, पंजाबी बाग दिल्ली। अनीता पत्नी बसंत लाल मदनपुर पश्चिमी दिल्ली, शकुंतला पत्नी इंद्र कुमार, मादीपुर पंजाबी बाग दिल्ली,दिनेश पुत्र बसंत लाल मादीपुर पंजाबी बाग दिल्ली, सुशीला पत्नी नाथूराम वलितं नगर,भिवानी हरियाणा, बिहान पुत्र भोला सिंह, निवासी अज्ञात है।

### हादसे में घायलों के नाम

गुरुवार को जनपद में हुए भीषण सड़क हादसे में जिन लोगो के घायल होने की सूचना है उनके नाम और पते इस प्रकार है ,कविता पत्नी आनंद मादीपुर पंजाबी बाग दिल्ली, सरोज पत्नी खेम चंद करोल बाग भावनगर न्यू दिल्ली, सुभाष पुत्र हनुमान प्रसाद मादीपुर पंजाबी बाग प्रसाद नगर न्यू दिल्ली, गीतांजलि पत्नी संजय कुमार पंजाबी बाग न्यू दिल्ली, आशीष पुत्र संजय रोहनी नगर न्यू दिल्ली, लक्ष्मी पत्नी सुभाष जय कॉलोनी न्यू दिल्ली, भगवान सिंह पुत्र स्वगीर्य राम जी पंजाबी बाग न्यू दिल्ली, अनीता पुत्री वसंत लाल पश्चिम पुरी नई दिल्ली, शकुंतला पत्नी इंद्रेश कुमार पंजाबी बाग बाग न्यू दिल्ली, दिनेश पुत्र बसंत लाल पंजाबी बाग न्यू दिल्ली, सुशीला पत्नी नाथूराम उत्तम नगर भवानी हरियाणा, बेचन पुत्र भूमि सिंह पता अज्ञात राधा देवी पत्नी रामचंद्र मादीपुर पंजाबी बाग न्यू दिल्ली, रामवती पत्नी संतराम मादीपुर पंजाबी बाग न्यू दिल्ली, दिनेश पुत्र बसंत लाल मादीपुर पंजाबी बाग न्यू दिल्ली, सुशीला पत्नी नाथूराम उत्तम नगर दीवानी हरियाणा, बेचन पुत्रभानु सिंह जनपद सुल्तानपुर।तारा देवी पत्नी रामलाल निवासी माडीपुर नई दिल्ली, रंजीत पत्नी नरेश निवासी अलीगढ़ पश्चिम विहार, दिल्ली मीना पत्नी सुरेश चंद, मादीपुर पश्चिमी न्यू दिल्ली, डीके दुबे पुत्र पी के दुबे मादीपुर न्यू दिल्ली, मायावती पत्नी हरि प्रकाश दिल्ली निवासी जेजे कॉलोनी नई दिल्ली ,कविता पत्नी आनंद मादीपुर दिल्ली, सरोज पत्नी खेम चंद मादीपुर पंजाबी बाग न्यू दिल्ली पंजाबी तारा देवी पत्नी रामलाल निवासी मादीपुर नई दिल्ली, रंजीत पत्नी नरेश निवासी अलीगढ़ पश्चिम विहार, दिल्ली मीना पत्नी सुरेश चंद, मादीपुर पश्चिमी न्यू दिल्ली, डीके दुबे पुत्र पी के दुबे मादीपुर न्यू दिल्ली मादीपुर, मायावती पत्नी हरि प्रकाश दिल्ली निवासी जेजे कॉलोनी निवासी नई दिल्ली ,शामिल है।

# हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर डीएम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया कि हाईस्कूल/इण्टर) परीक्षा वर्ष-2025, 24 फरवरी 2025 से प्रारम्भ होकर 12 मार्च 2025 के मध्य में दो पालियों में (प्रथम पाली समय-प्रातः 8:30 बजे से 11.45 बजे तक, द्वितीय पाली सायं 2.00 बजे से 5.15 बजे तक) की अवधि में आयोजित होगी। कक्षा-10 में कुल पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 74938, कक्षा-12 में कुल पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 80164, वर्ष 2025 में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 155102 है। कुल 218 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। जिसके लिए जोनल मजिस्ट्रेट 06, सेक्टर मजिस्ट्रेट 23 एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट 218 तैनात किये गये हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक परीक्षाओं के संचालन में अनुचित साधनों का प्रयोग एवं प्रश्न पत्रों के समय से पूर्व प्रकटन को रोकने, साल्वर गिरोह का निषेध करने और संबंधित सभी मामलों में दंड की व्यवस्था करने के लिए 2024 में नवीन अधिनियम बनाया गया है। इस अधिनियम का उद्देश्य छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए सार्वजनिक परीक्षा में अधिक पारदर्शिता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता लाना है। इसमें छात्रों को उनके भविष्य के दृष्टिगत आपराधिक दायित्व से मुक्त रखा गया है परंतु सार्वजनिक परीक्षाओं को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने वाले दोषियों के विरुद्ध निर्णायक और कठोर कार्रवाई का प्राविधान किया गया है। सार्वजनिक परीक्षा के संचालन में सम्मिलित प्रश्न पत्र की तैयारी, कोडिंग डिकोडिंग, मुद्रण. संग्रहण, सुरक्षित अभिरक्षा और वितरण, सार्वजनिक परीक्षा का पर्यवेक्षण, उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन, परिणाम की घोषणा और उससे संबंधित अन्य सभी कार्य किये गये है। परीक्षार्थी के संदर्भ में किसी व्यक्ति से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से या किसी भी रूप में अनधिकृत सहायता लेना या किसी प्रकार के अनधिकृत गैजेट या का उपयोग करना, परीक्षार्थी के अलावा अन्य व्यक्ति के संदर्भ में अनधिकृत रूप से प्रश्न पत्र के प्रकटन या प्रकटन का प्रयास, किसी सार्वजनिक परीक्षा में किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी तरीके से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहायता करना या सहायता करने का प्रयास करना, और परीक्षार्थी को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए कंप्यूटर नेटवर्क या संसाधन या प्रणाली के साथ छेड़छाड़ करना या करने का प्रयास करना इस अधिनियम के दायरे में आयेगा। सॉल्वर गिरोह का आशय परीक्षा संस्था के अधिकारी या कर्मचारी और सार्वजनिक परीक्षा के संचालन के लिए लगाए गए संस्था के प्रबंधन या कर्मचारी को छोड़कर ऐसा व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह है जो वास्तविक परीक्षार्थी के स्थान पर उपस्थित या उपस्थित होने का प्रयास करने वाला व्यक्ति, सार्वजनिक परीक्षा से संबंधित प्रश्न पत्र को परीक्षा से पहले भौतिक या किसी अन्य माध्यम से प्राप्त कर परीक्षार्थियों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके सहायता करने वाला व्यक्ति, या परीक्षार्थी को अनुचित लाभ प्रदान करने के लिए किसी भी तरीके से सम्मिलित होने वाला व्यक्ति से है।

# जिले भर में जारी अवैध खनन, माफियाओं के हौसले बुलंद

अवधनामा संवाददाता

- जेडीयू कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग
- पत्रकारों पर फर्जी मुकदमे प्रशासन की चुप्पी
- जेडीयू कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



**बांदा।** बांदा जिले में अवैध खनन का कारोबार धड़ल्ले से जारी है, जिससे खनन माफियाओं के हौसले आसमान छू रहे हैं। जहां एक ओर महाकुंभ के चलते पूरे प्रदेश में खनन कार्य पर रोक लगी हुई है, वहीं दूसरी ओर बांदा में यह प्रतिबंध पूरी तरह से प्रभावहीन साबित हुआ है। जिले में खुलेआम अवैध खनन जारी है, लेकिन प्रशासन और संबंधित विभाग इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

स्थानीय मीडिया कर्मी और छोटे समाचार पत्रों के पत्रकार जब इस अवैध खनन को उजागर करने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें प्रशासन द्वारा नजरअंदाज कर दिया जाता है। यहां तक कि उनकी खबरों को सूचना विभाग द्वारा संज्ञान में नहीं लिया जाता, जिससे इस मुद्दे पर उच्च अधिकारियों तक कोई सूचना नहीं पहुंच पाती और तो और, कई मामलों में पत्रकारों को टारगेट कर उन पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए गए हैं और उन्हें जेल तक भेजा गया है। ऐसे सैकड़ों उदाहरण सामने आए हैं, जहां ईमानदार पत्रकारों को सच दिखाने की कीमत चुकानी पड़ी है।राजस्व विभाग और खनन विभाग के स्थानीय अधिकारी भी इस अवैध कारोबार में आकंठ डूबे हुए हैं। राजस्व चोरी के कारण सरकार को करोड़ों रुपये की हानि हो रही है, लेकिन इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और अवैध खनन पर तुरंत रोक लगाने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से अनुरोध किया कि दोषी अधिकारियों और खनन माफियाओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और पत्रकारों को न्याय दिलाने के लिए निष्पक्ष जांच कराई जाए।बांदा की जनता और पत्रकारिता जगत अब उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उम्मीद लगाए बैठा है कि वे इस गंभीर मुद्दे पर संज्ञान लेंगे और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे। यदि इस पर जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो जिले में पत्रकारिता करना और भी जोखिम भरा हो जाएगा और खनन माफियाओं का आतंक और बढ़ सकता है। इस अवसर पर शालिनी सिंह पटेल जेडीयू महिला प्रदेश अध्यक्ष, ज्योति ज्योति मौर्य नगर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ जदयू अतर्रा, देवेश कुमार उमर नगर अध्यक्ष बंडा जेडीयू, उदय पाल, केशन कुमार मोहनलाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## दो पहिया वाहनो की निलामी

**आजमगढ़।** थाना बरदह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना द्वारा चलाये जा रहे लावारिस वाहनो के निस्तारण आदेश के अनुपालन में आज थाना स्थानीय पर लावारिस में दाखिल वाहनों के नीलामी की प्रक्रिया की कार्यवाही की गयी।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षक सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में कल देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में 24 आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेंद्र के क्वालिटी के पैमाने पर बेहतर प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया। साथ ही जिला मंडलीय चिकित्सालय के प्रमुख अधीक्षक, जिला महिला चिकित्सालय के अधीक्षक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षक को बेहतर कार्य हेतु सम्मानित किया गया।इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई। गर्भावती महिलाओं के पंजीकरण, संस्थागत प्रसव एवं नियमित टीकाकरण के कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा में ब्लॉक कोयलसा, मार्टिनगंज एवं मुबारकपुर शहरी क्षेत्र की प्रगति कम होने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त किया गया। जिलाधिकारी द्वारा जनहित से जुड़े सेवाओं की नियमित निगरानी हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में जीरो डोज एवं पूर्ण टीकाकरण की प्रगति को बढ़ाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने आशा के औषत भुगतान में जनपद की प्रगति खराब होने पर ब्लॉक जहानागंज एवं कोयलसा को कार्य में सुधार हेतु निर्देशित किया। उन्होने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा किए गए कार्यों को नियमित निगरानी हेतु निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अशोक कुमार, जिला पंचायती राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित समस्त संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## परिवार सहित पुलिस अधीक्षक से लगायी गुहार

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे एक पीडिता ने अपने साथ हुये अन्याय को लेकर गुहार लगायी।आपको बता दें कि पूरा मामला पुलिस अधीक्षक कार्यालय से सामने आया है जहां पर आज पीड़िता परिवार सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायतपत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है,पीड़िता थाना-अतर्रा,अतर्रा,जिला बाँदा की मूल निवासिनी है और अनुसूचित जाति चमार है दिनांक 12/02/ 2025 ई0 को पीड़िता की नाबालिग पुत्री को पुरानी तहसील के अतर्रा ग्रामीण चार अन्य व्यक्ति बहला-फुसला कर भगा ले गये थे पीडिता की नाबालिग पुत्री की जन्मतिथि 04/01/2010 ई0 है। घटना के समय पीड़िता की पुत्री की उम्र 15 साल 1 माह 16 दिन थी । पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट दिनांक 13/02/2025 ई0 को कोतवाली अतर्रा मे किया था।

## सहायक कुलपति ने किया अथितियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित

**आजमगढ़।** महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय के कुलपति संजीव कुमार के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा श्लोक प्रशासन और सतत विकास विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता के रूप में गाँधी स्मारक त्रिवेणी पीजी कॉलेज, बरदह के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमरेश पाठक एवं संत गणिकनाथ राजकीय पीजी कॉलेज, मऊ के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शिव प्रताप राय उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर के हुई। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के सहायक कुलपति डॉ. महेश कुमार श्रीवास्तव ने दोनों अथितियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. पाठक ने बताया कि किस प्रकार मानव जीवन के प्रत्येक पहलू को लोक प्रशासन प्रभावित करता है तथा भविष्य की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए वर्तमान में नीति निर्धारण किया जाना चाहिए। इतिहास और वर्तमान प्रशासन में आये बदलाव की महत्ता को बताते हुए डॉ. पाठक ने अपने व्याख्यान से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। वहीं डॉ. राय ने प्रशासन के माध्यम से सतत विकास के सत्रह लक्ष्यों की प्राप्ति की बात करते हुए भुखमरी, गरीबी, जल प्रबंधन आदि में सुधार संबंधी नीतियों पर अपनी बात कही। दोनों वक्ताओं के व्याख्यान से उपस्थित छात्रों एवं शिक्षकों ने ज्ञानार्जन किया।

# एशिया-प्रशांत में कैंसर रोकथाम हेतु आईसीपीसी के सहयोग से शुआट्स में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन प्रारम्भ

अवधनामा संवाददाता

- देश-विदेश के विशेषज्ञ, डॉक्टरों, वैज्ञानिकों ने दिये महत्वपूर्ण सुझाव

**प्रयागराज।** सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स) में अंतर्राष्ट्रीय कैंसर रोगी गठबंधन (आईसीपीसी) द्वारा एशिया-प्रशांत क्षेत्र में कैंसर रोकथाम व इलाज के उद्देश्य से 'कार्रवाई में समानता- कैंसर देखभाल में प्रगति को बढ़ावा देना' विषय पर दो दिवसीय वैश्विक शिक्षर सम्मेलन का उद्घाटन बृहस्पतिवार को हुआ। राज्य सभा सांसद डा. सस्मित पात्रा, आईसीपीसी के महासचिव प्रोफेसर (डॉ.) डेनिस होर्गन, शुआट्स कुलपति प्रो. राजेन्द्र बी. लाल, प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो. जोनाथन ए. लाल, प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो. बिश्वरूप मेहरा, कुलसचिव प्रो. रानू प्रसाद ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। डा. डेनिस होर्गन ने मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों के निर्माण, रोगियों, समुदायों की कैंसर देखभाल को उन्नत और न्यायसंगत व सशक्त बनाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से एक फ्रेमवर्क विकसित किया जायेगा जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर सभी तरह के कैंसर का जल्द पता लगाने की प्रणाली विकसित करने, सार्वजनिक स्थानों, अस्पतालों में डिजिटल स्क्रीनिंग पर जोर देना, 2030 तक कैंसर का प्रारंभिक पता लगाने की दरों में 15 प्रतिशत वृद्धि, कैंसर रोकथाम पहल को बढ़ावा देने हेतु 5 मिलियन डॉलर फण्ड एकत्रित करना, 2027 तक कृत्रिम बुद्धि (ए.आई.) संचालित निदान व टेलीमेडिसिन हेतु 500 कैंसर विज्ञानी को प्रशिक्षित करना, अनुसंधान व विकास में निवेश बढ़ाना आदि है। उन्होंने कैंसर से निदान हेतु पब्लिक एवं प्राईवेट सेक्टर को एक साथ कार्य करने व हेल्थ केयर सिस्टम को सपोर्ट करने वाली नीति निर्माण को समय की जरूरत बताया। उड़ीसा से राज्य सभा सांसद डा. सस्मित पात्रा ने कैंसर इलाज हेतु आयुष्मान भारत में 5 लाख वार्षिक धनराशि को बढ़ाने, कैंसर निदान व रोकथाम हेतु ग्लोबल प्रोटोकाल स्थापित करने, आयात होने वाली महंगी दवाओं का निर्माण भारत में किये जाने की बात कही, साथ ही जीवनशैली व खानपान में बदलाव, प्लास्टिक का उपयोग करने का सुझाव भी दिया। राजनीतिक गोलमेज सत्र के दौरान सांसद ने विभिन्न सवालों के उत्तर दिये। सम्मेलन में आनलाईन जुड़ी सांसद डा. फौजिया खान ने टेलीमेडिसिन, सस्ती जाँच, उच्च स्तरीय प्रशिक्षण पर जोर देने व कैंसर को अधिसूचित बीमारी घोषित करने की बात कही। ग्रामीण क्षेत्र में कैंसर जागरूकता बढ़ाने का सुझाव दिया। अध्यक्षीय भाषण में कुलपति प्रो. डा. राजेन्द्र बी. लाल ने बतौर कृषि वैज्ञानिक अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि अमेरिका में कार्य के दौरान उन्होंने मिट्टी की सतह से पानी में मिलने वाले केमिकल की जांच की। उन्होंने कहा कि जैविक खाद्य पदार्थ का प्रयोग बीमारी से दूर जरूर रखता है लेकिन केमिकल के डर में नहीं रहना चाहिये। उन्होंने परमेश्वर पर विश्वास करके सदाचार जीवन व उच्च स्तर की जीवनशैली को अपनाने की बात कही। आईसीपीसी बोर्ड सदस्य एवं प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो. जोनाथन ए. लाल ने कहा कि महाकुंभ मेला जिसमें प्रयागराज शहर में सबसे बड़ी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग लिया, हमें सिखाता है कि सामूहिक कार्य बड़े बदलाव ला सकता है जिससे प्रेरणा लेकर इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक सम्मेलन में शामिल होने वाले नीति निर्माता, स्वास्थ्य सेवा विशेषज्ञ, रोगी अधिवक्ता, उद्योग प्रतिनिधि, शोधकर्ता के सुझाव से कैंसर देखभाल पर एशिया-प्रशांत घोषणा के माध्यम से समान देखभाल के लिए कार्रवाई योग्य रूपरेखा और औपचारिक प्रतिबद्धताओं को बढ़ावा मिलेगा।


# कार्यालय नगर पंचायत रामपुर जौनपुर

पत्रांक : 529 दिनांक : 20.02.2025

पत्रांक 529/न0प0 राम0/2024-25 नामान्तरण - उपविधि/2024-25 के द्वारा नगर पंचायत रामपुर नगर पालिक अधिनियम 1916 की धारा 298 (1) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये पालिका बायलाजो के अन्तर्गत प्रचलित कर निर्धारण सूची को अद्यतन बनाये रखने के उद्देश्य से एवं नामान्तरण शुल्क उद्यगृहित करने की व्यवस्था बनाने के वास्ते निम्नवत् उपविधि का प्रारूप तैयार किया गया है, जो कि नगर पंचायत द्वारा बोर्ड की बैठक सं0- 07 (7) दिनांक 18.11.2024 के द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। नगर पालिका अधिनियम की धारा 301 (1) के प्रावधानों के अनुसार प्रारूप का प्रकाशन समस्त जनता के सूचनार्थ इस उद्देश्य से किया जा रहा है कि ऐसे समस्त व्यक्ति जिन पर संशोधन प्रारूप का प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो, अपनी-अपनी आपत्ति अथवा सुझाव प्रकाशन भी तिथि से 15 दिवस के अन्दर पालिका में प्रस्तुत कर दे, अन्यथा निर्धारित समय उपरान्त नगर पालिका कि अधिनियम धारा 301 (2) के अन्तर्गत शासकीय गजट में अन्तिम प्रकाशन की कार्यवाही कर दी जायेगी।

## नामान्तरण उपविधि का प्रारूप 2024-25

(1) यह उपविधियां भवन नामान्तरण उपविधियां नगर पंचायत रामपुर जौनपुर कहलायेगी।

(2) (क) पालिका का तात्पर्य नगर पंचायत रामपुर से होगा।
(ख) अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत रामपुर जौनपुर के अधिशासी अधिकारी से होगा।
(ग) अध्यक्ष अथवा प्रभारी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत रामपुर जौनपुर के अध्यक्ष अथवा प्रभारी अधिकारी से होगा।
(घ) बोर्ड अथवा अध्यक्ष का तात्पर्य नगर पंचायत रामपुर के बोर्ड अथवा अध्यक्ष से होगा।
(ड) अधिनियम का तात्पर्य उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 से होगा।

( 3 ) नगर पंचायत सीमा अर्न्तगत यदि कोई अचल सम्पत्ति/भमि/भवन/दुकान आदि क्रय/विक्रय करता है तो उसे नगर पालिका में लिखित सूचना देनी होगी, तथा नीचे दी गयी व्यवस्था के अनुसार शुल्क जमा करना होगा।

(4) यदि कोई क्रेता/व्यक्ति दाखिल खारिज, हैसियत, वरासत, वसीयत, उत्तराधिकारी, उपहार, दान हिवैनामा व पंजीकृत बैनामा द्वारा नामान्तरण आदि हेतु आवेदन पत्र करेगा उसे पालिका द्वारा प्रार्थना पत्र पर ही आवेदन स्वीकार किये जायेगे। बैनामे से प्राप्त की गयी भूमि/भवन मे निर्मित कमरो एवं तल को छोड़कर शुल्क देय होगा।

(5) यदि कोई भी व्यक्ति का किसी प्रकार का भूमि/मकान पर कर का बकाया देय है, तो वह समस्त देय क्रेता/विक्रेता का होगा, जो क्रेता/विक्रेता के देय भुगतान के बाद ही उसका नामान्तरण होगा।

(6) नामान्तरण के समय किसी भी मकान की आपत्ति प्राप्त होने पर दोनो पक्षो को नियमानुसार अपने अपने साक्ष्य या अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु समय दिया जायेगा। दोनो पक्ष अपना साक्ष्य स्वयं या किसी अधिवक्ता के माध्यम से कार्यालय को उपलब्ध करा सकते है, दोनो पक्ष द्वारा प्रस्तुत किये गये साक्ष्य का परीक्षण किया जायेगा तदुपरान्त अध्यक्ष द्वारा पत्रावली पर अन्तिम निर्णय लिया जायेगा।

(7) क्रेता का यह दायित्व होगा कि वह अपनी सम्पत्ति विक्रय अचल सम्पत्ति के पंजीकृत बैनामा पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि के साथ बैनामे की तिथि से 03 माह के अन्दर पालिका को लिखित सूचना दें कि अधिनियम कि व्यवस्था के अनुसार उसका नाम पालिक अभिलेख में बतौर भवन स्वामी नाम दर्ज किया जाय।

(8) यदि क्रेता बैनामे कि तिथि से 03 माह के अन्दर सूचना नही देता है अर्थात 03 माह उपरान्त सूचना देता है तो उसे रू0 100 प्रतिमाह की दर से विलम्ब शुल्क देना होगा। यदि विलम्ब अवधि की गणना में समय 10 दिन से अधिक आता है तो एक माह का विलम्ब शुल्क देना होगा।

(9) क्रेता द्वारा सम्पत्ति के नामान्तरण पर उपनिबन्धक द्वारा मूल्य (सरकारी मालियत) का 1% प्रतिशत की दर से नामान्तरण शुल्क देय होगा।

(10) नामान्तरण शुल्क जमा होने के उपरान्त अधिनियम की व्यवस्था के अनुसार नामान्तरण हेतु अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

(11) अधिनियम की व्यवस्थानुसार नामान्तरण हेतु सूचना का सार्वजनिक प्रकाशन कराया जायेगा जिसका व्ययभार क्रेता वहन करेगा।

(12) वसीयत, पैतृक/मौरूसी/वरासत से सम्बन्धित या ऐसी अचल सम्पत्ति जो पंजीकृत अथवा माननीय न्यायालय के आदेश से प्राप्त सम्पत्ति हो पर 1000 रू0 नामान्तरण शुल्क लिया जायेगा।

(13) कोई भी व्यक्ति पालिका सीमा के अर्न्तगत कोई अचल सम्पत्ति भूमि/भवन/दुकान आदि क्रय अथवा विक्रय करता है तो उसे इन उपनियमों का पालन करना होगा।

(14) यदि कोई क्रेता मन्दिर/मस्जिद/गिरजाघर/गुरूद्वारा आदि धार्मिक संस्था हो, चेरेटेबिल ट्रस्ट अथवा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हो तो बिन्दु सं0 8 में वर्णित नामान्तरण शुल्क नहीं लिया जायेगा अर्थात निशुल्क किया जायेगा।

(15) यदि क्रेता विकलांग है तो उसकी विकलांगता प्रतिशत के बराबर नामान्तरण शुल्क की छूट अनुमन्य होगी।

(16) पालिका द्वारा जांच कराये जाने पर बैनामे की छिपायी गयी कमी को पालिका द्वारा जांचोपरान्त सत्य पाये जाने पर सम्पूर्ण अंश पर शुल्क लेकर ही नामान्तरण की कार्यवाही की जायेगी।

## शास्ति (दण्ड)

संयुक्त प्रान्त नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 299 (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके नगर पंचायत रामपुर यह निर्देश देती है कि इस उपविधि के किसी उपबन्धो का भंग की स्थिति में दण्डनीय होगा जो कि अंकेन रू0 1000 तक हो सकता है और निरन्तर भंग की स्थिति में अग्रतर जुर्माने से दण्डनीय होगा जो प्रथम दोष सिद्ध होने के दिनांक से जिसके दौरान अपराधी द्वारा निरन्तर अपराध किया जाना सिद्ध होता है। प्रत्येक दिवस के लिये रू0 25 तक हो सकता है।

**(चंदन सिंह गोंड)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत रामपुर**
**जौनपुर**

**(विनोद कुमार जायसवाल)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत रामपुर**
**जौनपुर**

# 72 वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता 2025 की मेजबानी करेगा तेलंगाना

**हैदराबाद (तेलंगाना)।** विश्व की सबसे प्रतिष्ठित सौन्दर्य प्रतियोगिता मिस वर्ल्ड 2025 के 72 वें संस्करण का आयोजन तेलंगाना में होने जा रहा है। कुल 4 हफ्ते (7 मई से 31 मई) तक चलने वाले इस कार्यक्रम में विश्व भर की सुंदरियाँ अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व करने के लिए भारत आकर इस प्रतियोगिता में भागीदारी करेंगी। प्रतियोगिता का आयोजन तेलंगाना के विभिन्न शहरों में किया जाएगा जिसके माध्यम से विश्व, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सुंदरता का साक्षी बनेगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन और ग्रैंड फिनाले समारोह मोतियों के शहर और आई टी हब हैदराबाद में आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2014 में निर्मित भारत के सबसे युवा राज्य तेलंगाना में मिस वर्ल्ड 2025 के कार्यक्रम को भव्य बनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। मिस वर्ल्ड लिमिटेड की अध्यक्ष और सीईओ जूलिया मॉर्ले सीबीई ने तेलंगाना सरकार की पर्यटन, संस्कृति, विरासत और युवा मामलों के विभाग की सचिव सुश्री स्मिता सभरवाल के साथ मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता 2025 के 72वें संस्करण की आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा ÷हमें बेहद खुशी और प्रसन्नता है कि मिस वर्ल्ड 2025 का आयोजन तेलंगाना जैसे राज्य में हो रहा है जो अपनी पुरातन और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, नवाचार और अपनी मेहमानवाजी के लिए प्रसिद्ध है। तेलंगाना सरकार के साथ हमारी पार्टनरशिप यहाँ की अमूल्य धरोहर और विरासत को पूरे विश्व के सामने प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करेगी। यह पार्टनरशिप केवल मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी करने भर से संबंधित नहीं है अपितु यह महिलाओं और समाज को सशक्त बनाने, विश्व को यहाँ की संस्कृति विविधता में भी एकता का अनुभव कराने और ब्यूटी विद अ परपज (उद्देश्यपूर्ण सौन्दर्य का उत्सव) के ध्येय वाक्य को केंद्र में रखकर हमारी साझी जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के साथ इसका दूरगामी और स्थायी प्रभाव उत्पन्न करना है। सीईओ मॉर्ले के विचारों से अपनी सहमति व्यक्त करते हुए तेलंगाना सरकार की पर्यटन, संस्कृति, विरासत और युवा मामलों के विभाग की सचिव स्मिता सभरवाल ने तेलंगाना में मिस वर्ल्ड संगठन का स्वागत करते हुए कहा ÷हम मिस वर्ल्ड लिमिटेड की अध्यक्ष और सीईओ जूलिया मॉर्ले सीबीई के निर्णय का स्वागत करते है कि प्रतियोगिता कराने के लिए एक ऐसी जगह का चुनाव किया है जहां सौन्दर्य केवल आँखों से देखने का विषय नहीं है बल्कि यहाँ पर आने वाले विश्व भर के प्रतिभागियों और पर्यटकों को यहाँ की मिट्टी, यहाँ की संस्कृति और परंपराओं में सौन्दर्य का अप्रतिम अनुभव होगा।

## आगामी क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए हजरतगंज सोशल प्रदूसरास्टेडियम में तब्दील हो गया है!

**लखनऊ।** क्रिकेट का बुखार पूरे देश में फैल रहा है और हजरतगंज सोशल प्रदूसरास्टेडियम के साथ इस उत्साह को और बढ़ा रहा है, जो प्रशंसकों के लिए लाइव एक्शन देखने का एक बेहतरीन ठिकाना है। 19 फरवरी, 2025 से, देश भर के सोशल आउटलेट्स क्रिकेट के चहल-पहल वाले केंद्रों में तब्दील हो जाएंगे, जिनमें हर मैच को अविस्मरणीय बनाने के लिए बड़ी स्क्रीन और एक रोमांचक माहौल होगा। स्टेडियम जैसे माहौल के साथ, सोशल दोस्तों के लिए एक साथ आने और मेन इन ब्लू के लिए चीयर करने के लिए एकदम सही जगह है। चाहे वह रोमांचक रोमांच हो या हाई-स्कोरिंग चेज़, सोशल में रोमांचक माहौल और बड़ी स्क्रीन सुनिश्चित करती हैं कि आप एक भी पल न चूकें। प्रशंसक सभी आउटलेट पर हर मैच का लाइव अनुभव कर सकते हैं, जो इसे क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बेहतरीन ठिकाना बनाता है। भारत के प्रमुख मैच की तिथियाँ-

गुरुवार, 20 फरवरी भारत बनाम बांग्लादेश

रविवार, 23 फरवरी भारत बनाम पाकिस्तान

रविवार, 2 मार्च भारत बनाम न्यूजीलैंड

अपनी टीम को इकट्ठा करें और हज़रतगंज सोशल, क्रिकेट का प्रदूसरा स्टेडियम में पहले कभी न देखे गए लाइव क्रिकेट का अनुभव करें - क्योंकि जब आप साथी प्रशंसकों और शानदार वाइब्स से घिरे होते हैं तो खेल के रोमांच से बढ़कर कुछ नहीं होता!

# मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन का कार्यकाल मार्च 2027 तक बढ़ा



**नई दिल्ली।** सरकार ने गुरुवार को मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंथा नागेश्वरन का कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ाकर मार्च 2027 तक कर दिया। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अनुबंध के आधार पर नागेश्वरन के कार्यकाल को 31 मार्च 2027 तक के लिए मंजूरी दे दी है।

नागेश्वरन ने 28 जनवरी, 2022 को सरकार द्वारा सीईए का पदभार ग्रहण किया था। सीईए का कार्यालय विभिन्न आर्थिक नीतियों पर सरकार को सलाह देने और केंद्रीय बजट से एक दिन पहले संसद में पेश किए जाने वाले आर्थिक सर्वेक्षण का मसौदा तैयार करता है। क्रेडिट सुइस ग्रुप एजी और जूलियस बेयर ग्रुप के पूर्व कार्यकारी और शिक्षाविद नागेश्वरन ने मुख्य आर्थिक सलाहकार के रूप में केवी सुब्रमण्यन का स्थान लिया था।

नागेश्वरन के कार्यकाल का विस्तार आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के कुछ सप्ताह बाद आया ही है। इस सर्वेक्षण में एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में नरमी के संकेत के बीच अगले वित्त वर्ष के लिए 6.3-6.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। सरकार के अग्रिम अनुमान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

सीईए का पदभार संभालने से पहले नागेश्वरन ने एक लेखक, शिक्षक और सलाहकार के रूप में काम किया है। वह 2019 से 2021 तक प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अंशकालिक सदस्य भी रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने भारत और सिंगापुर में कई बिजनेस स्कूलों और प्रबंधन संस्थानों में पढ़ाया है और व्यापक रूप से लेख प्रकाशित किए हैं।

# शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी, सेंसेक्स 203 अंक टूटा, निफ्टी भी कमजोर




**नई दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ के खतरों, कमजोर एशियाई बाजारों और विदेशी फंडों के निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित होने के कारण बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गुरुवार को तीसरे दिन भी के साथ बंद हुए। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 203.22 अंक या 0.27 प्रतिशत गिरकर 75,735.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 476.17 अंक या 0.62 प्रतिशत गिरकर 75,463.01 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 19.75 अंक या 0.09 प्रतिशत गिरकर 22,913.15 पर आ गया। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में बिकवाली से भी प्रमुख सूचकांक नीचे आए।

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एचडीएफसी बैंक, मारुति, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस सबसे ज्यादा गिरावट में रहे। एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील और इंडसइंड बैंक लाभ में रहे। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने एक दिन की राहत के बाद बुधवार को 1,881.30 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, भारतीय वस्तुओं पर संभावित अमेरिकी टैरिफ को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण घरेलू इक्विटी सूचकांकों में मामूली गिरावट देखी गई। इसके अतिरिक्त अमेरिका की प्रस्तावित व्यापार नीति से मुद्रास्फीति संबंधी दबाव बढ़ने की उम्मीद है। फेड के नवीनतम मिनटों से संकेत मिलता है कि ब्याज दरों में कटौती में देरी हो सकती है।

एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग नकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोपीय बाजार अधिकतर तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक दायरे में बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.08 प्रतिशत बढ़कर 76.10 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बुधवार को सेंसेक्स 28.21 अंक या 0.04 प्रतिशत गिरकर 75,939.18 पर बंद हुआ। निफ्टी 12.40 अंक या 0.05 प्रतिशत गिरकर 22,932.90 पर बंद हुआ।

दूसरी ओर, विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा के कमजोर होने से गुरुवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 33 पैसे मजबूत होकर 86.65 (अनंतिम) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में नरम रुख के बीच डॉलर/रुपये की विनिमय दर में नकारात्मक रुझान है तथा विदेशी पूंजी का निरंतर बहिर्गमन निवेशकों की भावनाओं पर असर डाल रहा है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.88 पर खुला और इंट्राडे के दौरान डॉलर के मुकाबले 86.58 के उच्चतम स्तर और 86.88 के न्यूनतम स्तर को छुआ। सत्र के अंत में यह डॉलर के मुकाबले 86.65 (अनंतिम) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद से 33 पैसे की बढ़त दर्शाता है।

# क्योर.एआई का एआई सक्षम चेस्ट एक्स-रे विश्लेषण समाधान क्यूएक्सआर अब महाकुंभ में उपलब्ध



**लखनऊ।** क्योर.एआई का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-सक्षम चेस्ट एक्स-रे विश्लेषण समाधान क्यूएक्सआर अब महाकुंभ मेला 2025 में उपलब्ध है। इसे सेक्टर 2 के सेंट्रल हॉस्पिटल में तैनात किया गया है, जो तीर्थयात्रियों की त्वरित चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्थापित सबसे बड़ा चिकित्सा केंद्र है। क्यूएक्सआर सॉफ्टवेयर का उपयोग तेज़ प्राथमिक जांच और टीबी निगरानी के लिए किया जा रहा है। आकस्मिक जांच के माध्यम से, यह एआई समाधान किसी भी कारण से चेस्ट एक्स-रे कराने वाले व्यक्तियों में संभावित टीबी मामलों की स्वचालित पहचान कर सकता है।

प्रशांत वारियर, क्योर.एआई के सीईओ और सह-संस्थापक ने कहा महाकुंभ जैसे विशाल जनसमूह न केवल एक अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य हस्तक्षेपों की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी लाते हैं। जिस तरह भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के लिए निगरानी कैमरों का उपयोग किया जा रहा है, वैसे ही क्यूएक्सआर जैसी एआई-चालित समाधान यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि स्वास्थ्य सेवाएँ इस आयोजन के पैमाने और जटिलता के अनुरूप बनी रहें। महाकुंभ में क्यूएक्सआर की तैनाती केवल एक तकनीकी प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह बड़े पैमाने पर टीबी निगरानी के लिए एक व्यावहारिक मॉडल है। यह राज्य सरकारों को अपने सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत करने के लिए एक मार्गदर्शिका प्रदान करता है, जिससे वे एआई का उपयोग करके वास्तविक समय में सामुदायिक स्तर पर टीबी की स्क्रीनिंग कर सकें, विशेष रूप से उच्च जोखिम और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में।

इस पहल पर टिप्पणी करते हुए प्रयागराज के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. अरुण कुमार तिवारी ने कहा एआई प्रणाली ने हमारे टीबी जांच प्रयासों में समय पर और विश्वसनीय सहयोग प्रदान किया है। कुंभ में बड़ी संख्या में मरीजों की उपस्थिति को देखते हुए, इस तकनीक ने हमें उन व्यक्तियों को प्राथमिकता देने में महत्वपूर्ण रूप से सहायता की है, जिन्हें आगे की जांच और उपचार की आवश्यकता है। यह पहली बार है कि टीबी निगरानी के लिए इतनी बड़ी जनसभा में आकस्मिक जांच मॉडल के तहत एआई का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कुंभ जैसे विशाल आयोजन में, एआई यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक छाती एक्स-रे की जांच टीबी के लिए की जाए, जिससे समय पर हस्तक्षेप किया जा सके और संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ा जा सके।

# सोना 89450 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंचा, चांदी 700 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोने का भाव 50 रुपये की तेजी के साथ 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के नये उच्च स्तर पर पहुंच गया। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 50 रुपए बढ़कर 89,050 रुपए प्रति 10 ग्राम का रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, ÷गुरुवार को सोना नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, क्योंकि ट्रंप की टैरिफ नीति के बारे में समाचारों के प्रवाह ने सोने की ओर सुरक्षित निवेश आकर्षित करना जारी रखा है और निवेशकों को सोने में मुनाफाखोरी से भी रोका है।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि वह अगले महीने या उससे पहले लकड़ी, वाहनों, अर्धचालकों और फार्मास्यूटिकल्स पर टैरिफ लगाएंगे। गांधी ने कहा, ÷इस खबर से बाजार में यह आशंका बढ़ गई है कि ट्रंप की व्यापार शुल्क नीति से वैश्विक व्यापार युद्ध छिड़ सकता है, जिससे सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की कीमतों में तेजी आएगी।÷

चांदी की कीमत भी 700 रुपए बढ़कर 1,00,300 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई, जो पिछले बंद भाव 99,600 रुपए प्रति किलोग्राम थी। इस बीच, एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में अप्रैल डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध का भाव 500 रुपए बढ़कर 86,410 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया।

एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, एमसीएक्स में बढ़त के साथ सोने का कारोबार सकारात्मक रहा।

# एमजी मोटर ने एमजी विंडसर के 15,000वें वाहन के उत्पादन की महत्वपूर्ण उपलब्धि का मनाया जश्न

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज घोषणा की कि एमजी विंडसर, भारत की पहली इंटेलिजेंट सीयूवी, ने 15,000 यूनिट्स के उत्पादन का महत्वपूर्ण मुकाम हासिल कर लिया है। सीयूवी लॉन्च के बाद लगातार चार महीने तक सबसे अधिक बिकने वाला इलेक्ट्रिक वाहन रहा और इसने भारत में ईवी सेगमेंट की समग्र वृद्धि में योगदान दिया है। इस अवसर पर बीजू बालेंद्रन, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कहा एमजी विंडसर को मिल रही जबरदस्त प्रतिक्रिया से हम बेहद उत्साहित हैं और अपने ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जिनकी बदौलत हम 15,000 यूनिट के उत्पादन का महत्वपूर्ण मुकाम हासिल कर सके।



सीयूवी को इसकी किफायती कीमत, बेहतरीन पैकेजिंग और ग्राहकों को लग्जरी बिजनेस-क्लास अनुभव प्रदान करने के लिए व्यापक रूप से सराहा गया है। बीएएएस, बायबैक प्रोग्राम और लाइफटाइम वारंटी जैसी स्मार्ट योजनाओं ने इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति उपभोक्ताओं के विश्वास को और मजबूत किया है। हम अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद तेजी से उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे कहा, इसलिए, हम हलोल में अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ा रहे हैं ताकि विंडसर की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। साथ ही, हम कुछ सुविधाओं में आवश्यक बदलाव कर रहे हैं ताकि एमजी सलेक्ट के तहत नए उत्पादों की तैयारी सुनिश्चित की जा सके, जिनका लॉन्च इस वर्ष की पहली छमाही में होने वाला है। इसी कारण, हमें फरवरी महीने में उत्पादन में अस्थायी गिरावट की उम्मीद है, जिससे इस अवधि के दौरान हमारी थोक बिक्री प्रभावित हो सकती है।

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए भारतीय बाजार में दो नए प्रॉडक्ट लॉन्च करने की तैयारी में है। इनमें एमजी साइबरस्टर और एमजी एम 9 शामिल हैं, जिन्हें कंपनी के नए अक्सेसेबल लग्जरी ब्रांड चैनल एमजी सिलेक्ट के तहत पेश किया जाएगा।

# उत्तर भारत में विकास के मुख्य इंजन के तौर पर राज्य की स्थिति मजबूत होगी



**लखनऊ।** अंशुमान मैगजीन, चेयरमैन और सीईओ भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य पूर्व और अफ्रीका, सीबीआरई ने कह ''उत्तर प्रदेश के राज्य बजट की सबसे बड़ी बात बुनियादी ढांचे के विस्तार, तकनीकी क्षेत्र में प्रगति और बड़े आर्थिक बदलाव की दिशा में ठोस कदम लेना है। इससे उत्तर भारत में विकास के मुख्य इंजन के तौर पर राज्य की स्थिति मजबूत होगी। आगरा-लखनऊ से गंगा एक्सप्रेसवे के लिए 900 करोड़ रु. के आवंटन और विंध्य एक्सप्रेसवे (50 करोड़ रु.), गंगा एक्सप्रेसवे एक्सटेंशन (50 करोड़ रु.) और बुंदेलखंड रीवा एक्सप्रेसवे (50 करोड़ रु.) के लिए शुरुआती प्रावधान किए जाने से इस क्षेत्र में संपर्क सुविधा बहुत बढ़ेगी जिससे नए निवेश गलियारे बनेंगे। इसके अलावा रक्षा औद्योगिक गलियारे के लिए 461 करोड़ रु.के आवंटन से उत्तर प्रदेश मजबूती के साथ औद्योगिक और रक्षा विनिर्माण का बड़ा केंद्र बन कर उभरेगा।

इस बजट में तकनीकी पर पूरा ध्यान दिया गया है जिसका प्रमाण लखनऊ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी के लिए 5 करोड़ का और साइबर सुरक्षा प्रयासों के तहत एक टेक्निकल ट्रांसलेशनल रिसर्च पार्क के लिए 3 करोड़ रु. का प्रावधान किया जाना है। इसमें एक दूरदर्शी दृष्टिकोण दिखता है जो इनोवेशन और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को बढ़ावा देगा। एक मजबूत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर की बढ़ती मांग के मद्देनजर आठ डेटा सेंटर पार्क बनाने की योजना है, जिसके परिणामस्वरूप यह राज्य तकनीक प्रधान निवेशों के लिए और आकर्षक हो जाएगा। इससे दुनिया के डेटा सेंटर हब के रूप में भारत की स्थिति भी मजबूत होगी।

# सेंचुरी मैट्रेस ने वाराणसी में अपना पहला फ्लैगशिप स्टोर लॉन्च किया




**लखनऊ।** भारत के अग्रणी स्लीप सॉल्यूशंस ब्रांड सेंचुरी मैट्रेस ने उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति को और मजबूती देते हुए वाराणसी के पहाड़िया में अपना पहला फ्लैगशिप स्लीप स्पेशलिस्ट स्टोर लॉन्च किया है। यह नया स्टोर कंपनी की विस्तार रणनीति में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और क्षेत्र में ग्राहकों को प्रीमियम स्लीप सॉल्युशंस उपलब्ध कराने की इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस लॉन्च के साथ सेंचुरी मैट्रेस ने उत्तर प्रदेश में अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। राज्य में तेजी से हो रहे शहरीकरण, बढ़ती क्रय शक्ति और नींद के प्रति जागरूकता को देखते हुए कंपनी ने इस विस्तार को अंजाम दिया है। ब्रांड खासतौर पर मध्य और उच्च वर्ग के ग्राहकों को टारगेट कर रहा है, जिन्हें एडवांस स्लीप टेक्नोलॉजी से लैस उच्च-गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान किए जा रहे हैं। साथ ही उपभोक्ताओं को बेहतर नींद के महत्व के बारे में शिक्षित किया जा रहा है। पुरुषोत्तम मालानी, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री मालानी ग्रुप, ने व्यक्तिगत रूप से स्टोर का उद्घाटन किया और कहा, वाराणसी में हमारे फ्लैगशिप स्टोर का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के ब्रांडेड मैट्रेस सेगमेंट को नए सिरे से परिभाषित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं और प्रीमियम होम एसेंशियल्स की मजबूत मांग को देखते हुए हमें इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं दिखाई दे रही हैं। अगले तीन वर्षों में हमने ब्रांडेड मैट्रेस सेगमेंट में 20त्र बाजार हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य रखा है, ताकि हमारे आधुनिक स्लीप सॉल्युशंस अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंच सकें। हमारा उद्देश्य केवल वाराणसी में उपस्थिति दर्ज करना नहीं, बल्कि पूरे राज्य में रणनीतिक तौर पर विस्तार करना है। इससे उच्च-गुणवत्ता वाले स्लीप सॉल्युशंस को लक्जरी के बजाय एक सामान्य जरूरत बनाया जा सके। वाराणसी की आध्यात्मिक महत्ता के साथ ही इसका तेजी से बढ़ता रियल एस्टेट सेक्टर और फलता-फूलता हॉस्पिटैलिटी उद्योग प्रीमियम मैट्रेस की बढ़ती मांग में सहायक हैं। हर साल लाखों श्रद्धालुओं के आने के कारण यह शहर न केवल आवासीय उपभोक्ताओं बल्कि होटल एवं हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के लिए भी एक आकर्षक बाजार है।

इस फ्लैगशिप स्टोर में सेंचुरी मैट्रेस के संपूर्ण स्लीप सॉल्युशंस उपलब्ध होंगे, जिसमें पीयू रेस्ट शामिल है जो भारत का पहला 25 वर्ष की गारंटी वाला मैट्रेस है।

# वेस्टीजकेमिस्ट्राल ऑफ मिलान ने पेश किया लिप लेयर्स 4 इन 1 लिक्विड लिप स्टैक 'शेड्स ऑफ लव'




**नई दिल्ली।** अग्रणी घरेलू डायरेक्ट सेलिंग कंपनी वेस्टीज मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड ने अपने प्रीमियम कॉस्मेटिक ब्रांड मिस्ट्राल ऑफ मिलान (मॉम) के तहत लिप लेयर्स 4 इन 1 लिक्विड लिप स्टैक को लॉन्च करने की घोषणा की, जो 'द शेड्स ऑफ लव' को व्यक्त करता है।

वर्सटैलिटी एवं कन्वीनियंस के लिए डिजाइन किया गया एमओएम लिप लेयर्स 4 इन 1 लिक्विड लिप स्टैक एक ट्रैवल फ्रेंडली फॉर्मेट में चार रंग प्रदान करता है। प्यार के विभिन्न चरणों (स्टेजऑफलव) से प्रेरित लिप स्टैकविशेषरूपसेडिजाइनकिए गए रंगों को एक साथ लाता है, जो हर रिश्ते केसफर का प्रतीक है। पहली ही नजर में आकर्षक छाप छोड़ने वाले बोल्ड एवं वाइब्रेंट रंग एक जुड़ाव का अनुभव कराते हैं, जहां प्रत्येक रंग एक भावना को दर्शाता है। फेड-प्रूफ, ट्रांसफर-रेजिस्टेंट ट्रस्ट पूरे दिन आत्मविश्वास से भरा अनुभव कराता है। साथ ही रेस्पेक्ट कानरिशिंग फॉर्मूला आपके होंठों की देखभाल करता है। वर्सटैलिटी एवं कन्वीनियंस के लिए डिजाइन किया गया यह ऑल-इन-वन लिप स्टैक मैट और ग्लॉसी फिनिश के बीच सीमलेस ट्रांजिशन का मौका प्रदान करता है।

लंबे समय तक चलने वाले, स्मज-प्रूफफॉर्मूला और वन-स्वाइप इंटेन्सकलर पेऑफ के साथ, एमओएम 4 इन 1 लिप स्टैक से एक बेहतरीन फिनिश मिलता है।

# गलतफहमी - इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की नादानियाँ का रिलीज़ हुआ दर्द के एहसासों भरा एक गाना




**नई दिल्ली।** इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की नादानियाँ के पहले रोमांटिक गाने इश्क में की अपार सफलता के बाद मेकर्स ने दूसरा गाना गलतफहमी को रिलीज़ किया, जो प्यार की उलझनों को गहराई से दिखाता है। इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर पर फिल्माया गया यह गाना सीधे दिल से जुड़ता है। साथ ही यह सुकून देकर गलतफहमियों में खोए प्यार के लम्हों को फिर से जीने का मौका देता है।

नादानियाँ, जो पहली बार निर्देशिका बनीं शौना गौतम द्वारा निर्देशित और करण जौहर, अपूर्व मेहता व सोमेन मिश्रा द्वारा धर्मैटिक एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित है, इसने पहले ही इंटरनेट पर लोगों में उत्सुकता बढ़ा कर सुर्खियां बटोर ली हैं। संगीत जगत के माहिर सचिन-जिगर द्वारा कंपोज़ किया गया, शब्दों के जादूगर अमिताभ भट्टाचार्य द्वारा लिखा गया और तुषार जोशी व मधुबंती बागची की भावनाओं से भरी आवाज़ से सजा यह गाना हर किसी के दिल से जुड़ी गहरी भावनाओं को छूता है। गलतफहमी उन अनकहे शब्दों और अधूरे एहसासों को दिखाता है जो दिलों में कहीं दब जाती हैं। बॉलीवुड की नई सुपरहिट ऑन-स्क्रीन जोड़ी इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर ने इस गाने में अपनी बेहतरीन अदायगी से हर एक धड़कन, हर एहसास और हर अनकही बात को महसूस कराया हैं। नादानियाँ में उनकी केमिस्ट्री पहले ही लोगों में दिलचस्पी जगा चुकी है, और गलतफहमी से लोगों की उत्सुकता और बढ़ गई है।

इब्राहिम अली खान ने इस गाने के बारे में बताते हुए कहा कि, गलतफहमी में कुछ ऐसा है जो आपके दिलों दिमाग में बस जाएगा। यह एक सच्चे, गहरे और उस दिल टूटने के एहसास को दिखाता है जो हम सभी ने कभी न कभी महसूस किया होगा। मैं बहुत बेकरार हूं देखने के लिए कि दर्शक इससे कैसे जुड़ते हैं। यह प्यार और बिछड़ने का ऐसा पहलू है जो हमेशा दिल के करीब रहता है और हर किसी को अपना सा लगता है। खूबसूरत खुशी कपूर ने बताया कि, गलतफहमी ने मुझे व्यक्तिगत रूप से छू लिया और यह नादानियाँ एल्बम के मेरे पसंदीदा गानों में से एक है। मुझे लगता है कि दर्शकों को इस गाने में खुद की कहानी का एक हिस्सा जरूर मिलेगा और मैं उत्साहित हूं कि लोग इसे महसूस करें। मशहूर संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर ने कहा कि, हम इश्क में को मिले प्यार के लिए सभी का दिल से शुक्रिया अदा करते हैं, उस रोमांटिक गाने के बाद, गलतफहमी ऐसा गाना है जिसे अंतर आत्मा से महसूस किया जाए, इसके हर सुर में गहरे एहसास झलकते हैं। हम ऐसा ट्रैक बनाना चाहते थे जो आपको अपनी अनकहीं भावनाओं में गोते लगाने के लिए मजबूर कर दे। उम्मीद है कि लोग इससे उतना ही जुड़ेंगे, जितना हम इसे बनाते समय जुड़े थे। गायक तुषार जोशी ने कहा कि, इस गाने को रिकॉर्ड करना मेरे लिए अपने आप में एक सुनहरा सफर था। गलतफहमी ऐसा गाना है जो धीरे-धीरे दिल में उतरता है और जिंदगी के क्या होता अगर... वाले पलों के बारे में सोचने पर मजबूर कर देता है। अमिताभ भट्टाचार्य के खूबसूरत बोल, सचिन-जिगर की शानदार धुन और प्रतिभाशाली मधुबंती के साथ गाना मेरे लिए कभी न भुलाने वाला अनुभव था।

# नेस्ले इंडिया अनूठे अनुभवों के माध्यम से महाकुंभ 2025 में लेकर आया है गर्मजोशी और एकजुटता



*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** नेस्ले इंडिया आकर्षक ऑन-ग्राउंड गतिविधियों के माध्यम से महाकुंभ 2025 में गर्मजोशी, आराम और समुदाय की भावना को जोड़ रहा है। मैगी और किटकैट जैसे प्रतिष्ठित ब्रांडों के साथ, कंपनी का लक्ष्य दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम के बीच एकजुटता, आराम और आनंद के क्षण प्रदान करते हुए आगंतुकों के अनुभव को और अधिक खास बनाना है।

इन गतिविधियों के केंद्र में है मैगी का 2 मिनट अपनों के लिए अभियान, जो लोगों को एक साथ लाने में मैगी की भूमिका को उजागर कर रहा है। मैगी ने स्पेशल जोन बनाए हैं जहाँ आगंतुक गरमागरम मैगी का आनंद उठा सकते हैं और अपने मैगी पलों को कैद कर सकते हैं। इन जोन में अलाव के लिए निर्धारित जगह होंगे, ताकि ठंडी सुबह और शाम के दौरान आगंतुकों को आराम मिल सके। इस पहल के हिस्से के रूप में, नेस्ले इंडिया इस आयोजन को संभव बनाने में योगदान देने वालों का सम्मानित करने के लिए सफाई कर्मचारियों को 12,000 कंबल भी बांटेगा और 2 मिनट मैगी मिल परोसेगा मेले में लंबे और थकाऊ दिनों के बाद आराम की तलाश करने वालों के लिए, किटकैट ब्रेक ज़ोन एक्टिवेशन टेक अ ब्रेक लेकर आया है।

# कुशीनगर में डीजे पर डांस को लेकर विवाद, दुल्हन के भाई की हत्या

अवधनामा ब्यूरो


मृतक अजय की फाइल फोटो


घटना स्थल का जायजा लेते सीओ व कोतवाल हाटा

**कुशीनगर।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के पैकौली लाला में बुधवार की देर रात शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गई, जब डीजे पर डांस को लेकर हुए विवाद में चाकूबाजी के दौरान दुल्हन के भाई की हत्या कर दी गई। जबकि मौसी के लड़के समेत चार लोग घायल हो गए। इसमें दो बराती भी शामिल हैं। रात में ही मौके पर पहुंचे सीओ कसया कुंदन सिंह व कोतवाली प्रभारी सुशील शुक्ला ने स्थिति को नियंत्रित किया।

लाल मोहन पासवान की बेटी संजना की शादी देवरिया के रूद्रपुर के जोगिया के रामकरण के लड़के राहुल के साथ एक वर्ष पूर्व होनी थी, लेकिन लड़के के पिता के निधन होने के बाद तिथि टाल कर 19 फरवरी 2025 तय की गई थी। ग्रामीणों के अनुसार गाजे-बाजे के साथ बरात पहुंची तो द्वार पूजा व जयमाल की रस्म पूरी हो गई। इस दौरान बराती व घराती पक्ष के अधिकतर लोगों ने भोजन कर लिया तो आधे से अधिक बराती वापस भी जा चुके थे। दरवाजे पर डीजे पर घराती व बराती पक्ष के लोग डांस कर रहे थे। इसी बीच दोनों पक्षों में विवाद हो गया। इसी समय कन्या निरीक्षण की रस्म निभाई जा रही थी कि शोर सुन कर सभी लोग मौके पर पहुंचे, जहां लड़की का भाई अजय चाकू से हुए हमले में लहूलुहान पड़ा मिला तो बीच बचाव करने गए छोटा भाई सत्यम व उसके मौसी का लड़का देवरिया के रूद्रपुर कुरैती रामा पासवान, बराती अभिषेक व पिंटू भी घायल पड़े रहे। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी सुकरौली ले जाया गया, जहां लड़की के भाई की चिकित्सकों ने गोरखपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया, जिसकी रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। लड़की के भाई के घायल होने की सूचना मिलते ही अधिकतर बराती रात में ही चले गए। लड़की के साथ स्वजन का रो-रो कर बुरा हाल है। मौके पर फोरेंसिक टीम मौजूद है। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद बराती अभिषेक व अनिकेत समेत कुछ लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में आठ लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

**चार घायल, मौके पर पहुंची पुलिस, हिरासत में लिए गए आठ लोग**

## तीसरे दिन हुए फुटबॉल के पांच मैच



**अमेठी/मुंशीगंज अवधनामा संवाददाता।** डा भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में चल रही ओपेन स्टेट आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन पांच मैच हुए। मऊ और वाराणसी के बीच मैच बराबर रहा। प्रतियोगिता का फाइनल 22 फरवरी को होगा। तीसरे दिन अयोध्या ने मिर्जापुर को 3-0, उन्नाव ने अमेठी को 1-0, कानपुर ने गाजीपुर को 6-0 और लखनऊ ने अयोध्या को 2-0 के अंतर से हराया। उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के पर्यवेक्षक एम एस वेग की निगरानी में सभी लीग मैच हुए। उप क्रीड़ा अधिकारी शमीम अहमद,मो मुशर्रफ के साथ स्टेडियम के सभी कार्मिक मौजूद रहे।

## डीएम, एसपी ने की पीस कमेटी की बैठक



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डी एम निशा अनंत और पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक ने पीस कमेटी, कानून व्यवस्था और अभियोजन कार्यों की समीक्षा को लेकर दो अलग-अलग बैठकें की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को महाशिवरात्रि , रमजान और होली के त्योहार पर शांतिपूर्ण वातावरण कायम रखने के निर्देश दिए। डी एम ने कहा कि त्योहारों के अवसर पर सभी लोग गंगा जमुनी तहजीब कायम रखते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखें और सोशल मीडिया पर अफवाहों को फैलने और फैलाने को रोके। मिलजुल कर हंसी खुशी से सभी त्योहार मनाएं। पीस कमेटी की बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ एस डी एम,सी ओ, थानाध्यक्ष, धर्मगुरु, व्यापार मंडल के पदाधिकारी और संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे। कानून व्यवस्था और अभियोजन कार्यों की बैठक में स्पीडी ट्रायल सम्बंधित मामलों, सामान्य वाद तथा राजस्व से सम्बन्धित वादों की समीक्षा की और सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

## छावनी बना खरगपुर गांव 24 घंटे बीता नहीं हुआ मृतक युवक का अंतिम संस्कार

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** पीपरपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मल्लेपुर गांव के पास



बुधवार को बाग में मिली दलित युवक की लाश का पोस्टमार्टम होने के बाद परिवार और गांव के लोग तहरीर के अनुसार नामजद लोगों की गिरफ्तारी न होने के तक अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया है। परिवार और गांव के लोग मृतक के घर खरगपुर में लाश घर के सामने रखकर पिछले चौबीस घंटे से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। गांव में भारी मात्रा में फोर्स तैनात की गई है। पुलिस अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। शिवप्रकाश कोरी की लाश बुधवार को मल्लेपुर गांव में सड़क के किनारे एक बाग में पेड़ से लटकी मिली थी। परिजनों का आरोप है कि शिवप्रकाश की हत्या करके उसे आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पेड़ में टांगा गया था। मृतक की पत्नी संगीता की तहरीर पर पुलिस ने भेंवई और मिश्रौली गांव के संजय यादव, नन्हे यादव, रिंकू तिवारी भट्ठा मालिक, कल्लू सिंह, आदर्श तिवारी और आनंद तिवारी के विरुद्ध बी एन एस और एस सी/एस टी एक्ट की आधा दर्जन गंभीर धाराओं के अन्तर्गत रिपोर्ट दर्ज की है। गांव में विरोध प्रदर्शन जारी है। राष्ट्रीय अम्बेडकर सेना और बहुजन समाज पार्टी के नेता भी पीड़ित परिवार से मिलने खरगपुर पहुंच चुके हैं। गुरुवार की शाम चार बजे तक पीपरपुर पुलिस किसी भी हत्यारोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। सीओ मनोज मिश्र के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस गहनता से छानबीन कर रही है। साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## त्रिवेणी चीनी मिल ने 5 से 11 फरवरी तक गन्ना मूल्य भुगतान किया

**रामकोला, कुशीनगर।** त्रिवेणी चीनी मिल, रामकोला ने जनपद में गन्ना मूल्य भुगतान में अपनी प्रतिबद्धता को बरकरार रखा है। मिल ने वर्तमान पेराई सत्र के दौरान 05 फरवरी से 11 फरवरी तक खरीदे गए गन्ने का 13 करोड़ 29 लाख रुपए का भुगतान किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित कर दिया है। इस संबंध में प्रधान प्रबंधक यशराज सिंह ने जानकारी दी। प्रधान प्रबंधक ने कहा कि किसानों का हित मिल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे ताजा, साफ-सुथरा गन्ना ही मिल को आपूर्ति करें, जिससे उनकी गन्ना आपूर्ति की गुणवत्ता बनी रहे और भविष्य में बेसिक कोटा बढ़ने का लाभ मिल सके। वसंत कालीन गन्ने की बुआई पर विशेष जोर देते हुए मिल प्रबंधन ने आगामी वसंत कालीन गन्ना बुआई को ध्यान में रखते हुए किसानों से गन्ने की उच्च गुणवत्ता वाली किस्मों CO-118, CO 15023, COLK 14201, COLK 94184 प्रजातियों की बुआई की अपील की। इसके अतिरिक्त, गन्ने की फसल को रोगों से बचाने और उत्पादन बढ़ाने के लिए अनुदान पर उपलब्ध ट्राइकोडर्मा का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की सलाह दी गई।

## विदाई समारोह में भाव विभोर हुए छात्र-छात्राएं



**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** बुधवार को बनकटा ब्लॉक के पिपरा बघेल दक्षिण पट्टी ग्राम पंचायत अंतर्गत कोढ़वलिया गांव स्थित डी0 के0 पब्लिक स्कूल के नौवीं कक्षा के छात्रों द्वारा दसवीं के छात्रों को विदाई दी गई।इस दौरान एक दूसरे से विदा होते समय छात्र-छात्राएं व शिक्षक-शिक्षिकाएं भाव विभोर हो उठे।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कवि,शायर,पत्रकार व समाजिक चिन्तक मक़सूद अहमद भोपतपुरी ने शिक्षा की महत्ता पर व्यापक प्रकाश डालते हुए कहा कि जो व्यक्ति के अंदर मानवता का भाव पैदा करे,वही असली शिक्षा है।उन्होंने कहा कि शिक्षा अंधों के लिए आंख,गूंगों के लिए जुबान,लंगड़ों के लिए हाथ-पैर,कमजोरों के लिए लाठी, बेसहारों के लिए सहारा व गरीबों के लिए वास्तविक धन है।शिक्षा छात्र-छात्राओं के अंदर नैतिकता, दया, करुणा, कर्तव्यपरायणता, विनम्रता,प्रेम, सहनशीलता,भाईचारा, राष्ट्रीयता,देशभक्ति व समाजिक सेवा की प्रबल भावना पैदा करती है।अतः एक शिक्षित व्यक्ति ही समाज व राष्ट्र के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन कर सकता है।यही कारण है कि शिक्षा बेहद जरूरी है।विद्यालय के प्रबन्धक प्रतिनिधि डॉ0 अरविंद कुमार कुशवाहा ने कहा कि छात्र-छात्राओं को अपने उत्तम कर्मो द्वारा अपने विद्यालय, गुरुजनों व माता-पिता का नाम रौशन करना चाहिए।उन्होंने कहा कि यह विद्यालय बेहतर व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का काम कर रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा।

## छः वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छह वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हैवानियत का मामला प्रकाश में आया है। दरवाजे पर खेल रही बच्ची को आरोपी युवक ने खेलने के लिए चिड़िया देने के बहाने घर में ले जाकर दुष्कर्म किया। परिजनों की सूचना पर पुलिस आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छह वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने मामला प्रकाश में आया है। परिजनों के अनुसार आरोपी दरवाजे पर खेल रही बच्ची को खेलने के लिए चिड़िया देने के बहाने घर में ले गया। दुष्कर्म के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। बच्ची रोती हुई घर गई आपबीती परिजनों को बताने लगाई। परिजन के तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी को धड़ पकड़ में जुट गई। गुरुवार को पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में सीओ तमकुहीराज अमित सक्सेना ने बताया कि छः साल के बच्ची के साथ दुष्कर्म की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर जाकर जांच पड़ताल किया तो मामला सत्य निकला। आरोपी युवक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## पल भर में मातम में बदल गई खुशियां, बिना शादी के लौटी बरात

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो) शकील अहमद।** होनी को कौन टाल सकता है, जिस समय जो लिखा रहेगा वह हो के ही रहेगा। हाटा के पैकौली लाला में जो घटना घटी है इससे हर कोई स्तब्ध है। सबकी जुंबा से यही निकल रहा है कि उस लड़के का क्या कसूर था, आखिर झगड़ा ही तो छुड़ाने गया था। युवक के मौत से पल भर में खुशियां मातम में बदल गई। हाटा कोतवाली क्षेत्र के पैकौली लाला में उस समय खुशियां मातम में बदल गई जब शादी समारोह में डीजे पर डांस को लेकर घराती व बराती आपस में भिंड गए। जिसमें चाकू लगने से दुल्हन के भाई अजय की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। मातम के बीच बिना शादी के बारात वापस लौट गई। लाल मोहन पासवान की बेटी संजना की शादी देवरिया के रूद्रपुर के जोगिया के रामकरण के लड़के राहुल के साथ एक वर्ष पूर्व होनी थी, लेकिन लड़के के पिता के निधन होने के बाद तिथि टाल कर 19 फरवरी 2025 तय की गई थी। ग्रामीणों के अनुसार गाजे-बाजे के साथ बरात पहुंची तो द्वार पूजा व जयमाल की रस्म पूरी हो गई थी। डीजे पर डांस चल रहा था, उधर महिलाएं भी शादी की खुशियां में व्यस्त थी। अचानक डीजे पर डांस कर रहे लोगों ने विवाद कर लिए। इसी बीच दुल्हन का भाई झगड़ा छुड़ाने गया जहां चाकूबाजी में घायल हो गया। घर के सभी लोग घटना स्थल की तरफ भागे, जहां दुल्हन का भाई दम तोड़ दिया था। पल भर में खुशियां मातम में बदल गई। परिजन सबकुछ छोड़ बेटे के वियोग में दहाड़े मारकर रोने लगे। युवक के मौत पर गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। लोग नियति को कोसते नजर आ रहे थे।

## महाशिवरात्रि के दिन उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

पुनीत कुमार पांडेय



**भाटपार रानी, देवरिया।** स्थानीय थानाक्षेत्र के यूपी-बिहार की सीमा पर स्थित सोहगरा धाम में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इस दौरान लाखों की संख्या में आए श्रद्धालु बाबा हंसनाथ का दर्शन और पूजन करते हैं। हालांकि,मंदिर समिति ने पहले से ही अपनी तैयारियों का रूप देना शुरू कर दिया है। महाशिवरात्रि के दिन सुबह 3. 45 बजे से ही बाबा हंसनाथ का धार्मिक अनुष्ठान के बाद पूजा-अर्चना शुरू हो जाएगा।

इस दौरान स्थानीय प्रशासन और मंदिर समिति ने श्रद्धालुओ के लिए ड्रॉप गेट का निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था, मंदिर में पर्याप्त रौशनी, गर्भ गृह में हवादार व्यवस्था, मजिस्ट्रेट की तैनाती, भिड़ को नियंत्रित करने, सीसीटीवी कैमरा, चेन स्नेचर के लिए रणनीति पर नजर बनाए रखने पर समन्वय स्थापित करने में जुटे हुए हैं।

सोहगरा में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा हंसनाथ धाम में श्रद्धालुओ की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति द्वारा पूर्व से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिनमे मंदिर के मुख्य रास्ते, मुख्य दरवाजे, उत्तर दिशा में ड्रॉप गेट, मंदिर के सटे ड्रॉप गेट बनाया जाएगा। वही पूरे रास्ते को बैरिकेटिंग भी किया जाएगा। जहां खुद थानाध्यक्ष गुठनी विकास कुमार सिंह,बीडीओ डॉ0 संजय कुमार, सीओ विकास कुमार, सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने, पुलिस बल तैनात करने के साथ आलाधिकारियों की दिशा-निर्देश देने और स्थिति पर नजर रखने के लिए जांच करते दिखाई दिए।

**सोहगरा में चार ड्रॉप गेट पर तैनात किए जाएंगे मजिस्ट्रेट**

### बिहार प्रशासन करता है मंदिर समिति संग बैठक

सोहगरा में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन होने वाली भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति ने युवाओं,जनप्रतिनिधियों, दुकानदारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित करती है। जिसमे अधिक संख्या में मानव बल तैनात करने, गर्भ गृह और मुख्य द्वार पर भीड़ को नियंत्रित करने, आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, शौचालय की व्यवस्था, पानी की व्यवस्था, लाइट, सुरक्षा, पर गहनता से विचार विमर्श किया जाता है। इस दौरान अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, सचिव मिनहाज सोहाग्रवी, मुखिया रणजीत कुशवाहा, सोहगरा सरपंच बृजेश कुमार पाल, सुरेंद्र कुमार, अभिषेक सिंह, रंजीत कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद रहते हैं।

## महाराजगंज में नवोदय विद्यालय के निर्देशन पर विज्ञान संगम महोत्सव का आयोजन रहा सकल



**महाराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के बावन बुजुर्ग बल्ला स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में बुधवार को प्रधानाचार्य चंदन बागीश के निर्देशन में बीके पाठक ने विज्ञान संगम महोत्सव आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। विज्ञान संगम महोत्सव कार्यक्रम में रायबरेली जिले के विभिन्न विद्यालय सहभागी रहे। आपको बता दें कि, महराजगंज कस्बे के रायबरेली रोड पर स्थित एसजेएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने मॉडल बनाए, जैसे मानव हृदय, लेजर लाइट ड्रिप इरीगेशन और वेस्ट वाटर आदि के अलावा भाषण प्रतियोगिता एक्सरेम्पोर आदि में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। एक्सरेम्पोर में विद्यालय के छात्रों ने प्रथम स्थान एवं लेजर लाइट में तृतीय स्थान प्राप्त किया। एक्सरेम्पोर में एसजेएस पब्लिक स्कूल महराजगंज के छात्र अरिहन्त मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। उनकी इस जीत के लिए विद्यालय प्रबंधक अग्रज सिंह एवं सह प्रबंधिका डॉ अनुश्री सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए खुशी का इजहार किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मृदुला श्रीवास्तव ने इसी प्रकार आगे बढ़ते रहने की शुभकामनाएं दी। जीवन में नए आयामों को छूने की प्रेरणा के साथ अपना आशीर्वाद भी दिया। इस खुशी के मौके पर विद्यालय परिवार ने खुशी का इजहार करते हुए बच्चों को अपना आशीर्वाद प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## सर्वस्पर्शी बजट पेश होने पर भाजपाई गदगद



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये पेश किए सर्वसमावेशी बजट और दिल्ली में महिला मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता,उपमुख्यमंत्री प्रवेश वर्मा समेत अन्य मंत्रियों के शपथ लेने पर भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा संसदीय कार्यालय पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि उत्तरप्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश किया है, यह बजट 8,08,736 करोड़ रुपये का है, इस बजट से आने वाले समय मे प्रदेश समृद्ध और खुशहाल होगा। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में किसानों के लिये यह बजट हितकारी है, बजट में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के लिए 1100 करोड़ रुपये प्रस्तावित है, जिससे किसानों की सिंचाई की समस्या का समाधान होगा। पूर्व मीडिया प्रभारी भाजपा अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार सबके कल्याण के लिये कार्य कर रही है।आज यूपी की भाजपा सरकार ने सर्वस्पर्शी,सर्वव्यापी,सर्वग्राही बजट पेश कर प्रदेश को और सशक्त बनाने की दिशा में काम किया है। वही दिल्ली में महिला मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है। इस अवसर पर शैलेन्द्र सिंह आजाद, अजय दुबे वत्स, धीरज सिंह, करुणेश मिश्रा, अरुण मिश्र, सत्येन्द्र सिंह सोनू, विनोद पाण्डेय, नित्यानंद पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## नगरवासियो को जल्द मिलेगी जाम से निजात : एसडीएम

### तीन सदस्यीय समिति करेगी सामान्य समस्यों का निस्तारण

अवधनामा संवाददाता



**लालगंज, रायबरेली।** नवागत उपजिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी ने चार्ज ग्रहण करने के बाद पत्रकार वार्ता में क्षेत्र की समस्याओं पर विस्तार से बात की। श्री त्रिपाठी ने बताया कि जनसमस्याओ के निस्तारण के लिये ग्रामीण व नगर क्षेत्र में त्रिस्तरीय समिति बनाकर रास्तो, गलियारों, नालियों की समस्याओं के साथ-साथ तालाबो व खलिहानो में अवैध कब्जो को हटाया जायेगा। इसके लिये राजस्व विभाग, पुलिस व स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों को शामिल कर समस्या के त्वरित निस्तारण प्राथमिक स्तर पर किया जायेगा।

श्री त्रिपाठी ने बताया कि नाली, नापदान व रास्ते तथा अतिक्रमण आदि की समस्याओं के लिये राजस्व कर्मी ही पर्याप्त नही है। तीनो विभागो के अधिकारियों की उपस्थिति में समस्या का समाधान त्वरित रूप से करने का प्रयास किया जायेगा। नगर में लग रहे जाम व अतिक्रमण की समस्या पर उन्होने शीघ्र ही नगर पंचायत के अध्यक्ष व अधिशाशी अधिकारी से वार्ता कर अभियान चलाये जाने की बात कही। उल्लेखनीय है कि श्री त्रिपाठी की प्रथम नियुक्ति 2001 में नायब तहसीलदार के रूप में महराजगंज जनपद में हुई थी। जिसके बाद 2015 में उन्हे तहसीलदार के रूप में मऊ व सीतापुर जनपदो में कार्य किया। 2021 में प्रमोशन पाकर वह एसडीएम बने तथा 2023 में जनपद रायबरेली में उनकी नियुक्ति हुई।

## बिजली विभाग के अभी से गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर तैयारियां तेज

**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** बिजली विभाग अभी से गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति की तैयारियों में जुट गया है। इसमें आने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए पॉवर कारपोरेशन के अध्यक्ष के निर्देश पर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। सभी बिजली स्टेशन अफसरों से विवरण मांगा गया था, इसी के तहत एसडीओ महराजगंज रमेश सोनी के नेतृत्व में विद्युत पावर हाउस स्टेशन महराजगंज, जिहवा और चंदापुर में साफ सफाई सहित अन्य कार्य युद्ध स्तर करवाए पर जा रहे हैं। आपको बता दें कि, एसडीओ रमेश सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि, गर्मी में विद्युत उपभोक्ताओं को निर्वाध आपूर्ति के क्रम में पावर परिवर्तकों की क्षमता वृद्धि, विद्युत यंत्रों का सुदृढ़ीकरण, सीटी, पीटी ब्रेकर व रिले को क्रियाशील करने व अनुरक्षण संबंधी कार्य फरवरी माह में पूरा करा लेना है।

## पवित्र सई नदी के घाटों पर साफ सफाई कर स्वच्छ सई नदी का दिया संदेश

### महाशिवरात्रि के पूर्व एसडीएम ने कराया सफाई अभियान

**कहा सबका साथ हो, पवित्र सई नदी का जल साफ हो हर-हर भवरेश्वर महादेव नमामि शंभूत्रिपुरारी नहीं रुकेंगे**

**हम स्वच्छ करेंगे, इस पहल को श्रद्धालुओं का पूरा मिला समर्थन**

अवधनामा संवाददाता





**महराजगंज, रायबरेली।** महाशिवरात्रि के पूर्व स्वच्छता ही सेवा है, सफाई ही पूजा है अभियान के तहत बृहस्पतिवार को एसडीएम महराजगंज सचिन यादव और तहसीलदार मंजुला मिश्रा की ओर से श्रमदान अभियान चलाकर सई नदी के तट पर स्थित प्राचीन शिवालय भवरेश्वर की सफाई की गई।

इस एक दिवसीय अभियान में सई नदी के तट पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर भवरेश्वर को संवारने के लिए सैकड़ो श्रद्धालुओं द्वारा विशेष श्रमदान किया गया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों और श्रद्धालुओं ने मिलकर मंदिर प्रांगण को पवित्र सई नदी के जल से धोया और सफाई कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अभियान में तहसीलदार मंजुला मिश्रा के साथ दर्जनों महिला श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया और घाट की सीढ़ियों, मढ़ियों और मंदिर परिसर की सफाई की। सफाई कार्य के दौरान सभी ÷हर-हर महादेव, शंभु भवरेश्वर, विश्वनाथ सई नदी के जयघोष के साथ जुटे रहे। इसके बाद एसडीएम और तहसीलदार ने भवरेश्वर मंदिर में गंगाजल से विग्रहों का अभिषेक किया और श्रद्धालुओं ने भी जल अर्पित कर पूजा-अर्चना की। आपको बता दें कि, एसडीएम महराजगंज सचिन यादव और तहसीलदार मंजुला मिश्रा समेत बीडीओ बछरावां शिव बहादुर सिंह, अधिशासी अधिकारी बछरावां व महराजगंज राम आशीष वर्मा, अधिशासी अधिकारी लालगंज व शिवगढ़ राजभान शुक्ला, नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी, कानूनगो उमेश चंद्र दीक्षित, आबिद अली, मो0 अहमद, लेखपाल राजीव मिश्रा, राजेश कुशवाहा, अमित शुक्ला, दर्शिता श्रीवास्तव, विपिन मौर्य के अलावा राजस्व विभाग एवं नगर पंचायत के समस्त कर्मचारियों ने श्री भवरेश्वर विश्वनाथाष्टकं के श्लोकों का उच्चारण करते हुए मंदिर में स्थित विग्रहों का गंगाजल, पुष्प, धूप और भस्म से पूजन किया। एसडीएम महराजगंज सचिन यादव ने कहा कि, भवरेश्वर मंदिर रायबरेली जिला की अमूल्य धरोहर हैं, और इनकी देखरेख की जिम्मेदारी हर व्यक्ति को उठानी चाहिए। इससे पूर्व एसडीएम सचिन यादव ने तहसीलदार मंजुला मिश्रा और समस्त प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ पवित्र सई नदी के घाटों पर अपने हाथों से साफ सफाई कर ÷स्वच्छ सई नदी, निर्मल सई नदी÷का संदेश दिया गया। श्री भवरेश्वर मंदिर धाम में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्नान के दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया और उन्हें साबुन व शैंपू के प्रयोग से रोकने की अपील की गई।

तहसीलदार महराजगंज मंजुला मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि, सबका साथ हो, पवित्र सई नदी का जल साफ हो, हर-हर भवरेश्वर महादेव, नमामि शंभूत्रिपुरारी, नहीं रुकेंगे, हम स्वच्छ करेंगे। इस पहल को श्रद्धालुओं का पूरा समर्थन मिला। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों समेत श्रमदान के तहत क्षेत्रीय लोगों एवं श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।

## बुजुर्ग की मौत

**अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र के ककवा रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर एक बुजुर्ग गंभीर अवस्था में पड़ा हुआ था। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त व जांच शुरू की। मृतक की पहचान शिव प्रसाद कोरी निवासी बबुरी टोला, दरपीपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रारंभिक जांच में बुजुर्ग की मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज की जांच भी शुरू कर दी है।

## नये जिलाध्यक्षों की घोषणा नहीं कर पा रही भाजपा: कांग्रेस

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** नये जिलाध्यक्षों के नाम घोषित करने के मामले में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच लुकाछिपी का खेल चल रहा है। दोनों पार्टियां एक दूसरे के इंतजार में नाम घोषित नहीं कर पा रही है। भाजपा की तैयार सूची शीर्ष नेतृत्व में सहमति को लेकर अटकी हुई है। सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों की सांगठनिक कवायद दो महीने पहले शुरू हुई थी। संगठन पर्व के नाम पर अगले विधानसभा चुनाव के पहले बूथ कमेटियों से लेकर जिले और प्रदेश तक संगठन की सभी स्तर की कमेटियों को पुनर्गठित करने की भाजपा की कवायद दो महीने पहले शुरू हुई थी। मंडल अध्यक्षों की घोषणा में लगभग एक महीने लगे।नये जिलाध्यक्षों के नाम 15जनवरी तक घोषित होने थे। 15फरवरी भी बीत चुका है, अभी तक सूची सार्वजनिक नहीं हुई है। कार्यकर्ता और दावेदार इंतजार करते करते थक गये हैं ?। सूत्रों का कहना है कि भाजपा की 98जिलाध्यक्षों की तैयार सूची घोषणा के पहले ही लीक हो गई। सूची को लेकर एक चैनल द्वारा खबर चलाने के बाद सूची को लेकर फिर से मंथन शुरू हो गया है। लखनऊ से दिल्ली तक प्रदेश एवं केन्द्रीय नेतृत्व में सहमति नहीं बन पा रही है। सोशल मीडिया पर आई खबर में भाजपा की 98जिलाध्यक्षों की सूची में सिर्फ 6महिलाएं होने की चर्चा है। महिला सशक्तिकरण को लेकर भाजपा की खासी आलोचना हो रही है। उधर कांग्रेस की सूची 26जनवरी के बाद घोषित किए जाने की बात सामने आई थी। कांग्रेस खेमे में जिले के एक पूर्व विधायक को नया जिलाध्यक्ष बनाने की जोरदार चर्चा थी, पार्टी संगठन के प्रमुख नेताओं और सांसद के एल शर्मा का बिव लेने के बाद लगभग एक महीने से अधिक का समय बीत रहा है, कांग्रेस भी नया नाम घोषित नहीं कर रही है।

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अर्नव तिवारी जिसका आधार नं.- 227269493345 है, का नाम बदलकर उदयन तिवारी कर दिया है। भविष्य में अर्नव तिवारी को उदयन तिवारी के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**स्वाती तिवारी**
**पत्नी आदित्य नारायण तिवारी**
**पता- 2/94, रूचि खण्ड-।।**
**शारदा नगर, लखनऊ-226002**

# न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग से प्रतिवादी को मिला न्याय

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** डॉ. आलोक चाटिया पुत्र महावीर प्रसाद चाटिया, नि. मो. शखैयापुरा, बहराइच द्वारा न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बहराइच में टेलीकाम डिस्ट्रिक्ट मैनजर व उपखण्ड अधिकारी टेलीकाम, एसटीओ दूर संचार केन्द्र, बहराइच तथा टेलीकाम रेग्युलेटरी अथार्रिटी आफ इण्डिया, दिल्ली के विरूद्ध योजित परिवाद सं. 19/2020 में जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र भारती व सदस्य डॉ. मोनिका प्रियदर्शिनी द्वारा पारित आदेश में विपक्षी सं. 01 व 02 को आदेशित किया गया है कि वह परिवादी के टेलीफोन संयोजन संख्या 234570 को एक माह में पुनर्संचालित करें तथा टेलीफोन संयोजन के सुचारू रूप से काम न करने के कारण परिवादी को हुए शारीरिक मानसिक कष्ट के रूप में रू. 5,000=00 व वाद व्यय के रूप में रू. 2000=00 विपक्षीगण परिवादी को प्रदान करे। एक माह के अन्दर टेलीफोन संयोजन चालू न करने तथा आरोपित धनराशि अदा न किये जाने पर आदेश की तिथि से वास्तविक भुगतान की तिथि तक 7 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज भी अदा करना होगा। उल्लेखनीय है कि परिवादी डॉ. आलोक चाटिया द्वारा योजित वाद में दूर संचार विभाग द्वारा टेलीफोन कनेक्शन संख्या 234570 को पुनर्संचालित कराये जाने की मांग की गई है।

## ब्रह्माकुमारी पाठशाला ने निकाली शिव यात्रा



**टूंडला।** ब्रह्माकुमारी पाठशाला की भाई-बहन द्वारा गाँव सिकरारी में बड़े धूमधाम से शिव की प्रतिमा के साथ भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को शिव संदेश दिया। इस मौके पर टूंडला क्षेत्रीय प्रभारी बीके विजय दीदी ने कहा कि शिव के साथ क्या है रात्रि का संबंध, विश्व की सभी महान विभूतियों के जन्मोत्सव मनाए जाते हैं। लेकिन परमात्मा शिव की जयंती को जन्मदिन न कहकर शिवरात्रि कहा जाता है, आखिर क्यों? इसका अर्थ है परमात्मा जन्म-मरण से न्यारे हैं। उनका किसी महापुरुष या देवता की तरह शारीरिक जन्म नहीं होता है। वह अलौकिक जन्म लेकर अवतरित होते हैं। उनकी जयंती कर्तव्य वाचक रूप से मनाई जाती है। जब-जब इस सृष्टि पर पाप की अति धर्मग्लानि होती है और पूरी दुनिया दुरूखों से घिर जाती है तो गीता में किए अपने वायदे अनुसार परमात्मा इस धरा पर अवतरित होते हैं। इस अवसर पर बीके तनु, बीके निधि, बीके खुशी बीके शिवानी, बीके मधु,बीके आरती, बीके शीला, धीरज, राजू भगवती, दुर्ग सिंह, चोब सिंह, एवरन सिंह आदि मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि पर्व के गंगा स्नान को लेकर रेलयात्रियों में भारी उत्साह, ट्रेनें चल रही है फुल



**टूंडला।** प्रयागराज महाकुम्भ के चलते महाशिवरात्रि पर्व के गंगा स्नान को लेकर रेलवे स्टेशन टूंडला पर रेलयात्रियों को भारी भीड़ लगी हुई है। रेलयात्री अभी से प्रयागराज जाने के लिए कुम्भ स्पेशल ट्रेनों से जाने में लगे है। रेलवे स्टेशन टूंडला पर प्रयागराज महाकुम्भ में जाने का जुनून लोगों में देखा जा रहा है। ट्रेनों एवं प्लेटफार्म पर रेलयात्रियों की सैकड़ो की तादात में दिन व दिन भीड़ बढ़ती जा रही है। महाकुम्भ में शिवरात्रि पर्व को लेकर लोग अभी से गंगा स्नान करने के लिए पहुंच रहे है। वहीं जीआरपी आरपीएफ पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था करने में लगी हुई है। भीड़ को देखते हुए रेलवे पुलिस ने कड़ी नजर रखना शुरू कर दिया है। वहीं रेलयात्रियों में गंगा स्नान को लेकर भारी उत्साह दिखाई दिया।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने मनाया शिवाजी महाराज का जन्मोत्सव

**टूंडला।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के नगर अध्यक्ष रुस्तम सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में नगर के विहारी विलास पर हिन्दू हृदय सम्राट वीर शिरोमणि क्षत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मोत्सव पर उनके चित्र पर पुष्पमाला व दीप प्रज्वलित कर मनाया। इस दौरान रवि चौहान ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवा क्षत्रियों से अपील की वो व्यसनों से दूर रहे। ओर एकत्रित होकर देश के लिए सेवा कार्य करें। इस मौके पर द्विजेन्द्र विक्रम सिंह परमार, धीरेंद्र विक्रम सिंह परमार, दिलीप चौहान, संजय परमार, अनिल धाकरे, राजीव परमार, मयंक सिंह बैस, धरवेंद्र प्रताप सिंह, सुरजीत सिसोदिया, ब्रजपाल सिंह परमार, संदीप चौहान, भूपेंद्र सिंह जादौन आदि उपस्थित रहे।

## जिला उद्योग बन्धु की बैठक 25 फरवरी को

**बहराइच।** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच ने बताया कि 25 फरवरी 2025 को अपरान्ह 03:30 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति एवं एम.ओ.यू. से सम्बन्धित बैठक आहूत की गई है। उपायुक्त उद्योग ने जिले के उद्यमियों, व्यापारियों एवं निर्यातकों से अपेक्षा की है कि बैठक में समय से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से समिति को अवगत करायें।

# श्रमिकों को योजनाओं से जागरूक किया जाए

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) संगीता गौतम की अध्यक्षता में जिला श्रम बन्धु की विशेष बैठक कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में आहूत हुई। अपर जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त करते हुये बैठक प्रारम्भ की गयी। सहायक श्रम आयुक्त द्वारा बैठक में श्रम विभाग द्वारा संचालित चल रही विभिन्न योजनाओं की पी0पी0टी के माध्यम से जानकारी देते हुये अवगत कराया कि कारखाना अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिकों को उ0प्र0 श्रम कल्याण परिषद् द्वारा उनकी पुत्री के विवाह हेतु ज्योतिबा फुले श्रमिक कन्यादान योजना, जिला स्तर/राज्य स्तर/राष्ट्रीय स्तर/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को चेतन चौहान श्रमिक क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना, प्राविधिक शिक्षा हेतु डॉ0 ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम श्रमिक प्राविधिक शिक्षा सहायता योजना, श्रमिक की मृत्यु हो जाने पर दत्तोपत ठेंगड़ी मृतक श्रमिक आर्थिक सहायता योजना संचालित हैं। इसी प्रकार उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुये बैठक में उपस्थित श्रमिक प्रतिनिधियों को योजनाओं का श्रमिकों के मध्य प्रचार-प्रसार कर उन्हें जागरूक किये जाने का अनुरोध किया। अपर जिलाधिकारी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु 23.02.2025 हो आहूत अटल अवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने निर्देश भी प्रदान किये। कांच एवं चूड़ी उद्योग के श्रमिकों की वर्षो से चली आ रही समस्याओं यथा कारखानों में 08 घण्टे कार्य की अवधि, साप्ताहिक अवकाश एवं मिट्टी के तेल अथवा अन्य ईंधन की जगह उसके अन्य वैकल्पिक मूल्यों का समाधान किये जाने पर श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों द्वारा एक मत से जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, उप श्रमायुक्त, आगरा, पुलिस अधीक्षक (नगर), फिरोजाबाद एवं सहायक श्रमायुक्त का धन्यवाद दिया गया एवं अध्यक्षा को पुष्प गुच्छ भेंट किया। सहायक श्रमायुक्त द्वारा बताया गया कि सेवायोजक एवं श्रमिकों के मध्य 14.02.2025 को समझौता हुआ है जिसमें श्रमिक पक्ष द्वारा मिट्टी के तेल के स्थान पर चार सौ रू0 प्रति सौ तोड़ा दिलाये जाने पर सहमति बनी और समझौता पूर्ण कराया दिया गया। यह समझौता 15.02.2025 से प्रवर्तनीय होगा, बैठक में उपस्थित श्रमिक पक्ष के प्रतिनिधियों द्वारा आश्वासन दिया कि 14.02.2025 को हुये समझौते के अनुसार श्रमिक प्रतिनिधि अपनी समस्याओं को लेकर बगैर पूर्वानुमति से धरना, हडताल इत्यादि नहीं करेंगे। संजीव यादव ने अटल आवासीय विद्यालयों में श्रमिकों के बच्चों के प्रवेश परीक्षा हेतु अथक परिश्रम कर 150 से अधिक श्रमिकों के आवेदन कराये जिसकी बैठक में अध्यक्षा द्वारा प्रशंसा की गयी।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिंदवारी में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिंदवारी में विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम बांदा द्वारा प्रतिभाग किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यदि आपको नकारात्मक विचार आता हों,बहुत अधिक गुस्सा आता हो,एक ही विचार मन में बार-बार आता हो, अत्यधिक सफाई करने का मन करता हो, अपने आप से बातें करता है, हिस्टीरिया या मिर्गी के दौरे आते हो, नींद ना आनी वाली समस्याएं रहती हो तो वह मानसिक रोगी हो सकता है। मानसिक रोग से बचाव के लिए प्रातः उठकर 2 से 5 किलोमीटर तक टहलना चाहिए योग प्राणायाम करना चाहिए परिवार के साथ समय बिताना चाहिए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिंदवारी डॉ नरेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि यह शिविर लोगों की जागरूकता के लिए हर वर्ष लगाया जाता है ताकि ग्रामीण अंचलों तक मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम को प्रचारित किया जा सके। मॉनिटरिंग ऑफिसर नरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि जिस प्रकार शारीरिक स्वास्थ्य आवश्यक है वैसे ही मानसिक स्वास्थ्य भी आवश्यक है इसलिए अपनी दिनचर्या को स्वस्थ रूप से शुरू करें अधिक फास्ट फूड, तेल मसाला से बनने वाले खाद्य पदार्थ का सेवन न करें। अनुलोम विलोम भ्रामरी प्राणायाम अवश्य करें। मनोरोक चिकित्सक डॉ हर दयाल ने बताया कि यदि मानसिक रोग के लक्षण 15 दिनों से ऊपर रहते हैं तो वह जिला अस्पताल में आकर अपना इलाज करवा सकते हैं साथ ही मनोरोग चिकित्सक ने आए हुए मानसिक रोगियों का उपचार किया। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ रिजवाना हाशमी ने मरीजों की काउंसलिंग किया, मरीज को निशुल्क दवा साइट्रिक नर्स त्रिभुवन नाथ द्वारा कहा गया कि ऑनलाइन काउंसलिंग 14416 तथा मनकक्ष काउंसलिंग 852870 9525 पर काउंसलिंग कर सकता है। एक सैकड़ा लोगों का पंजीकरण अनुपम त्रिपाठी अशोक कुमार, सोनू व अजय द्वारा किया गया।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार हैः–

**दिनांक 21.02.2025 (शुक्रवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या धाम | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या धाम | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या धाम | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04301 | फाफामऊ जं. | 06:30 | हरिद्वार जं. | 23:50 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, चंदौसी जं., मुरादाबाद एवं नजीबाबाद जं. स्टेशन |
| 04604 | फाफामऊ जं. | 19:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली जं., मुरादाबाद, रूड़की, सहारनपुर जं., अंबाला कैंट, लुधियाना जं., जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09404 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं., फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं., आगरा किला, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., छायापुरी एवं आणंद जं. स्टेशन |
| 07383 | एसएसएस हुब्बल्लि जं. | 08:00 | वाराणसी जं. | 05:30 | धारवाड, अलनावर, लोंडा, खानापुर, बेलगावि, गोकक रोड, घाटप्रभा, रायबाग, कुडची, मिराज, सांगली, किर्लोस्करवाडी, कराड, सतारा, पुणे, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार जं. स्टेशन |
| 01824 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. | 15:00 | अलीगढ़, टूण्डला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, सूबेदारगंज, नैनी जं., शंकरगढ़, मानिकपुर जं., चित्रकूट धाम कर्वी, अतर्रा, बांदा जं., महोबा जं., हरपालपुर, मऊरानीपुर, एवं निवाड़ी स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं.। |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं., औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औडिहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफ़पुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी, सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | |
| 01662 | बनारस | 14:45 | रानी कमलापति (भोपाल) | 11:30 | चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, सिहोरा रोड, देवरी, जबलपुर, मदन महल, श्रीधाम, नरसिंहपुर, करेली, गाडरवारा, पिपरिया, सोहागपुर, इटारसी जं., नर्मदापुरम, बुदनी, ओबेदुल्ला गंज एवं मन्डी दीप स्टेशन |
| 09801 | सोगरिया | 08:15 | बनारस | 10:15 | अन्ता, बारां, अटरू, छबड़ा गुगोर, रुठियाई, गुना, अशोक नगर, मुंगावली, बीना मालखेड़ी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, बांदकपुर, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. |
| 01455 | पुणे जं. | 10:10 | मऊ जं. | 22:00 | दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, बेलापुर, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., तलवाड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., शाहगंज जं. एवं आजमगढ़ स्टेशन |
| 03410 | प्रयागराज रामबाग | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्र नगर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 07707 | मौला अलि | 23:55 | आज़मगढ़ | 17:15 | चर्लपल्ली, जनगांव, काजीपेट जं., पेद्दपल्ली, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपूर कागजनगर, बल्हारशाह, चन्द्रपुर, नागपुर जं., इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, वाराणसी जं. एवं शाहगंज जं. स्टेशन |
| 06008 | बनारस | 18:05 | तिरूवनंतपुरम उत्तर | 23:55 | चुनार जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपूर कागजनगर, रामगुंडम, वरंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., तेनाली जं., ओंगोल, नेल्लूर, गूडूर जं., पेरम्बूर, अरक्कोणम जं., काटपाडी जं., जोलारपेट्टै जं., सेलम जं., ईरोड जं., तिरुप्पूर, कोयम्बत्तूर जं., पालक्काड जं., तृश्शूर, आलुवा, एरणाकुलम टाउन, कोट्टयम, तिरुवल्ला, चेंगन्नूर, मावेलिक्करा, कायमकुलम जं., एवं कोल्लम जं. स्टेशन |

**दिनांक 22.02.2025 (शनिवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या धाम | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या धाम | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या धाम | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04526 | बठिण्डा | 04:30 | फाफामऊ जं. | 23:55 | रामपुरा फूल, बरनाला, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अंबाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, लक्सर जं., नजीबाबाद जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04662 | फाफामऊ जं. | 06:30 | अमृतसर | 04:15 | रायबरेली जं., लखनऊ शाहजहाँपुर, बरेली जं., रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर, देवबंद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला छावनी, राजपुरा, सरहिंद, ढंडारी कलां, जालंधर सिटी एवं ब्यास स्टेशन |
| 04612 | फिरोजपुर कैंट | 13:25 | फाफामऊ जं. | 11:30 | फरीदकोट, कोट कपूरा, बठिंडा, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अंबाला कैंट जं., सहारनपुर जं., रूड़की, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04622 | अयोध्या धाम जं. | 10:00 | अमृतसर जं. | 06:45 | लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद जं., सहारनपुर, अंबाला कैंट जं., धुरी जं., लुधियाना जं., जलंधर सिटी एवं जंडियाला स्टेशन |
| 08253 | बिलासपुर जं. | 08:15 | वाराणसी | 10:00 | राजपुर जं.,दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला एवं अलीगढ स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं. औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औडिहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफ़पुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी, सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | |
| 09802 | बनारस | 14:45 | सोगरिया | 15:45 | चुनार जं., मिर्जापुर,, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, रीठी, बांदकपुर, दमोह, पथरिया, गणेशगंज, गिरवर, सागर, नरयावली, खुरई, बीना मालखेड़ी, मुंगावली, अशोक नगर, गुना, रुठियाई, छबड़ा गुगोर, अटरू, बारां एवं अन्ता। |
| 01034 | मऊ जं. | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज(टर्मि.) | 14:30 | आजमगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी, चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा जं., भुसावल जं., जलगांव जं., मनमाड जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जंक्शन, ठाणे और दादर स्टेशन |
| 01456 | मऊ जं. | 23:50 | पुणे जं. | 15:45 | आज़मगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा, भुसावल जं., मनमाङ जं., बेलापुर, अहमदनगर एवं दौंड कॉर्ड लाइन स्टेशन |
| 09371 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 13:45 | बलिया | 19:15 | इंदौर जं., उज्जैन जंक्शन, शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना जं., ललितपुर, विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं., औंड़िहार जं. एवं गाजीपुर सिटी स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बरहरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें


CMYK

# पत्रकार पर किया जानलेवा हमला, पंचायत भवन से अपहरण कर की बेरहमी से पिटाई

अवधनामा संवाददाता

- जिंदा दफनाने का किया गया प्रयास
- ग्राम प्रधान सहित चार के खिलाफ दर्ज मुकदमा



**सुमेरपुर,हमीरपुर।** सरीला में एक पत्रकार के साथ हुई बर्बरता का मामला अभी निपट नहीं पाया है कि इसी तरह का दूसरा मामला प्रकाश में आ गया है जिसमें एक समाचार पत्र के जिला संवाददाता द्वारा भ्रष्टाचार उजागर करने से बौखलाए विकास खण्ड मुस्करा के ग्राम पंचायत उमरी के ग्राम प्रधान व उसके परिजनों आदि ने गांव के पंचायत भवन से अपहरण कर घंटों लगातार पिटाई कर अधमरा कर दिया, पत्रकार की तहरीर पर थाना बिवार की पुलिस ने ग्राम प्रधान उसके दो भाई और एक अज्ञात चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। रवींद्र कुमार भारतवंशी जिला संवाददाता, जो अपनी संस्था लक्ष्य बुंदेलखंड जन सेवा समिति के माध्यम से सरकारी योजनाओं में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच प्रशासन से कराते हैं, को जिलाधिकारी द्वारा गठित जांच टीम के नोडल अधिकारी हिमांशु अग्रवाल द्वारा सूचना दी गई थी कि मंगलवार दोपहर ग्राम पंचायत उमरी में मनरेगा की जांच की जाएगी। पीड़ित पत्रकार के अनुसार, वह मंगलवार को लगभग 3:50 बजे ग्राम पंचायत उमरी पहुंचा और अधिकारियों से संपर्क किया। अधिकारी ने पंचायत भवन पर मिलने के लिए कहा। 4:30 बजे जब वह पंचायत भवन पहुंचे तो ग्राम प्रधान अपने दोनों भाइयों और 18-20 अन्य लोगों के साथ वहां आ गया। इसी दौरान प्रधान के भाई ने पीछे से उनकी आंखें बंद कर दीं, जिसके बाद भीड़ ने उन्हें लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद उसे जबरन एक चार पहिया वाहन में डालकर अपहरण कर गौशाला ले जाया गया जहां लगभग 15-18 लोगों ने बेल्टों से बेरहमी से उनकी पिटाई की। इसके बाद आंखों में पट्टी बांधकर घसीटते हुए भूसा घर में ले जाया गया जहां उन्हें निर्वस्त्र कर 2-3 घंटे तक अमानवीय यातनाएं दी गयी। आरोपियों ने मल जबरदस्ती मुंह में डालने जैसी घिनौनी हरकतें भी कीं। इतना ही नहीं, आरोपियों ने जेसीबी से गड्ढा खोदकर जिंदा दफनाने का प्रयास भी किया जब पत्रकार ने कहा कि उनकी जांच अधिकारी को सूचना है तो आरोपियों ने उनकी बैग में गांजा, चरस और अन्य नशीले पदार्थ रखकर वीडियो बनाया और उन्हें झूठे केस में फंसाने की साजिश रची। इसके बाद उनकी आंखों पर पट्टी बांधकर कपड़े बदलवाए गए, उसका मोबाइल लेपटॉप तोड़ दिए गए सारा डाटा डिलीट कर दिया गया और एक ऑटो से थाना बिवार ले जाया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्रधान, उसके दोनों भाइयो और एक अज्ञात कुल चार आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023 की धाराओं 191(2), 191(3), 115 (2), 35, 351(3), 140 (3), 133 और 3 (ए) ऑफेंस ऑफ ऑफेंस (अपराध की घटना) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पत्रकार पर हुए इस अमानवीय हमले से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है और पत्रकार संगठनों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## व्यापार बंधुओं व उद्योग बन्धुओं के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक

**हमीरपुर।** व्यापार बंधुओं व उद्योग बन्धुओं के साथ जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल के प्रकरणों, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की इन योजनाओं के अंतर्गत किए जाने वाले आवेदनों को किसी भी दशा में पेंडिंग ना रखा जाए ,उनको नियमानुसार स्वीकृत कर समय से डिस्बर्स किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों को बेहतर सुविधाएं दी जाएं तथा निवेश व निर्यात गतिविधियों को बढ़ाने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं। बैंकों द्वारा उद्योगों की स्थापना हेतु ऋण देने में टालमटोल ना किया जाए न ही अनावश्यक रूप से ऋण आवेदन निरस्त किए जाएं।

# सातवें क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन महात्मा ज्योतिबाफुले स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** बेसिक शिक्षा परिषद के तत्वाधान में शिक्षकों की सातवें क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन महात्मा ज्योतिबाफुले स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। 12 दिन चले टूर्नामेंट में 10 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें बढ़पुरा व उमाकांत क्रिकेट क्लब ताखा के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें बढ़पुरा ने 9 विकेट से मैच जीता। समापन के अवसर पर बीएसए डॉ राजेश कुमार, बीईओ बढ़पुरा वीरेंद्र सिंह, बीईओ जसवंतनगर गिरीश कुमार, बीईओ बसरेहर अनुपम शुक्ला ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। बीएसए ने कहा कि जब हमारे शिक्षक शारीरिक रूप से स्वस्थ्य होंगे तो वो बच्चों को बेहतर शिक्षा दे सकते। खेलकूद से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने दोनों टीमों को बधाई दी। ताखा के कप्तान दीपक बघेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। जिसमें ताखा की तरफ से अमन के 25 व मुनीश के 17 रनों की बदौलत 84 रन बना सकी। एपी यादव ने 4 विकेट, इंद्रजीत ने 3 विकेट व गौरव पाठक ने 2 विकेट लिए। जवाब में उतरी बढ़पुरा की टीम की तरफ से सौरभ अवतार ने 4 चौके व 1 छक्का की मदद से 70 रन व गौरव पाठक ने 2 चौके की मदद से 10 रन का सहयोग देकर 9 विकेट से मैच जीत लिया। जिसमें मैन ऑफ द मैच व टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले सौरभ अवतार को दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज गौरव पाठक रहे। बेस्ट बॉलर इंद्रजीत सिंह व पुष्पेन्द्र कुशवाहा को मिला। बेस्ट फील्डर का अवार्ड अमित कुमार को मिला बेस्ट विकेटकीपर वेदप्रकाश रहे। टूर्नामेंट गौरव पाठक व प्रमिला पाठक के संयोजन में आयोजित किया जा रहा। अपारिंग सौरभ पाठक व शिवा ने की। स्कोरिंग शौर्य व सुधांशु के द्वारा की गई। दीपक बघेल के द्वारा कमेंट्री की गई। संचालन ब्रजेश तिवारी ने किया। इस मौके पर ब्लॉक व्यायाम शिक्षक राजेश जादौन, अवधेश सिंह राठौर, शोएब आलम, अजय यादव, योगेंद्र चौधरी यतेंद्र यादव, अच्युत त्रिपाठी, अनिरुद्ध दीक्षित, प्रदीप यादव समेत कई शिक्षक व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जिलाधिकारी नें की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** आगामी महाशिवरात्रि पर्व की तैयारी के संबंध में एक आवश्यक बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर जिन मंदिरों/ स्थलों पर कार्यक्रम होते हैं वहां पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना हो इसके लिए अनिवार्य रूप से बैरिकेडिंग करा दिया जाए। जहां पर भी नदियों या गहरे तालाबो आदि के आसपास महाशिवरात्रि के कार्यक्रम होते हैं वहां पर गोताखोर व नाव आदि की व्यवस्था कर लिया जाए तथा वहां पर वालंटियर भी तैनात रखे जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत संवेदनशील स्थलों पर विशेष रूप से नजर रखी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि महाशिवरात्रि में जहां पर भी जुलूस आदि परंपरागत रूप से निकाले जाते रहे हैं, उन जुलूस के रास्तों का अच्छे ढंग से अवलोकन कर लिया जाए तथा जहां पर भी खुले नाले या गड्ढे ,जर्जर तार आदि हैं उन्हें दुरुस्त कर दिया जाए तथा खुले नालों को ढकवा दिया जाए। कहा कि सभी तहसीलो आदि में कंट्रोल रूम भी बना लिया जाए। संवेदनशील स्थलों पर फ्लैग मार्च आदि भी निकाले जाएं। कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम नियमानुसार एवं बोर्ड परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए सभ्यता पूर्ण ढंग से ही आयोजित किए जाएं, इसके लिए आयोजकों को भली भांति अवगत करा दिया जाए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा, एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर ,अपर पुलिस अधीक्षक ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गीतम सिंह, समस्त एसडीएम व सीओ तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# कृषकों को जागरूक करना जनता कॉलेज बकेवर का उद्देश्य

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा, बकेवर।** कृषि एवं विज्ञान प्रदर्शनी के समापन दिवस पर आयोजित पशु प्रदर्शनी एवं डॉग प्रदर्शनी के आयोजन के साथ कृषि विभाग, विभिन्न बैंक शाखाओं और विभिन्न कंपनियों के स्टॉलों के प्रतिनिधियों, पशुपालकों और कृषकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अरविंद कुमार शर्मा प्राचार्य जनता महाविद्यालय अजीतमल औरैया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ रॉबिन यादव पशुपालन अधिकारी, लाइन सफारी, डॉ अभिषेक कनवारिया पशुपालन अधिकारी इकदिल, विपिन यादव, निदेशक, किसान प्रशिक्षण केंद्र, पंजाब नेशनल बैंक सैफई एवं ओशन संस्था के महासचिव पर्यावरणविद् व सर्पमित्र डॉ. आशीष त्रिपाठी की विशेष उपस्थिति रही। अतिथिगणों का स्वागत प्राचार्य प्रो.डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी के निर्देशन में कॉलेज परिवार द्वारा अंग वस्त्र , माल्यार्पण, बैज अलंकरण तथा प्रतीक चिन्ह प्रदान करके किया गया। सात सदस्यीय निर्णायक मंडल द्वारा किसान मेला में उपस्थित पशु प्रदर्शनी एवं डॉग प्रदर्शनी के पशुओं का मूल्यांकन किया गया। पशुपालक मालिकों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. अरविंद कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में जनता कॉलेज बकेवर के कृषि तथा विज्ञान प्रदर्शनी, पशु प्रदर्शनी एवं कृषि मेले के प्रतिवर्ष आयोजन की प्रशंसा करते हुए अन्य महाविद्यालय के लिए इसे अनुकरणीय बताया। विशिष्ट अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात अपने उद्बोधन में प्राचार्य प्रो.डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि किसान मेलों और पशु प्रदर्शनी द्वारा कृषकों को जागरूक करना जनता कॉलेज बकेवर का सदैव दायित्व रहा है, साथ ही कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने हेतु हमें सजग रहना होगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ महिपाल सिंह ने आगंतुक अतिथियों, कृषकों, कृषि वैज्ञानकों तथा शोध छात्रों का कॉलेज परिवार की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया। सम्मानित पशु मालिक गाय प्रदर्शनी में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर क्रमशःपशु मालिक सर्वश्री विकास दुबे, आकाश दुबे तथा कौशल किशोर रहे। भैंस प्रदर्शनी में पशुपालक नेक सिंह राजपूत, विशाल कुमार, निरमेश कुमार क्रमशःप्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे, जमुनापारी बकरी प्रदर्शनी में शिव कुमार, बृजेंद्र कुमार तथा शिव सिंह क्रमशःप्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। सांत्वना पुरस्कार नृपेंद्र त्रिपाठी ने प्राप्त किया। बकरा प्रदर्शनी में सर्वश्री शिवकुमार, नृपेंद्र त्रिपाठी एवं सरोज कुमार क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे, सांत्वना पुरस्कार सर्व चंद्र प्रकाश राजपूत एवं मन्नू कठेरिया ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया।

## नाले के निर्माण हेतु की गई सड़क खुदाई पर जताई नाराज़गी: रमेश सिंह यादव



**सोनभद्र/ओबरा।** ओबरा नगर पंचायत अंतर्गत चोपन रोड पर चल रहे नाली निर्माण में हो रही देरी से नागरिकों में आक्रोश की स्थिति है। निर्माण से फैली अव्यवस्था को लेकर नगर पंचायत प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश सिंह यादव ने कहा कि गैस गोदाम रोड के आरंभ बिंदु पर स्व.सुदामा पाठक चौराहे के पास नाले के निर्माण हेतु की गई सड़क खुदाई से महीनों से नागरिकों को अत्यधिक असुविधा हो रही है। आवागमन बाधित होने से रोजमर्रा के कार्य, व्यापार, स्कूल-कॉलेज जाने वाले विद्यार्थी एवं आपातकालीन सेवाओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसी मार्ग से श्री राम मंदिर कालोनी,सुमन नगर,वन विभाग, स्टेट बैंक,ओबरा कोतवाली, ओबरा पीजी कालेज, मैरिज हाल सहित परियोजना कॉलोनी भी जाना होता है। इसी मार्ग से दर्जनों वैवाहिक कार्यक्रम के साथ महाशिवरात्रि यात्रा भी प्रस्तावित हैं। आठ से 10 महीने पुराने टेंडर का भी काम पूरा नहीं हो पा रहा है। निर्माण में देरी की जांच की मांग करते हुए कहा कि निर्माण कार्य की समय अवधि में संवेदना होनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### मॉनीटरिंग एवं मेंटोरिंग समिति की बैठक संपन्न



**हमीरपुर।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के आदेश के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देशानुसार मॉनीटरिंग एवं मेंटोरिंग समिति की बैठक अध्यक्ष अपर जिला जज, अनिल कुमार खरवार के विश्राम कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मॉनीटरिंग एवं मेंटोरिंग समिति के सदस्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गीतांजलि गर्ग व विद्वान अधिवक्ता मनीराम बुंदेला उपस्थित रहें। इसी क्रम में बैठक में लीगल एड डिफेंस काउन्सिल से चीफ, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल, आनंद कुमार सक्सेना, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउन्सिल, हरीनाम सिंह, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउन्सिल, फिरोज आलम व पैनल अधिवक्ता शिवबरन सेन उपस्थित रहें। बैठक में अध्यक्ष द्वारा अधिक से अधिक लोगों को विधिक सहायता देने हेतु निर्देशित किया गया तथा वादों के निःशुल्क पैरवी में आ रही कठिनाइयों पर चर्चा की गई।

### 11 जोड़ों ने वरमाला पहना, थामा एक दूजे का हाथ



**सरीला (हमीरपुर)** चंडौत गांव के ज्ञान संस्कृति विद्यालय में फेरन निषाद सेवा समिति के तत्वावधान में निषाद समाज विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें ग्यारह जोड़ो ने एक दूसरे को जयमाला डालकर जीवन साथी चुन लिया। जिसमें राधा देवी ने राजाबाबू, पूनम ने जगभान, पूजा ने सोनू, बंदना ने गयाप्रसाद, प्रीति ने मंगल, गीता ने नरसिंह, ममता ने प्रदीप,दीक्षा ने हिम्मतसिंह, अमरवती ने धीरेन्द्र, बंदना ने हरिश्चंद्र, संध्या ने रोहित को वरमाला पहना कर जीवनसाथी चुन लिया। विवाह सम्मेलन में सुबह से ही वर व वधू पक्ष के लोग पहुंचने लगे। अलग अलग मंडपों में हिंदू रीति रिवाज से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह की रश्में संपन्न कराई गई। वधू पक्ष के परिजन ने अपनी लाड़ली को भींगी पलकों के साथ विदा किया। विवाह के दौरान संस्था की ओर से वर वधुओं को उपहार में बक्शा,अलमारी, सोफ़ा, बेड, कुठला अन्य गृहस्थी का सामान भेंट किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक हरप्रसाद निषाद, मूलचंद्र निषाद सहित वर वधुओं के परिजन एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सफारी पार्क के कार्यालय परिसर में एक पाकड़ का पौधा रोपित किया



**इटावा।** इटावा सफारी पार्क में गुरुवार को सदस्य उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, डॉ ए0के0 वर्मा द्वारा सफारी पार्क का भ्रमण किया गया। सफारी पार्क भ्रमण के उपरांत सफारी पार्क के कार्यालय परिसर में एक पाकड़ का पौधा रोपित किया तथा पीपल के पेड़ पर रक्षा सूत्र बांधकर पेड़ पौधो को बचाने के लिए कृतज्ञता व्यक्त की गई। सफारी भ्रमण के दौरान प्राप्त अनुभवों को साझा किया गया। इटावा सफारी पार्क प्रबंधन द्वारा ग्रामीण पृष्ठ भूमि के परिषदीय स्कूलों के बच्चों को निःशुल्क सफारी पार्क का भ्रमण कराने की पहल की सराहना की गई। इस मौके पर पर सफारी पार्क के उपनिदेशक डॉ विनय कुमार सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी रुपेश श्रीवास्तव, बायोलॉजिस्ट बी एन सिंह व अन्य स्टाफ मौजूद रहे। उक्त जानकारी डा0विनय कुमार सिंह उप निदेशक ने दी।

### पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**मौदहा हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वाँछित /वारन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 20.02.2025 को थाना सिसोलर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत केस न0 43409/24 धारा 457/380/411 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त रज्जन पुत्र दुर्जन यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

## भाजपा में महिलाओं को मिलता है सम्मान: रूबी



**सोनभद्र।** दिल्ली की महिला मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बनाए जाने पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा गुरुवार को स्वर्ण जयंती चौक पर मिठाई बाट कर खुशी का इजहार किया गया।जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह ने दिल्ली की महिला मुख्यमंत्री बनाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार जताया। उन्होंने एक महिला को मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय लिया। यह निर्णय महिलाओं के लिए एक प्रेरणा है और यह दिखाता है कि भाजपा महिलाओं को महत्व देती है और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा महिलाओं के अधिकारों और हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह निर्णय भाजपा की महिला सशक्तिकरण की नीति का एक हिस्सा है और यह दिखाता है कि पार्टी महिलाओं को महत्व देती है और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है । ब्लॉक प्रमुख लीला देवी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के शपथ ग्रहण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय महिलाओं के लिए एक प्रेरणा है और यह दिखाता है कि भाजपा महिलाओं को महत्व देती है और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का स्वागत किया और कहा कि यह भाजपा की महिला सशक्तिकरण की नीति का एक हिस्सा है। इस मौके पर प्रमिला त्रिपाठी ,आशा विश्वकर्मा, रितु अग्रहरि, गायत्री सिंह मीनू चौबे, सरोज केसरी, तारा देवी, कविता यादव, रंजन पांडे, हेमलता जायसवाल, आरती चौबे आदि लोग मौजूद थे।

# रेखा को सीएम बनाकर भाजपा ने किया आधी आबादी का सम्मान

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** दिल्ली के विधानसभा चुनाव में पहली बार विधायक चुनी गई रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने देश की आधी आबादी का मान सम्मान को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। केंद्र की मोदी सरकार का यह कदम की महिलाओं के प्रति आदर सम्मान और दूरगामी सोच को प्रदर्शित करता है। यह बात भाजपा जिला मंत्री डॉ.ज्योति वर्मा ने प्रेस को जारी बयान में कही। सही मायने में भाजपा ही महिलाओं के मान-सम्मान और उनके हितों की बात करती है। भाजपा ने ही पहली बार सुषमा स्वराज के रूप में दिल्ली को पहली महिला मुख्यमंत्री दिया था। उसके बाद भाजपा ने ही बसपा प्रमुख सुश्री मायावती को समर्थन देकर पहली बार मुख्यमंत्री बनाने का कार्य किया था। अब एक बार फिर से भाजपा ने एक महिला के रूप में रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाया है। वह भाजपा की दूसरी महिला मुख्यमंत्री हैं। संयोग से दोनों ही दिल्ली कीं। डॉ.ज्योति वर्मा ने कहा कि ऐसा करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण को मजबूत करने की ओर कदम बढ़ाया है। इससे लगता है कि भाजपा खासकर प्रधानमंत्री के दिल में महिलाओं के प्रति कितना आदर और सम्मान है।

# निर्माणाधीन बाबा केदारेश्वर मंदिर का प्रो. रामगोपाल यादव ने किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** इटावा सफारी पार्क के समीप समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा निर्माणाधीन बाबा केदारेश्वर मंदिर का गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो रामगोपाल यादव अचानक निरीक्षण करने जा पहुंचे। श्री प्रो यादव ने मंदिर परिसर के चारों ओर घूमकर निर्माणाधीन परिसर के निर्माण कार्य का जायजा लेने के साथ-साथ इंजीनियर से पूरे परिसर के नक्शे का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने महाशिवरात्रि से पूर्व केदारेश्वर मंदिर की व्यवस्थाएं चुस्त- दुरुस्त करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष शिवरात्रि के मौके पर बड़ी संख्या में कावंरियों ने इस मंदिर में बाबा केदारेश्वर के दर्शन कर जलाभिषेक भी किया था। इस वर्ष भी कांवरियों एवं आस-पास के भक्त बड़ी संख्या में आ सकते है। भक्तों को बाबा के पूजन अर्चन में कोई कमी एवं परेशानी नहीं होनी चाहिए। शीघ्र ही बाबा केदारेश्वर में एक बड़े रुद्राभिषके का भी भक्तों के कल्याण हेतु आयोजन की भी योजना है।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष/प्रदेश सचिव गोपाल यादव , जिला महामंत्री वीरू भदौरिया, सपा नेता एवं पूर्व सभासद आशीष पटेल, सपा नेता अमित कठेरिया, सभासद सचिन एवं निर्माणाधीन मंदिर के आर्किटेक्ट, पुजारी, व्यवस्थापन का कार्य देखने वाले विशेष रूप से मौजूद रहे।

# सदर विधायक की पहल ने किया काम

- नए बजट को सोनभद्र को एक्सप्रेस वे के साथ कनहर सिंचाई परियोजना के पूर्ण होने की मिलेगी सौगात



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** नए बजट में सदर विधायक की पहल पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को बजट में विशेष रूप से शामिल करते हुए धन आवंटन कर दिया है इसे लेकर सोनभद्र के लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। गुरुवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा के सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथव वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट पेश करते हुए सोनभद्र के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम किया है इसे लेकर सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भूपेश चौबे समेत क्षेत्र के तमाम लोगों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया है जनपद में इस बजट में जहां कई नई सड़कों का निर्माण होगा वहीं महत्वपूर्ण यह है कि गंगा एक्सप्रेसवे का विस्तार करते हुए चंदौली के साथ ही उसे मिर्जापुर होते हुए सोनभद्र से जोड़ा जाएगा ऐसी स्थिति में सोनभद्र सीधे गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़ जाएगा और यहां के लिए यह व्यावसायिक दृष्टि के साथ ही कई रूप से जनपद के लिए लाभकारी होगा इसके अलावा लंबे समय से अपूर्ण चल रही कनहर परियोजना के लिए भी धन का आवंटन नए वित्तीय वर्ष में किया गया है इस बजट को सदर विधायक भूपेश चौबे ने जनहितकारी कल्याणकारी लोकोपायेगी वह सर्व समाज के लिए एक बेहतरीन बजट बताया है उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा पेश किया गया बजट पूरी तौर पर कल्याणकारी है उन्होंने कहा कि नए बजट में तमाम ऐसी योजनाओं को मुख्यमंत्री ने शामिल किया है जो भविष्य में संपूर्ण जनपद के लिए वरदान सा हैबित होगी इस बजट को नाकामलेकर आम नागरिकों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है तमाम नागरिकों का कहना है कि लंबे समय बादइस तरह का बजट मुख्यमंत्री द्वारा पेश किया गया है।

# वाटरशेड यात्रा अभियान को डीएम ने दिखाई हरी झण्डी

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** वाटरशेड विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का ब्यापक प्रचार-प्रसार (वालराइटिंग, आडियो विडियो, नुक्कड़ नाटक आदि) के माध्यम से परियोजनाओं के परिणामपरक कार्यों के वाटरशेड विकास यात्रा प्रचार वाहन को जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर वाटरशेड विकास यात्रा को गन्तब्य स्थल के लिए रवाना किया गया। प्रचार वाहन विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का ब्यापक प्रचार-प्रसार (वालराइटिंग, आडियो विडियो, नुक्कड़ नाटक आदि) के माध्यम से परियोजनाओं के परिणामपरक कार्यों, उसके परिणामों तथा लाभों के बारे में अधिक से अधिक ग्रामीणों तक पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी सोनभद्र, डा0 हरिकृष्ण मिश्रा, भूमि संरक्षण अधिकारी चोपन, के0के0 सिंह एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, रावर्ट्सगंज, अमित कुमार चौबे, तथा समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहें। इस प्रचार वाहन के माध्यम से स्थानीय स्तर पर वाटरशेड विकास के विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का ब्यापक प्रचार-प्रसार (वालराइटिंग, आडियो विडियो, नुक्कड़ नाटक आदि) के माध्यम से परियोजनाओं के परिणामपरक कार्यों, उसके परिणामों तथा लाभों के बारे में अधिक से अधिक ग्रामीणों तक पहुँचाने एवं जल की मात्रा को लेकर वाटरशेड यात्रा अभियानके अन्तर्गत भारत सरकार की वाटरशेड यात्रा प्रचार वाहन जनपद में पहुँची। विकास खण्ड-घोरावल के ग्राम तेन्दुआ एवं पेढ़ में भूमि संरक्षण अधिकारी, रावर्ट्सगंज-सोनभद्र (कृषि विभाग) द्वारा वाटरशेड विकास से सम्बन्धित कार्य सम्पन्न किये गये। प्रचार वाहन भारत सरकार द्वारा भेजा गया है, जो योजना के जनपदों में पहुँचकर क्षेत्र में प्रचार-प्रसार कर रहा है। इस प्रचार वाहन द्वारा योजना के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए गॉव तेन्दुआ पहुँची जहाँ पर वाटरशेड विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 के अन्तर्गत किसानों को योजना से होने वाले विकास कार्यों एवं लाभों के बारे में जानकारी दी गयी तथा किसानों एवं छात्रों द्वारा वृक्ष लगाकर वृक्षारोण का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया तथा उसे जीवित रखने का भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा संकल्प दिलाया गया एवं रैली निकालकर योजना के बारे में ग्रामीणों को ब्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से जागरूक किया गया। माइक्रो वाटरशेड-पेढ़ में वाटरशेड विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई-2.0 के अन्तर्गत चेकडैम निर्माण हेतु ब्लाक प्रमुख घोरावल, श्री दीपक सिंह पटेल द्वारा भूमि पूजन का कार्य सम्पन्न कराया गया, जिससे ग्रामीणों में उल्लास का लहर था।



उत्तर प्रदेश सरकार

दिव्य-भव्य-डिजिटल एकता का महाकुम्भ

# संगम में पुण्य सुविधाओं का महाकुम्भ

## स्वस्थ महाकुम्भ

• सरकारी/प्राइवेट अस्पतालों में 6,000 बेड तैयार • मेला क्षेत्र में 43 अस्पताल, 381 चिकित्सक तैनात • 125 रोड, 7 रिवर एवं एक एयर एम्बुलेंस तैनात • प्रमुख मार्गों पर स्थित सीएचसी/पीएचसी का अपग्रेडेशन

## स्वच्छ महाकुम्भ

• 850 समूहों में 10,200 स्वच्छताकर्मियों की तैनाती • स्वच्छता निगरानी के लिए 1,800 गंगादूतों की तैनाती • 25,000 लाइनर बैगयुक्त डस्टबिन, 300 सक्शन गाड़ियां • जीपीएस से लैस 120 टिपर-हापर और 40 कॉम्पेक्टर ट्रक

## सुरक्षित महाकुम्भ

• 37,000 पुलिसकर्मी एवं 14,000 होमगार्ड की तैनाती • 2,750 एआई बेस्ड सीसीटीवी एवं 80 वीएमडी टीवी स्क्रीन • 3 जल पुलिस स्टेशन, 18 जल पुलिस कंट्रोल रूम • 50 फायर स्टेशन, 20 फायर पोस्ट, 50 वॉच टावर, 4,300 फायर हाइड्रेंट

• 4,000 हेक्टेयर में विस्तृत • 25 सेक्टर में सुव्यवस्थित • 1,850 हेक्टेयर में पार्किंग • 1,50,000 शौचालय • 1,60,000 सुसज्जित टेंट • 67,000 एलईडी स्ट्रीट लाइट • 2 नए विद्युत सब स्टेशन • 66 नए विद्युत ट्रांसफॉर्मर • 2,000 सोलर हाइब्रिड स्ट्रीट लाइट • 1,249 किमी पेयजल पाइपलाइन • 200 वाटर एटीएम • 85 नलकूपों की स्थापना • 7,000 बस का बेड़ा • 550 शटल बस का बेड़ा • 7 नए बस स्टॉप • 30 पाण्टून ब्रिज (400 किमी में) • 9 पक्के घाटों की स्थापना • 7 रिवर फ्रंट रोड • 12 किमी में अस्थायी घाट • 14 नए फ्लाईओवर एवं अंडरपास • 11 नए कॉरिडोर का विकास • 3,000 स्पेशल सहित 13,000 रेल गाड़ियां • प्रयागराज एयरपोर्ट पर नया टर्मिनल

## सनातन गर्व, महाकुम्भ पर्व

• श्रद्धालुओं-पर्यटकों की मदद के लिए ट्रैवल गाइड • मार्गदर्शन के लिए कुम्भ सहायक AI चैटबॉट • मानसिक शांति के लिए बर्ड साउंड थेरेपी • देशभर के हस्तशिल्पियों/कारीगरों का संगम • संगम में श्रद्धालुओं को बोट राइड की सुविधा • वेदों-पुराणों की कथा का बखान करते चौराहे • सांस्कृतिक मंचों पर गायन/वादन/नृत्य प्रस्तुतियां • प्रत्येक दिशा में वाहन पार्किंग की उत्तम व्यवस्था • प्रत्येक पॉइंट पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती • हाईवे के थानों पर भी चिकित्सा सुविधा

आकस्मिक सेवाएं | मेला प्रशासन | आवास एवं आहार | यूपी की उपलब्धियां

कुम्भ सहायक चैटबॉट हेतु QR कोड स्कैन करें

कुम्भ सहायक वाट्सऐप नं. 8887847135 पर 'नमस्ते' भेजें



## महाकुम्भ हेल्पलाइन

| | |
|---|---|
| 1920 | महाकुम्भ मेला हेल्पलाइन |
| 112 | इमरजेंसी सर्विस |
| 1010 | खाद्य एवं रसद हेल्पलाइन |
| 102,108 | एम्बुलेंस सेवा |
| 18004199139 | रेलवे हेल्पलाइन |

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश | UPGovtOfficial | CMOUttarpradesh | CMOfficeUP | mahakumbh_25/ | upmahakumbh | MahaKumbh_2025 | https://kumbh.gov.in/